फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 14 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 26, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन जाएंगे दो हजार भारतीय डॉक्टर 16

मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे में उर्फी जावेद 15

# 2019 से कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र
- खरीद तिथि, खरीदार के नाम और मूल्य का दिया है विवरण

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी के बीच राजनीतिक दलों ने कुल 22,217 चुनावी बॉण्ड खरीदे, जिनमें से 22,030 बॉण्ड को भुनाया गया। शीर्ष अदालत में दायर एक अनुपालन हलफनामे में, एसबीआई ने कहा कि अदालत के निर्देश के अनुसार, उसने 12 मार्च को व्यावसायिक कामकाज बंद होने से पहले भारत निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण उपलब्ध करा दिया है। हलफनामें में कहा गया है कि प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीददार के नाम और खरीदे गए बॉण्ड के मूल्यवर्ग सहित सभी विवरण प्रस्तुत किए गए हैं।

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया है कि बैंक ने चुनाव आयोग को चुनावी बॉण्ड को भुनाने की तारीख, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के नाम और बॉण्ड के मूल्यवर्ग जैसे विवरण भी दिए हैं। इसमें कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 की अवधि के दौरान कुल 22,217 बॉण्ड खरीदे गए। हलफनामे में कहा गया है कि एक अप्रैल 2019 से 11 अप्रैल 2019 के बीच कुल 3,346 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 1,609 भुनाए गए। इसमें आगे कहा गया है कि 12 अप्रैल, 2019 से इस साल 15 फरवरी तक कुल 18,871 चुनावी बॉण्ड खरीदे गए और 20,421 भुनाए गए। निर्वाचन आयोग अपनी वेबसाइट पर 15 मार्च को जानकारी साझा करेगा।

### न भुनाए गए बॉण्ड पीएम राष्ट्रीय राहत कोष को भेजे

बैंक की ओर से निर्वाचन आयोग को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान 15 दिनों की वैधता अवधि के भीतर राजनीतिक दलों द्वारा जिन चुनावी बॉण्ड को भुनाया नहीं गया था, उन्हें दो जनवरी 2018 के राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 के अनुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस महीने की 11 तारीख को मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण मुहैया कराने का आदेश दिया था।

# बनभूलपुरा हिंसा प्रशासन की चूक का नतीजाः वृंदा

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की पोलित ब्यूरो की सदस्य व पूर्व राज्यसभा सांसद वृंदा करात ने बनभूलपुरा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने बवाल के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों से बात की। साथ ही घटना का जिम्मेदार प्रशासन को माना है।

बवाल के दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र में पांच लोगों की मौत हो गई थी। वृंदा करात ने उनके परिजनों से बात की। साथ ही पुलिस से भी घटना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पूरी घटना की जानकारी लेने के बाद पता चला है कि बनभूलपुरा हिंसा प्रशासन की चूक का नतीजा है। कहा कि मलिक का बगीचा में नमाज स्थल और मदरसा को लेकर नगर निगम और अन्य लोगों का विवाद न्यायालय में विचाराधीन था, जिसमें 14 फरवरी को मामले में सुनवाई थी। लेकिन, बिना कोई नोटिस दिए ही प्रशासन बुलडोजर लेकर नमाज स्थल और मदरसा को ढहाने के लिए पहुंच गया। जबकि प्रशासन स्वयं उक्त निर्माण को सील कर चुका था और उसके बाद यहां विरोध शुरू हो गया। कहा कि उस बवाल जिन लोगों ने आगजनी की, पुलिस और प्रशासन या अन्य किसी के साथ हिंसा की उन पर कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन हमें लगता है कि इस समय एकतरफा कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे वीडियो दिखाए गए हैं जिनमें बनभूलपुरा क्षेत्र में दूसरे समुदाय के लोगों ने आपत्तिजनक नारेबाजी की और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को चिन्हित करके उनके घरों को जलाया और मारपीट की है। इतना बड़ा सबूत होने के बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। पुलिस ने आगजनी के शिकार हो चुके घरों की महिलाओं को भी बचाया है लेकिन पुलिस आगजनी करने वाले आरोपियों को भी बचा रही है, जो सरासर गलत है। कहा कि जिन महिलाओं को गिरफ्तार किया है, उनमें से एक 65 साल की है। हमें लगता है कि पुलिस ने कुछ बेकसूरों को भी गिरफ्तार किया है। हमारा कहना है कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले में वह उत्तराखंड के राज्यपाल से भी मुलाकात करेंगी। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय कमेटी सदस्य बीजू कृष्णन, कैलाश पांडे, महेंद्र जखमोला आदि मौजूद रहे।

- वृंदा करात ने बनभूलपुरा क्षेत्र का किया दौरा कहा, सबूत होने के बाद भी कुछ आरोपियों को बचाया जा रहा



मारे गए लोगों के परिजनों से बातचीत करतीं पूर्व राज्यसभा सांसद वृंदा करात। ● अमृत विचार

# यूसीसी को राष्ट्रपति से मिली स्वीकृति

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने उत्तराखंड शासन को भेजी सूचना, जल्द लागू होगी समान नागरिक संहिता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक-2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। राष्ट्रपति भवन की ओर से उसकी सूचना उत्तराखंड शासन को दे दी गई है। राज्य सरकार की ओर से इसकी अधिसूचना भी जारी की गई है। यूसीसी की नियमावली बनते ही इसका नोटिफिकेशन लागू किया जाएगा और उत्तराखंड समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधेयक को मंजूरी देने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया है। साथ ही कहा कि जल्द ही इस कानून को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 6 फरवरी को समान नागरिक संहिता विधेयक विशेष सत्र में विधानसभा के सदन में पेश किया था। इसके बाद विधानसभा में विधेयक पारित हो गया था। यह विधेयक संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत था इसलिए इस विधेयक को कानून बनाने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी लेना अनिवार्य था। सरकार ने यह विधेयक राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह को भेजा था। फिर राज्यपाल की ओर से संविधान के प्रावधानों के मद्देनजर यह विधेयक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंजूरी के लिए भेजा था। इधर, बुधवार को राष्ट्रपति ने उत्तराखंड सरकार के इस विधेयक को कानून के रूप में लागू करने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। राजभवन की ओर से इसकी अधिसूचना जारी की गई है। जल्द ही इसकी नियमावली बनाई जाएगी, फिर उसका नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा और यह कानून प्रदेश में लागू हो जाएगा।




### नियमावली बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन

समान नागरिक संहिता कानून की नियमावली बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में पूर्व आईएएस शत्रुघन सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा, उत्तराखंड के स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा व सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गौड़ शामिल हैं। यह कमेटी जल्द ही यूसीसी लागू करने के लिए नियम बनाने का काम करेगी।



हम सभी प्रदेशवासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का क्षण है कि हमारी सरकार की ओर से पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंजूरी प्रदान की है। निश्चित तौर पर प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू होने से सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने के साथ ही महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर भी लगाम लगेगी। यह विधेयक प्रदेश में सामाजिक समानता की सार्थकता को सिद्ध करते हुए समरसता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप सरकार नागरिकों के हितों के संरक्षण और उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए संकल्पित है।

– पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड

### यूसीसी लागू करने में कब क्या-क्या हुआ

- **27** मई 2022 को सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में यूसीसी के लिए ड्राफ्ट कमेटी का गठन
- **2** फरवरी 2024 को ड्राफ्ट कमेटी ने 740 पेज की रिपोर्ट शासन को सौंपी
- **6** फरवरी 2024 को विधानसभा में मुख्यमंत्री धामी ने सदन में पेश किया विधेयक
- **4** फरवरी को उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट ने दी मंजूरी
- **7** फरवरी को सर्वसम्मति से पारित हुआ विधेयक
- **28** फरवरी को राज्यपाल की ओर से राष्ट्रपति भवन भेजा
- **12** मार्च को राष्ट्रपति ने विधेयक दी मंजूरी

### 29 लाख लोगों ने किए व्हाटस एप मैसेज

समान नागरिक संहिता के लिए सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन हुआ। इस कमेटी ने राज्य के अलग-अलग जिलों व क्षेत्रों में विभिन्न समुदाय एवं वर्गों के साथ 43 जन संवाद कार्यक्रम, 72 बैठकें कीं। यूसीसी को 2.32 लाख लोगों ने सुझाव दिए और 29 लाख लोगों ने व्हाटस एप पर संदेश भेजे। तब मंथन के बाद 740 पेज की रिपोर्ट सौंपी थी।

### मुआयने के दौरान डीआईजी के सामने हादसा, बड़ी घटना होने से टली

# आंसू गैस का सेल फटने से एसएसपी व आरआई घायल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** बुधवार की सुबह पुलिस लाइन परिसर में डीआईजी के वार्षिक मुआयने के दौरान डेमो दिखाते वक्त आंसू गैस गन का सेल चैम्बर में ही फट गया। उसकी चपेट में आकर एसएसपी और नजदीक खड़े प्रतिसार निरीक्षक घायल हो गए। आनन-फानन में कप्तान व आरआई को निजी अस्पताल ले जाया गया।

बताते चलें कि बुधवार की सुबह 9 बजे डीआईजी योगेंद्र रावत वार्षिक मुआयना करने एसएसपी मंजूनाथ टीसी के साथ पुलिस लाइन पहुंचे। जहां कार्यालयों का निरीक्षण करने के बाद डीआईजी अधीनस्थों के साथ परेड ग्राउंड पहुंचे। वहां दंगे से निपटने के लिए आंसू गैस का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है, इसका डेमो दिखाने की कोशिश करते वक्त एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने टियर गैस गन को हाथ में थाम लिया और प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा ने गन की नाल पकड़ ली।





उपचार करवाते एसएसपी मंजूनाथ टीसी और हाथ में पट्टी बंधने के बाद अस्पताल में बैठे प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा। ● अमृत विचार

डीआईजी के मुआयने के दौरान जवानों को टियर गैस छोड़ने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जब टियर गैस गन के चैम्बर में टियर गैस सेल लोड किया और फायर किया तो सेल बैरल में ही फट गया और गन द्वारा पीछे धक्का मारने से छोटा सा हादसा हो गया। आरआई और उनकी हालत ठीक है और मेडिकल रिपोर्ट भी सामान्य है। यह एक छोटा सा हादसा है।

–मंजूनाथ टीसी, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

गन के चैम्बर में आंसू गैस का सेल डालकर फायर किया तो अचानक सेल चैम्बर में ही टियर गैस सेल फट गया और जोरदार धमाके के साथ टियर गन ने जोरदार धक्का मार दिया। जिसकी चपेट में आकर एसएसपी और आरआई का हाथ जख्मी हो गया। इसी के साथ पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कप्तान और प्रतिसार निरीक्षक को किच्छा हाईवे स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एसएसपी और आरआई को छुट्टी दे दी। गनीमत यह रही कि सेल फटने के दौरान गन की लोहे की नाल फटी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।




### निर्वाचन आयुक्त नियुक्ति विवाद पर सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए बनी समिति में प्रधान न्यायाधीश को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती देने वाली एक गैर-सरकारी संगठन की याचिका पर 15 मार्च को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। शीर्ष अदालत ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आयोग को राजनीति और कार्यपालिका के हस्तक्षेप से दूर रखने के आधार पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

# स्मॉलकैप इंडेक्स में गिरावट डूबे 13.47 लाख करोड़

मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक का गोता लगाते हुए 73,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया। छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांकों में तीव्र गिरावट के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

निवेशकों के 13.47 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 13,47,822.84 करोड़ रुपये घटकर 3,72,16,602.67 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में प्रमुख सूचकांकों सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। लेकिन दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव से सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 906.07 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,761.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,152.25 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 338 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,997.70 अंक पर बंद हुआ।

# मोटर साइकिलों की भिड़ंत में दो लोगों ने गंवाई जान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** थाना आईटीआई क्षेत्र के लोहिया पुल के समीप देर रात हुई दो मोटर साइकिलों की जबरदस्त भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई। मंगलवार देर रात ग्राम उधमावाला, थाना भगतपुर (मुरादाबाद) निवासी 19 वर्षीय सचिन कुमार सैनी पुत्र महेंद्र कुमार सैनी मेहनत मोटर साइकिल से अपने काम से घर लौट रहा था।

इस बीच आईटीआई थाना क्षेत्र में लोहिया पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मोटर साइकिल से उसकी जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों मोटर साइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दूसरे मोटर साइकिल चालक की पहचान दढ़ियाल टांडा (रामपुर) निवासी 55 वर्षीय टीकाराम पुत्र कल्लू सिंह के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि टीकाराम यहां आईटीआई क्षेत्र के खड़कपुर देवीपुरा में एक मकान बनवा रहे थे। उधर, मृतक सचिन मेहनत मजदूरी कर पढ़ाई करता था और पुलिस भर्ती की तैयारी भी कर रहा था। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।





मृतक सचिन और टीकाराम (फाइल फोटो)।

# पिथौरागढ़ की जेल में महिला ने आत्मदाह का किया प्रयास

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पति की हत्या के आरोप में पिथौरागढ़ की जेल में बंद एक महिला ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। जिसके बाद से जेल अधिकारियों में अफरा-तफरी मची है। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

डीडीहाट थाना क्षेत्र के नाचनी कस्बे के धामीगांव निवासी नीमा देवी (33) पिछले दो साल से अपने पति स्व. कुंदन सिंह की हत्या के आरोप में कोतवाली पिथौरागढ़ के पास स्थित जिला जेल में बंद है। मुकदमा अभी न्यायालय में विचाराधीन है। बुधवार को नीमा देवी ने जेल के अंदर ही खुद को आग लगा ली। इसकी सूचना मिलते ही जेल प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन में नीमा देवी को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों के मुताबिक महिला करीब 60 प्रतिशत तक झुलस गई है। चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। इधर, इस घटना के बाद जहां जेल प्रशासन में हड़कंप मचा है। सुरक्षा व्यवस्था के बीच घिरी जेल में बंद महिला ने आत्महत्या करने के लिए माचिस अथवा अन्य सामग्री कैसे जुटा ली। यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राथमिक जांच के अनुसार जेल में बंद महिला ने अपने कंबल पर आग लगाकर खुद ही अपने आप को आग के हवाले कर दिया। महिला ने इस घटना को कैसे अंजाम दिया, इसकी जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

–परवेज अली, पुलिस क्षेत्राधिकारी, पिथौरागढ़

# लोकसभा चुनाव : भाजपा की दूसरी सूची में गडकरी, बलूनी और त्रिवेंद्र समेत 72 प्रत्याशी

नई दिल्ली ब्यूरो

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत और पूर्व राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी गढ़वाल सहित कई प्रमुख नेताओं के नाम शामिल हैं।

गडकरी एक बार फिर नागपुर से चुनाव लड़ेंगे जबकि गोयल मुंबई (उत्तर) से पहली बार लोकसभा चुनाव मैदान में उतरेंगे। खट्टर को हरियाणा के करनाल से और बोम्मई को हावेरी से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर एक बार फिर हमीरपुर से, प्रह्लाद जोशी कर्नाटक के धारवाड़ से, भगवंत खूबा महाराष्ट्र के बीदर और भारती प्रवीण पवार डिंडोरी से मैदान में होंगे। भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ को बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। वहीं, उत्तराखंड में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत हरिद्वार से और पूर्व राज्यसभा सदस्य और पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी गढ़वाल (पौड़ी) से चुनाव लड़ेंगे। त्रिवेन्द्र और बलूनी को दो पूर्व मुख्यमंत्रियों-रमेश पोखरियाल निशंक और तीरथ सिंह रावत की जगह उतारा गया है।


अनुराग ठाकुर


नितिन गडकरी


अनिल बलूनी


त्रिवेंद्र सिंह रावत

- अनुराग ठाकुर हमीरपुर से तो त्रिवेन्द्र सिंह रावत हरिद्वार से लड़ेंगे

# कांग्रेस देगी गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये

धुले (महाराष्ट्र), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो पांच नारी न्याय गारंटी दी जाएगी जिनमें गरीब महिलाओं के बैंक खातों में एक लाख रुपये वार्षिक जमा किए जाने के साथ ही सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत महाराष्ट्र के धुले जिले में एक महिला रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने ''पांच नारी न्याय गारंटी'' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं के बैंक खातों में वार्षिक एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे और सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

राहुल गांधी ने यह भी वादा किया कि मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा), आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए बजट में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी दोगुनी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उनके मामले लड़ने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। गांधी ने पांच गारंटियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश के हर जिले में महिलाओं के लिए सावित्रीबाई फुले छात्रावास स्थापित किए जाएंगे।



- सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण भी देंगे : राहुल गांधी
- पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने की पांच नारी न्याय गारंटी देने की घोषणा

### आधी आबादी को देंगे उसका पूरा हक : खरगे



गांधी के भाषण से पहले पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो बयान में कहा था कि महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं के बैंक खातों में सालाना एक लाख रुपये जमा कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी पूरा हक, जिसका मतलब है सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और मध्याह्न भोजन योजनाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए केंद्र सरकार का बजटीय हिस्सा दोगुना किया जाएगा।

### आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को हटाएंगे : रमेश



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो वह आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को हटाने के लिए संविधान में संशोधन करेगी। पिछली कांग्रेस सरकारों द्वारा शुरू की गई अनुसूचित जाति योजना और अनुसूचित जनजाति उप-योजना को नरेंद्र मोदी सरकार ने खत्म कर दिया था। उनकी पार्टी की सरकार सत्ता में आने पर विभिन्न जातियों और समुदायों की आबादी के अनुसार बजटीय हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए एक कानून लाएगी।


MASTER EGG DAILY PROTEIN PARTNER
MASTER EGG™
DAILY PROTEIN PARTNER
रोज खायें फार्म के ताजे अंडे
स्वाद
सेहत
संतुष्टि
ISO 9001:2015
QUALITY MANAGEMENT SYSTEM
ISO 22000:2018
FOOD SAFETY MANAGEMENT SYSTEM
ISO 14001:2015
ENVIRONMENTAL MANAGEMENT SYSTEM
HACCP CERTIFIED
HACCP CERTIFIED COMPANY
fssai
License Number : 12724009000037
डिस्ट्रीब्यूटर चाहिए
हल्द्वानी, रूद्रपुर, नैनीताल
काशीपुर, अल्मोड़ा, चम्पावत
भवाली व रानीखेत के लिए
एडवोकेट सी.बी.सिंह
हिमांशु गंगवार
Produced & Packed By :
VRINDA POULTRY FARM
Vill. Tulsipur, Rithaura Abhaypur Road, Bareilly (U.P.)
REGD. OFFICE: D/103, Krishna County Apartments, Mini Bypass Karamchari Nagar, Bareilly (U.P.)
Call For Distributorship : 7060013234
www.Masteregg.in




# आंसुओं से छलका दर्द, हिंसा और अपनों को खोने की दास्तां सुनाई

## वृंदा करात, बीजू कृष्णन ने बनभूलपुरा पहुंचकर जाना हिंसा प्रभावित लोगों का हाल, मलिक का बगीचा और आगजनी में जले घरों को भी देखा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** भाकपा (मार्क्सवादी) की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात और केंद्रीय कमेटी सदस्य बीजू कृष्णन समेत अन्य लोगों ने बनभूलपुरा बवाल के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों से बातचीत की। मृतकों के परिजनों ने अपनी बात उनके सामने रखी।

गफूर बस्ती स्थित सिम्मी ने बताया कि आठ फरवरी की शाम उनके पति मो. इसरार (50) बवाल के दौरान घर में नाती के लिए गाय का दूध लेने जा रहे थे। उसी दौरान उनको गोली मार दी गई। यही नहीं सिम्मी के दामाद की भी मौत गोलाबारी में हो गई। एक ही साथ परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया। बताया कि घर में अब कमाने वाला भी कोई नहीं है। लॉकडाउन के दौरान बच्चों की पढ़ाई छुड़ा दी थी। दामाद कबाड़ी की फेरी लगाता था और सिमी के पति रेता-बजरी बेचने का काम करते थे। सिम्मी अपना गम बताते हुए रो पड़ी तो वृंदा करात ने उसे ढांढस बंधाया।

मलिक का बगीचा के पास एक मृतक के घर में केवल एक महिला मौजूद थी, जिसने मिलने से मना कर दिया। अन्य मृतकों के घरों पर भी वृंदा करात और अन्य लोग पहुंचे। साथ ही उन्होंने उन घरों का भी दौरा किया जहां आगजनी हुई थी। इधर मलिक का बगीचा में उन्होंने ढहाए गए स्थल का भी दौरा किया। इस दौरान पुलिस की हिरासत में लिए गए परिवार की भी कुछ महिलाओं ने उनके सामने अपनी बात रखी और कहा कि उनके घर के पुरुषों को बेवजह फंसाया गया है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तारियां और मुकदमे वीडियो साक्ष्य के आधार पर ही की गईं हैं।


पूर्व सांसद वृंदा करात को घटना के बारे में बताते परिजन । ● अमृत विचार


बनभूलपुरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालते अर्ध सैन्य बल के जवान । ● अमृत विचार

### अर्द्धसैनिक बल और पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा क्षेत्र में अर्द्धसैनिक बल और पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। बनभूलपुरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च के दौरान पूरी तरह से शांति व्यवस्था रही। लाइन नंबर 17 से गुजरते हुए अन्य कई इलाकों में फ्लैग मार्च गुजरा।

### बनभूलपुरा थानाध्यक्ष की सराहना की

वृंदा करात ने बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी की सराहना की। कहा कि उन्हें खुद अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं ने बताया है कि पुलिस ने घरों में आगजनी के दौरान उन्हें बचाया है। साथ ही नीरज भाकुनी ने उन्हें बताया कि नमाज स्थल और मदरसा ढहाए जाने से पहले ही सभी धार्मिक पुस्तकों को हटा दिया गया था। पुस्तकें जहां रखी हुई हैं उस घर के स्वामी का वीडियो भी दिखाया।

### जलने के बाद संवरने लगा बनभूलपुरा थाना

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाने को आठ फरवरी के दौरान उपद्रवियों ने फूंक दिया था। अब थाने को फिर से बनाए जाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद थाना अब नए रंग रूप में दिख रहा है। हिंसा के दौरान बनभूलपुरा थाने को काफी क्षति पहुंची थी। पूरे देश में बनभूलपुरा थाने की जलती हुई वीडियो वायरल हो रही थी। पुलिस ने मलिक का बगीचा में फिलहाल देखरेख चौकी को बना दिया है। जिसे बाद में थाने में बदला जाएगा। इसके साथ ही बनभूलपुरा में मौजूदा थाने का पुनर्निर्माण करना शुरू कर दिया है। यह थाना काफी पुराना था। जिसे अब नया रूप दिया जा रहा है। थाने में फाइबर का इस्तेमाल किया जा रहा है। जल्द ही रंग रोगन भी करवा दिया जाएगा। थाना प्रभारी नीरज भाकुनी का कहना है कि सब काम समय पर पूरे कराए जाएंगे।


बनभूलपुरा थाना जलने के बाद अब दोबारा बनकर तैयार हुआ । ● अमृत विचार

### महिला पुलिस कर्मियों से नहीं मिल पाईं

वृंदा करात ने बवाल के दौरान घायल हुए पत्रकारों से भी बात की। पत्रकारों ने उन्हें अपनी आपबीती बताई। साथ ही उन्होंने हिंसा के दौरान घायल महिला पुलिसकर्मियों से भी मिलने के लिए कहा लेकिन पुलिस ने बताया कि इतनी जल्दी सभी महिला पुलिसकर्मियों को एक जगह बुलाना संभव नहीं है क्योंकि आठ फरवरी को विभिन्न थानों की पुलिस यहां ड्यूटी पर थी। वृंदा करात ने स्पष्ट कहा है कि यह सच है कि हिंसा में कई पक्ष के लोग शिकार हुए हैं। साथ ही जहां तक मैंने महसूस किया है शहर में सांप्रदायिक माहौल नहीं है।

### एक नजर

#### सोशल मीडिया में तमंचे पे डिस्को ने पहुंचाया जेल

**हल्द्वानी :** एक युवक ने तमंचे के साथ अपनी फोटो फेसबुक स्टेट्स में शेयर की अब पुलिस ने उसे पकड़ कर जेल भेज दिया है। इन्द्रानगर, रहमान मेडिकल वाली गली, वार्ड नं-31 निवासी शाकिर (20) ने विगत दिनों सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वह तमंचे के साथ मौजूद है। पुलिस की नजर में जैसे ही यह पोस्ट आई, तुरंत ही आरोपी को तलाशना कर दिया। अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

#### पुलिस के हत्थे चढ़े दो शराब तस्कर

**हल्दूचौड़ :** चौकी पुलिस ने दो शराब तस्करों को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी गौरव जोशी ने बताया कि टीम ने बेरीपड़ाव से 2 आरोपियों खड़कपुर निवासी त्रिभुवन आर्य को 126 पाउच और हिम्मतपुर चौमवाल निवासी सूरज राणा को 52 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। मादक पदार्थों और शराब की तस्करी रोकने के लिए लगातार अभियान चलाकर तस्करों की धरपकड़ की जा रही है।

# दीपक ने सांसद टिकट के लिए की दावेदारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र भेजकर नैनीताल लोकसभा सीट से टिकट मांगा है। जिसमें उन्होंने इस सीट से पूर्व सांसद एनडी तिवारी का वास्ता देते हुए कहा कि उनके परिवार के किसी व्यक्ति को टिकट दिया जाना सही रहेगा।

पत्र में बल्यूटिया ने कहा कि एनडी तिवारी ने उत्तराखंड के विकास के लिए बहुत कुछ किया है। आज भी ऐसे कई विकास कार्य मौजूद हैं, जो एनडी तिवारी ने करवाए थे। साथ ही नैनीताल



लोकसभा सीट उनकी परंपरागत सीट है। वह इस सीट से कई बार सांसद रह चुके हैं।

अगर पार्टी उनके परिवार के किसी व्यक्ति को टिकट देती है तो यह कांग्रेस को लाभ पहुंचाने वाला रहेगा। बल्यूटिया ने कहा कि वह उनके परिवार के पारिवारिक सदस्य हैं, रिश्ते में उनके भतीजे लगते हैं।

## नहर में मिला सात माह का कन्या भ्रूण

**हल्द्वानी :** नैनीताल रोड स्थित आवास विकास के समीप सिंचाई नहर में सात माह का भ्रूण मिला है। यह भ्रूण कन्या का बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, काठगोदाम से सिंचाई नहर एक होटल से आगे से निकलती है। यह नहर अंडरग्राउंड है लेकिन इस होटल के समीप पानी का रूख मोड़ने के लिए तास बनाया है। बुधवार को दोपहर में कुछ लोगों ने नहर में एक भ्रूण देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने भ्रूण को कब्जे में लिया। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि भ्रूण सात माह की कन्या का है। शव को नहर में कहां और किसने फेंका है। इसके लिए घटनास्थल से लेकर काठगोदाम तक सीसीटीवी फुटेज खंगाली जाएगी।

# डंपर ने बस और स्कूटी को मारी टक्कर, एक घायल

संवाददाता, चोरगलिया

**अमृत विचार:** डामर से लदे डंपर के ब्रेक फेल होने से वह पहले बस से टकराया फिर स्कूटी सवार को रौंदते हुए पुलिया से टकराकर पलट गया। डंपर को बहेड़ी निवासी दुर्गेश गिरि चला रहा था। डंपर की चपेट में आने से बाजार निवासी दीवान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में काफी चोट आई है।

समाजसेवी नवीन जोशी ने तत्काल लोगों की मदद से हल्द्वानी अस्पताल भेजा। डंपर चालक को हल्की चोट आई है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद ड्राइवर को अपनी हिरासत में ले लिया है। क्षतिग्रस्त बस चालक



महेंद्र का कहना था कि डंपर को अपनी तरफ आते हुए देखा तो उसने बस को कच्चे रास्ते में उतार लिया था।

अगला हिस्सा तो बस का बच गया लेकिन डंपर बस के पिछले हिस्से से टकराते हुए पुलिया से जा टकराया। तल्ला पचौनिया निवासी नंदन सिंह पालीवाल की स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# भूमि प्रकरणों में 9 अप्रैल तक शपथ पत्र दाखिल करे सरकार

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में भूमाफियाओं के रेलवे, नजूल, वन भूमि को खुर्द-बुर्द कर स्टांप पेपर पर बेचने के मामले में दायर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सुनवाई की। इसमें राज्य सरकार ने जांच रिपोर्ट पेश कर बताया कि 8-10 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मामले में 9 अप्रैल तक प्रति शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। अगली सुनवाई भी 9 अप्रैल को होगी।

हल्द्वानी निवासी हितेश पांडे ने



हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि गफूर बस्ती में रेलवे भूमि, गौलापार गौजाजाली में वन व राजस्व भूमि को भू माफियाओं ने खुर्दबुर्द कर सौ-सौ रुपये के स्टांप पर बेच दिया है। जिन लोगों को यह जमीनें बेची गई हैं, वे उत्तराखंड के मूल/स्थायी नागरिक नहीं है। ये लोग रोजगार के लिए यहां आए थे। कुछ समय बाद कॉमन सर्विस सेंटर इनके मतदाता पहचान पत्र बन गए। जब इसकी शिकायत प्रशासन, मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई तो भूमाफियाओं ने याचिकाकर्ता को जान माल की धमकी दी। याचिका में ये भी कहा गया कि राज्य सरकार इन लोगों की बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल आदि बुनियादी सुविधाओं के लिए करोड़ों खर्च कर रही है। इसका भार स्थायी लोगों पर पड़ रहा है। इसकी वजह से स्थायी नागरिकों को सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि इस मामले की जांच उच्च स्तरीय कमेटी से करवाई जाए। सरकारी भूमि पर अवैध ढंग से बसे लोगों के दस्तावेजों की जांच भी की जाए।

# साहब ! डॉक्टर ओपीडी में नहीं प्राइवेट क्लीनिक में देख रहे मरीज

संवाददाता, हल्द्वानी

### परेशानी

- एसटीएच में ओपीडी से गायब डॉक्टर की शिकायत
- प्राचार्य ने कहा, मामले में हो सकती है कार्रवाई

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के एक डॉक्टर ओपीडी में नहीं पहुंच रहे थे। उपचार के लिए पहुंच रहे मरीज परेशान हो रहे थे। थकहार एक तीमारदार ने इसकी शिकायत प्राचार्य से कर दी।

एसटीएच के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पीएम एंड आर) में तैनात एक डॉक्टर ओपीडी में नहीं आ रहे हैं। मरीज उनको दिखाने के लिए पहुंच रहे हैं। बकायदा ओपीडी पर उनके नाम से पर्चा भी बनाया जा रहा है। मरीज जब उनकी ओपीडी में पहुंच रहे हैं तो घंटों इंतजार के बाद पता चल रहा है कि डॉक्टर नहीं आएंगे। थक हार के एक तीमारदार ने इसकी शिकायत प्राचार्य से कर दी। बनभूलपुरा निवासी अनवर ने प्राचार्य को लिखे पत्र में लिखा है कि पीएम एंड आर में वह अपने मरीज की जांच के लिए 7 मार्च से आ रहा है लेकिन डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। बताया कि डॉक्टर साहब यहां ओपीडी में नहीं आते हैं बल्कि इस समय प्राइवेट क्लीनिक में मरीजों को देख रहे हैं। इधर, प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि उनको शिकायत मिली है मामले में जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

## नलों की टोटी तक चुरा ले गए चोर

**नैनीताल:** शहर के स्नोव्यू क्षेत्र में बीती रात चोरों ने मदन राम के घर में सेंधमारी कर दी। चोर घर के भीतर तो नहीं घुस सके, मगर बाहर रखा सामान और बाथरुम से टोटी तक चुरा कर ले गए। क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र में बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम के लिए पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। मोहन राम ने बताया कि बुधवार सुबह जब वह घर से बाहर आए तो बाहर से बाल्टी, टब समेत सारा सामान गायब था। बाथरुम में लगातार पानी बह रहा था। जहां जाकर देखा तो नल व टोटी भी गायब मिली।

# ठीक होंगी चाइना पीक की पहाड़ियां

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल की सबसे ऊंची पहाड़ी चाइना पीक में हो रहे भूस्खलन का 51 करोड़ 18 लाख की लागत से स्थायी उपचार होगा।

नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ चन्द्र शेखर जोशी ने बताया कि हल्की बरसात के बाद से पहाड़ी से भूस्खलन की घटना देखने को मिलती है। इससे पहाड़ी की तलहटी में रहने वालों के सामने बड़ा खतरा मंडरा रहा था। इसको देखते हुए पूर्व में जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ संयुक्त सर्वे कर 51 करोड़ 18 लाख की डीपीआर बनाई गई है। पहाड़ी में करीब 300 मीटर लंबी दरार को भरने और भूस्खलन को रोकने के लिए गहन निरीक्षण के बाद पहाड़ी में वायर क्रेट वाल, ड्रिलिंग, आरसीसी वाल निर्माण की योजना है।


चाइना पीक की पहाड़ी जहां से लगातार हो रहा भूस्खनल। ● अमृत विचार

## स्मैक तस्कर दबोचा

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थाना पुलिस ने स्मैक तस्कर को पकड़ा है। तस्कर से 13.35 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।

काठगोदाम थाना प्रभारी विमल मिश्रा ने बताया कि बीते मंगलवार की देर सायं पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस बीच थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में घूम रहे युवक को दबोचा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 13.35 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम फैजल पुत्र सोहेल निवासी शारदा फैक्ट्री के सामने शीशमहल बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की है।

**निर्देश** — एसएसपी ने अपराधों की समीक्षा बैठक की, आदतन अपराधियों पर लगेगा गैंगस्टर और गुंडा अधिनियम

# होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर करें कार्रवाई : एसएसपी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने कोतवाली परिसर में जिले के थाना, चौकी और शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की।



कहा कि होली पर्व आ रहा है। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह से जुट जाएं। साथ ही होली की आड़ में जो लोग हुड़दंग करते हैं, ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के आदेश दिए। साथ ही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और उनके जल्द निस्तारण करने के लिए कहा। इस दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, एसपी क्राइम हरबंस सिंह, सीओ रामनगर भूपेंद्र सिंह भंडारी, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं संगीता, सीएफओ गौरव किरार आदि मौजूद रहे।


हल्द्वानी कोतवाली स्थित सभागार में समीक्षा बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें

**हल्द्वानी ।** एसएसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रहीं हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत पालन किया जाए। कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान अगर कोई असामाजिक काम करता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने रात्रि पुलिसिंग को मजबूत करने और संदिग्धों वाहनों की चेकिंग करने के लिए कहा।

# लामाचौड़ में चोरों ने बंद घर खंगाला, नकदी व जेवर पार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** चोरों ने फिर से मुखानी क्षेत्र में एक घर में सेंधमारी की है। कुमाऊं विश्वविद्यालय (कुविवि) की सेवानिवृत्त कर्मचारी को चोरों ने तब खंगाल दिया जब घर में कोई नहीं था। चोर अपने साथ नकदी और जेवर भी ले गए हैं।

ग्राम नाथपुर पाडली, लामाचौड़ निवासी सुचित्रा सनवाल कुविवि नैनीताल से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। उनके भतीजे की शादी होने वाली है। शादी के लिए खरीददारी के लिए वह नौ मार्च को दिल्ली चली गईं। 12 मार्च को दोपहर डेढ़ बजे वह घर वापस लौटी तो पता चला कि घर का ताला टूटा हुआ है। पूरे घर में सामान इधर-उधर पड़ा हुआ है। अलमारी भी खुली हुई है और चोर अपने साथ अलमारी में रखे तीन लाख के सोने-चांदी के जेवर व 50 हजार रुपये नकदी उड़ा ले गए। पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### सैनिक के घर में घुसे चोर, उड़ाया कीमती सामान

**रामनगर :** पीरुमदारा में चोरों ने गृह स्वामी की अनुपस्थिति में पूरा घर खंगाल डाला। घटना के समय मकान में कोई नहीं था। गृह स्वामी पूरन डालाकोटी सेना में कार्यरत हैं। जबकि उनके परिवार के सदस्य किसी निजी काम से दिल्ली गए हुए थे। इसी बीच चोर कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना से गुस्साए मधुबन कॉलोनी के ग्रामीणों ने पीरूमदारा पुलिस चौकी का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। बीते एक सप्ताह में लगातार दो चोरियां होने से क्षेत्र के लोगों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश है। घटना के संदर्भ में पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश जोशी ने कहा कि आरोपी सीसीटीवी में कैद हो चुके हैं। बहुत जल्द घटना का पर्दाफाश हो जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड

## प्रगति की ओर अग्रसर





**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड विशेषकर बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध है और उनकी यात्राओं और इन प्रमुख तीर्थ स्थलों के विकासकार्यों के लिए किए गए दूरदर्शी प्रयासों में साफ देखा जा सकता है**

**"मानीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम अपने राज्य के समग्र विकास, यहां की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य की प्रगतिशील नीतियों और रणनीतिक पहल के माध्यम से हम आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे में सुधार करने और नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बेहतर की दिशा में अग्रसर हैं। हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को प्रगति का एक मॉडल बनाना है जहां परंपरा और नवीनता का संगम होता है और जहां हर व्यक्ति राज्य की समृद्धि और कल्याण के लिए कार्य कर विकास में योगदान देता है।**

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

## वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर उभर रहा उत्तराखण्ड

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्ग दर्शन में उत्तराखण्ड दुनिया के सबसे बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशन में से एक बनकर उभर रहा है**

देश के उत्तरी क्षेत्र में हिमालय की प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व, सुंदर पहाड़ियों और समृद्ध सांस्कृति क विरासत के लिए जाना जाता है। इसे देवताओं की भूमि या 'देवभूमि' के रूप में भी जाना जाता है। यही कारण है कि उत्तराखण्ड श्रृद्धालुओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों में से एक के रूप में जाना जाता है। हालांकि, राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े बदलाव देखे हैं, जो इसे एक आध्यात्मिक गंतव्य के तौर पर विकसित कर रहे हैं। इसके साथ ही हाल के वर्षों में डेस्टिनेशन वेडिंग काफी ट्रेंड में रही है और इस दिशा में भी उत्तराखण्ड किसी से पीछे नहीं है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उत्तराखण्ड डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए सबसे तेजी से उभरते राज्यों में एक बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ विवाह स्थल बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विचार राज्य की असीम संभावनाओं में उनके विश्वास को दर्शाता है। दिसंबर 2023 में देहरादून में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को 'वेड इन इंडिया' अभियान शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया था। इस दौरान उन्होंने संपन्न परिवारों से अपने विवाह के लिए उत्तराखण्ड को डेस्टिनेशन के रूप में चुनने का आह्वान किया था। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के चलते उत्तराखण्ड एक आदर्श विवाह स्थल के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। नैनीताल की शांत झील से लेकर औली की बर्फ से ढकी पहाड़ियों तक राज्य का हर भू-भाग करिश्माई आकर्षण का अनुभव कराता है। जो लोग अपने विवाह को अविस्मणीय अनुभव देना चाहते हैं, वे अपने वैवाहिक समारोहों की मेजबानी टिहरी की शांत झील, मसूरी की खूबसूरत पहाड़ियों या हरिद्वार के प्राचीन मंदिरों में कर सकते हैं। जो बातें उत्तराखण्ड को शादियों के लिए एक अद्वितीय गंतव्य बनाती है,



वह न केवल इसके आश्चर्यजनक स्थल हैं, बल्कि इसकी समृद्ध विरासत और जीवंत संस्कृति भी हैं। राज्य में आयोजित होने वाली शादियां केवल एक समारोह से कहीं बढ़कर होते हैं। ऋषिकेश के आध्यात्मिक वातावरण से लेकर त्रियुगीनारायण की पवित्र ज्योति तक हर स्थान राज्य की सांस्कृतिक छवि की एक अनूठी झलक देखने को मिलती है। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी की धारणा एकजुटता के उत्सव से कहीं बढ़कर है। वह राज्य में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करके स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और उत्तराखण्ड के लोगों के जीवन का स्तर बेहतर बनाने के लिए तत्पर हैं। इससे आगंतुकों की आमद और निवेश की संभावनाओं से रोजगार पैदा करने, बुनियादी ढांचे को समृद्ध बनाने और समग्र विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

डेस्टिनेशन वेडिंग के आयोजन के लिए उत्तराखण्ड में त्रियुगीनारायण, ऋषिकेश, जोशीमठ, शांति कुंज हरिद्वार, स्वर्ण मंदिर, चकराता, हर्षिल, देहरादून, कनाताल, मसूरी, औली, टिहरी झील, रामनगर, नरेंद्रनगर, ब्रह्मताल, नैनीताल, अल्मोडा, रानीखेत, भीमताल, रामगढ़, मुक्तेश्वर, रानीगढ़, नौकुचियाताल, और घोड़ा खाल आदि प्रसिद्ध स्थलों में शामिल हैं।

डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए उत्तराखण्ड को सर्वोच प्राथमिकता देने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण उन सभी चीजों को बढ़ावा देता है, जो इस राज्य को उन्नत बनाती हैं। उत्तराखण्ड पर्यटन के क्षेत्र में एक वैश्विक राज्य बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। यहां पर्यटक, रोमांच और उद्यम राज्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं क्योंकि उत्तराखण्ड सर्वोत्तम योगाभ्यास, रोमांचक खेल और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करता है।

## बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिल रहा आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा

सुरम्य उत्तरी राज्य उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां भक्तों और आगंतुकों को समान रूप से आकर्षित करने वाले विभिन्न स्थलों में से एक बद्रीनाथ और केदारनाथ है। यहां श्रद्धालु व भक्त शांति का अनुभव करने के लिए आते हैं। इन पवित्र स्थानों को पुनर्स्थापित करने और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए यहां की संभावनाओं का सामने लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष रुचि दिखाई हैं। उनके दिशा-निर्देशन व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरी समर्पण और प्रतिबद्धता से उत्तराखण्ड में परिवर्तनकारी कार्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड के बद्रीनाथ और केदारनाथ के साथ गहरा संबंध को हम सबने देखा है। यह बात उनकी यात्राओं और इन प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों के उत्थान के लिए दूरदर्शी प्रयासों से स्पष्ट झलकता है। बाबा केदार के प्रति उनकी श्रद्धा, केदारनाथ धाम की समय-समय पर यात्राओं के माध्यम से प्रदर्शित होती है। यह इस क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनके समर्पण को भी उजागर करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महात्वकांक्षा बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देकर उत्तराखंड को विश्व पटल पर लाने की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दृष्टिकोण का सबसे महत्वपूर्ण पहलू केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण है, जो प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल की शुरुआत से ही उनके दिल के करीब रहा है। 2013 की विनाशकारी बाढ़ के बाद केदारनाथ के पुनरुद्धार की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया।



ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि पुनर्निर्माण ऐसा होना चाहिए, जिससे धाम की प्रतिभा और दिव्यता को पूर्ण रूप में प्रदर्शित किया जा सके। इसमें आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के निर्माण से लेकर प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रणनीति केदारनाथ की पवित्रता बनाए रखने के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है।

इसके अलावा, उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक बुनियादी ढांचे के समग्र विकास को धरातल पर उतारने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के रणनीतिक प्रयास अब केदारनाथ और उसके आगे के क्षेत्रों तक फैल चुके हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर बद्रीनाथ धाम मास्टर प्लान जैसी परियोजनाएं, बद्रीनाथ को एक स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी शहर में बदलने के प्रयास को दर्शाती हैं। दिल्ली-देहरादून आर्थिक कॉरिडोर और ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना भी इन पवित्र स्थलों तक कनेक्टिविटी और पहुंच में सुधार प्रधानमंत्री के समर्पण को उजागर

**उत्तराखण्ड के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों ने उसके पूर्व गौरव को बढ़ा दिया है, जो दुनिया भर से तीर्थ यात्रियों को राज्य की ओर आकर्षित कर रहा है**

करती है। इन प्रयासों के चलते उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन और तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। ऑल वेदर रोड परियोजना, जिसे चारधाम सड़क परियोजना के रूप में भी जाना जाता है, यह उत्तराखण्ड के चार धामों को जोड़कर भक्तों और आगंतुकों के लिए निर्बाध यात्रा को संभव बनाने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। इसी तरह से ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, अपनी उद्यमशीलता और सरल तकनीक के साथ केदारनाथ और आस-पास के क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार करने के लिए संकल्पित है। केदारनाथ और बद्रीनाथ का महत्व जितना आध्यात्मिक है, उतना ही यह अपनी प्राकृतिक सौन्यता के लिए भी विश्व स्तर पर श्रृद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करता है। हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों के बीच स्थित केदारनाथ 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक के रूप में प्रसिद्ध है। यह प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा का अहम पड़ाव भी है। यहां के आध्यात्मिक महत्व को बनाए रखने के साथ जुड़े पुनर्निर्माण उपायों ने केदारनाथ को उसका पुराना गौरव पाने में मदद की है, जिससे दुनिया भर से तीर्थयात्री आकर्षित होकर यहां आ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन से केदारनाथ में नए विकास पर बल दिया जा रहा है। आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा के अनावरण से लेकर सरस्वती रिटेनिंग वॉल और तीर्थ पुरोहित घरों जैसी आवश्यक परियोजनाओं का उद्घाटन करने तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए समर्पण का प्रतीक है। केदारनाथ के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव, उनकी सच्ची बातें श्रृद्धालुओं बीच गूंजती हैं और इन धार्मिक स्थानों के महत्व को विस्तार देती हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऐसे उद्यमों का परिवर्तनकारी प्रभाव बुनियादी ढांचे के विकास से आगे बढ़ता है, जिससे उत्तराखण्ड में समावेशी विकास और पर्यटन को बल मिलता है। नीतिगत प्रोत्साहन और क्षेत्रीय प्राथमिकता, विशेष रूप से पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा पर उनके फोकस ने उत्तराखण्ड को निरंतर विकास करने वाले अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया है। बुनियादी ढांचे के विस्तार में राज्य की प्रगति और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के प्रति उनके समर्पण ने न केवल अर्थव्यवस्था को बल दिया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया है। बद्रीनाथ और केदारनाथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अटूट आस्था ने उत्तराखण्ड में आध्यात्मिक पर्यटन के पुनरुद्धार को प्रेरित किया है। दूरदर्शी प्रयासों और नए विकास कार्यों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन धार्मिक स्थानों को पुनर्स्थापित कर समृद्धि और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हाल के वर्षों में हासिल की गई अविश्वसनीय उपलब्धियों के लिए उत्तराखण्ड सरकार को हार्दिक बधाई देता हूं। यह सराहनीय प्रगति पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उन्नत क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ रणनीतिक दृष्टिकोण का उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार, सतत विकास के लिए बेहतर मानक स्थापित होते देखकर मुझे खुशी होती है। अपने प्राकृतिक संसाधनों और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तराखण्ड की रणनीति न केवल इसकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है, बल्कि वैश्विक स्तर पर क्षमता को भी प्रदर्शित करती है। मैं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य के समर्पण की प्रशंसा करता हूं और आने वाले वर्षों में लगातार प्रगति की भी आशा करता हूँ।



**"मैं पिछले कुछ वर्षों में हुई उल्लेखनीय प्रगति के लिए उत्तराखण्ड सरकार को बधाई देता हूं। ऐसा निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देने के चलते संभव हुआ है। इसके साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। प्राकृतिक संसाधनों के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने की उत्तराखण्ड की प्रतिबद्धता ने न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान किया है, बल्कि वैश्विक मंच पर क्षमता को भी प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के प्रति राज्य के समर्पण की सराहना करता हूं और आने वाले वर्षों में निरंतर सफलता की आशा करता हूं।**

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## धार्मिक वैभव को पुनर्जागृत करता मानसखंड मंदिर माला मिशन

**'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के हृदय स्थल के रूप में यहां के 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित किया जा रहा है। इसमें कुमाऊं के विभिन्न जिलों में फैले 16 पौराणिक मंदिरों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।**

उत्तराखण्ड कई प्राचीन मंदिरों और पवित्र स्थलों की भूमि है। यही कारण है कि यह देवभूमि के रूप में विश्वविख्यात है। ये मंदिर कुमाऊं क्षेत्र में फैले हुए हैं और लंबे समय से आस्था और भक्ति के प्रतीक के रूप में लोगों के दिलों में बसे हैं। यहां दुनिया के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है। उत्तराखण्ड की वादियों में स्थित ऐसे मंदिरों तक भक्तों और श्रद्धालुओं की पहुंच बनाने को लेकर धामी सरकार विशेष प्रयास कर रही है। प्रदेश के ऐसे कई धार्मिक स्थलों, जिनके बारे में भक्तों को ज्ञात नहीं है, उनकी भव्यता से साक्षात्कार कराने के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर करने की दिशा में काम किए जा रहे हैं। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन मंदिरों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को समझते हैं और मंदिरों के वास्तुशिल्प चमत्कारों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने के लिए 'मानसखंड मंदिर माला मिशन' के तहत एक दूरदर्शी पहल शुरू की है। इस प्रयास का मूल 48 पौराणिक मंदिरों को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित करना है, जिसमें कुमाऊं क्षेत्र के विभिन्न जिलों में फैले 16 मंदिरों पर विशेष जोर दिया गया है। सैकड़ों वर्षों से आस्था का केंद्र रहे ये मंदिर अब बड़े परिवर्तन का साक्षी बनने को तैयार हैं, उनकी पहुंच और भव्यता में सुधार के लिए बुनियादी ढांचे में विकास की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विजन केवल भौतिक नवीनीकरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें एक समग्र रणनीति भी शामिल है, जिसमें उन्नत सड़क कनेक्टिविटी, आतिथ्य और आवास सेवाएं और संरक्षण जैसी बातें शामिल हैं।



गिरिजा देवी मंदिर

मानसखंड मंदिर माला मिशन के प्रतिष्ठित स्थलों तक सड़क कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहते हैं कि मानसखंड की परिकल्पना के तहत आने वाले जितने भी धार्मिक स्थल और पर्यटक स्थल हैं, उन्हें अच्छी कनेक्टिविटी देने पर हमारा ध्यान केंद्रित है। राज्य में तीर्थयात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देने में निर्बाध परिवहन नेटवर्क की भूमिका अहम है। इन मंदिरों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। तीर्थयात्रा के दौरान सुविधा के साथ-साथ बेहतर सड़क व अन्य बुनियादी ढांचा के विकास से इन स्थलों में रहने वाले स्थानीय निवासियों के लिए भी आर्थिक संभावनाएं बनेंगी। पारंपरिक आध्यात्मिकता के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का विकास मानसखंड मंदिर माला मिशन के लिए अहम है। मुख्यमंत्री धामी चाहते हैं कि यह कार्य सिर्फ बुनियादी ढांचे के विकास तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से भक्तों और आगंतुकों को विशेष सुविधाएं प्रदान करना भी हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए आसपास के स्थानों के विस्तार और आतिथ्य सेवाओं के प्रावधान के लिए बजट का आवंटन किया गया है और यह पर्यटकों के लिए एक अविस्मरणीय और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में उत्तराखण्ड सरकार की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है। इस कार्य को धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री धामी ने जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनसे मानसखंड मंदिर माला मिशन के काम पर समर्थन मांगा। बैठक में उन्होंने मानसखंड मंदिर माला मिशन के उद्देश्यों और अनिवार्यताओं पर प्रकाश डाला। इस मिशन की सफलता ने आवश्यक संसाधन जुटाने के उनके संकल्प को दर्शाया है। साथ ही, उत्तराखण्ड के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को बढ़ावा देने में भी इस पहल की महत्वता बढ़ने वाली है।



### मानसखंड एक्सप्रेस

मानसखंड एक्सप्रेस मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत शुरू की जा रही एक विशेष ट्रेन सेवा है, जो कोलकाता को टनकपुर से जोड़ेगी। लंबी दूरी की इस ट्रेन की सेवा 15 अप्रैल से शुरू होने वाली है और यह कुमाऊं क्षेत्र के मंदिरों और देशभर के भक्तों के बीच एक मजबूत संबंध के रूप में कार्य करेगी। मानसखंड एक्सप्रेस स्थानीय और क्षेत्रीय परिवहन सेवाओं से युक्त होगी और आतिथ्य सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा, राज्य की विरासत और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार का अपने ऐतिहासिक स्थलों और मंदिरों के संरक्षण और उन्नति के लिए प्रतिद्धता के साथ काम कर रही है। इसके लिए विरासत अधिनियम बनाने के उपाय किए गए हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत मान्यता प्राप्त 16 मंदिरों में से प्रत्येक के लिए अलग-अलग मास्टर प्लान तैयार किए गए हैं और इनके माध्यम से सरकार उनके संपूर्ण पुनरुद्धार कर रही है। एक सहकारी मिशन के तहत विभिन्न विभागों और प्रभागों का संगम इस प्रयास को आगे बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे मानसखंड मंदिर माला मिशन गति पकड़ रहा है, यह न केवल धार्मिक स्थलों को पुनर्स्थापित करने बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी सुनिश्चित कर रहा है। उत्तराखण्ड की परंपरा और आधुनिकता, आध्यात्मिकता और बुनियादी ढांचे के विस्तार का बेहतर संयोजन निश्चित रूप से उत्तराखण्ड के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को दर्शाता है। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए मानसखंड मंदिर माला मिशन, देश के भविष्य को आकार देने के लिए दूरदर्शी नेतृत्व की क्षमता का एक भी अप्रतिम उदाहरण है।



बैजनाथ



बागनाथ मंदिर



गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब



जागेश्वर धाम मंदिर



कसार देवी मंदिर

## सार-संक्षेप



उजाला सिग्नस अस्पताल में पत्रकारों से वार्ता करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

### गुर्दे पर दुष्प्रभाव डालती हैं दर्द निवारक गोलियां

**हल्द्वानी :** उजाला सिग्नस सेंट्रल हॉस्पिटल में गुर्दा स्वास्थ्य को लेकर डॉक्टरों ने जानकारी दी। गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. एचएच भंडारी ने बताया कि विश्व गुर्दा जागरूकता दिवस हर साल मार्च महीने के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। कहा कि बिना डॉक्टर के सलाह के दर्द निवारक दवा न लें यह हमारे गुर्दे पर दुष्प्रभाव डालती है। उजाला सिग्नस सेंट्रल हॉस्पिटल में गुर्दा रोग के उपचार उपलब्ध हैं। वरिष्ठ जनरल, लेजर व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. संजय जुयाल ने बताया कि उम्र के साथ-साथ पेशाब से संबंधित समस्या लोगों में होने लगती है। यह प्रोस्टेट बढ़ने की वजह से भी होता है। अस्पताल के मेडिकल सुपरिडेंट डॉ. रजनीश सेखसरिया भी मौजूद रहे।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### थैलीसिमिया व हीमोग्लोबिनोपैथी का दिया प्रशिक्षण

**हल्द्वानी :** तिकोनिया स्थित होटल में दो दिवसीय राज्य स्तरीय हीमोग्लोबिनोपैथी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। एसीएमओ डॉ. एनसी तिवारी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए। कार्यशाला में नैनीताल, अल्मोड़ा, देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर जिले के पैथोलॉजिस्ट व एबीडी कर्मचारियों के अलावा लैब तकनिशियनों ने भी हिस्सा लिया। प्रशिक्षक एम्स ऋषिकेश से डॉ. हरीश चंद्रा, डीईआई सी नैनीताल के डॉ. आईपी अरोड़ा, एसटीएच के डॉ. उत्कर्ष शर्मा ने थैलीसिमिया, हीमोग्लोबिनोपैथी से जुड़ा प्रशिक्षण दिया। गया। इस दौरान मदन मेहरा, बीएस कलकोटी, पंकज तिवारी, राघवेंद्र रावत, सरयू नंदन जोशी, रूपेश ममगई, मनोज बाबू, दीवान बिष्ट आदि रहे।


मतदान जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**रामनगर :** राकउप्रावि सांवल्दे पश्चिम के विद्यालय की ओर से मतदान जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नलिनी सती, चित्रा जोशी, प्रकाश फुलोरिया, सरफराज अंसारी, भोजन माता सरोज, दीपा, मानसी, तानिया, हर्षा, विनीता, तन्वी लक्ष्मी, हिमानी, रूपाली, पारुल, दुर्गा, सीजल, रितु मौजूद रहीं।

### रसोई गैस पर चाहिए सब्सिडी तो जरूर करवा लें ई केवाईसी

**कालाढूंगी :** अब एलपीजी गैस ई-केवाईसी डीबीटी से जुडे.प्रधानमंत्री उज्जवला से जुडे.सभी घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अपना बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराना होगा। अन्यथा आने वाले दिनों में उन्हें मिलने वाली सब्सिडी से वंचित रहना पड़ सकता है। कालाढूंगी इंडैन गैस मैनेजर गणेश नेगी ने बताया कि उपभोक्ताओं को संबधित वितरक के पास जाकर ई-केवाईसी कराना होगा। प्रमाणीकरण के लिए उपभोक्ता को अपना गैस कार्ड, आधार कार्ड के साथ रिजस्टर्ड मोबाल नंबर होना अनिवार्य है।


सीसी मार्ग का लोकार्पण करते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

# हरिपुर फुटकुआं में गहराया पेयजल संकट

## लोग बोले- पानी नहीं तो मतदान नहीं करेंगे, विगत कई माह से इलाके में बनी हुई है पेयजल की समस्या

**परेशानी**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गर्मी से पूर्व हल्द्वानी के शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण हिस्सों में पानी का संकट गहराने लगा है। जल संस्थान अभी भी एक बड़ी आबादी को पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। बुधवार को रामपुर रोड स्थित बेल बाबा हरिपुर फुटकुआं की आबादी के सामने लंबे समय से पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। यहां के लोग खुद ही पानी का टैंकर मंगा कर अपनी पानी की जरूरत को पूरा करने में लगे हुए हैं।

करीब 100 घरों के सामने पानी का संकट बना हुआ है। लेकिन जल संस्थान के जिम्मेदार अब तक इस इलाके में पानी की कोई सुचारू व्यवस्था उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। इसके विरोध में यहां के लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में पानी की समस्या को दूर नहीं किया गया तो होने वाले आगामी चुनाव में यहां की जनता मतदान का पूर्ण बहिष्कार करेगी।

इधर सामाजिक कार्यकर्ता बीसी पंत ने बताया कि जल संस्थान के अधिकारियों को पानी की समस्या के निस्तारण को लेकर रिपोर्ट भेजी है। जल्द ही इस पर संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो मजबूरन यहां की जनता के साथ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना होगा।


हरिपुर फुटकुआं में पानी को लेकर प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

> पानी के संकट को देखते हुए लोग निजी खर्चों के सहारे पानी खरीदने को मजबूर हैं। कई बार जल संस्थान के अधिकारियों के चक्कर काट चुका हूं लेकिन सिर्फ खोखले आश्वासन के सिवा कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। -**विजय सिंह**

> सालों बीत गए में पानी का कनेक्शन लिए हुए लेकिन अभी तक पानी की आपूर्ति इलाके में नहीं हो पाई है। उल्टा बिना पानी के ही जल संस्थान हर माह बिल थमा दे रहा है, जिसके चलते मजबूरन बिना पानी के ही बिल का भुगतान कर रहे हैं। -**गौरव सिंह**

> पेयजल आपूर्ति इलाके में क्यों नहीं हो पाई है, इसकी रिपोर्ट मिली हुई है। आने वाले दिनों में संबंधित जेई की जांच कराई जाएगी इलाके में अबतक पानी की लाइन क्यों नहीं उपलब्ध हो पाई जांच में लापरवाही आई तो कार्रवाई की जाएगी। -**रविशंकर लोशाली**, ईई जलसंस्थान

### इंदिरा नगर में पानी के लिए भटकने को मजबूर हुए लोग

**हल्द्वानी :** वार्ड 32 इंदिरा नगर एवं दुर्गा मंदिर के आसपास इलाकों में बीते कई माह से पानी का संकट गहराया हुआ हैं वहीं रमजान के मौके पर पानी की आपूर्ति नहीं होने से समस्या और गहरा गई है। पूर्व पार्षद शकील अहमद सलमानी ने कहा कि करीब 100 घरों में पीने का पानी नहीं मिलने के कारण रोजेदारों के सामने दिक्कत बनी हुई है। बुधवार को इलाके में हल्द्वानी विधायक और जल संस्थान के ईई ने स्थलीय निरीक्षण कर लोगों को भरोसा दिलाया जल्द ही इलाके में पानी की समस्या को निस्तारित कर दिया जाएगा।

## खैरना बाजार क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर लगाएं

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर खैरना बाजार क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने दुर्घटना के लिहाज से खतरनाक खैरना चौराहे तथा पेट्रोल पंप के समीप स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की मांग उठाई है। संगठन अध्यक्ष गजेंद्र नेगी के अनुसार स्पीड ब्रेकर लगाए जाने से वाहनों की रफ्तार में कमी आएगी जिससे दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी।

हाइवे पर स्थित खैरना क्षेत्र से सुबह से शाम तक छोटे बड़े वाहनों आवाजाही करते हैं। आसपास के गांवों से लोग बाजार क्षेत्र में खरीददारी करने पहुंचते हैं। वाहनों की आवाजाही होने व बाजार में भीड़भाड़ होने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बाजार क्षेत्र में हुई दुर्घटनाओं में की लोग चोटिल तक हो चुके हैं। खैरना चौराहे व पैट्रोल पंप के समीप यातायात का दबाव अधिक होने से हर वक्त दुर्घटना का खतरा बना रहता है। राहगीर भी जान जोखिम में डाल आवाजाही को मजबूर हैं।

# विधायक भगत ने दी 1500 करोड़ की सौगात

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने जनता को 1556.68 करोड़ की 9 विकास योजनाओं की सौगात दी है।

बुधवार को विधायक भगत व निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला ने योजनाओं का शुभारंभ किया। निवर्तमान मेयर रौतेला ने कहा कि विधायक भगत की विधानसभा सीट के अंतर्गत तेजी से घूमता विकास का पहिया किसी पद-पोर्टफोलियो का मोहताज नहीं रहता है। विधायक भगत ने कहा शासन से प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं का काम जल्द से जल्द शुरू हो ऐसा उनका प्रयास है। संभावित आदर्श आचार संहिता के कारण लोनिवि अधिकारियों को सभी महत्वपूर्ण योजनाओं पर बुधवार से ही काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, मंडल अध्यक्ष धीरज पांडे, सुरेश गौड़, राजेन्द्र नेगी, त्रिलोक निगल्टिया, प्रमोद पंत, सुरेंद्र मोहन नेगी, अमित बिष्ट, भूपाल बोरा मौजूद रहे।


देवलचौड़ में विकास योजनाओं का शुभारंभ करते विधायक बंशीधर भगत, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला। ● अमृत विचार

### इन योजनाओं का किया गया शुभारंभ

- 6.19 करोड़ से आरटीओ ऑफिस से पाल कॉलेज संधू फार्म तक नहर कवरिंग करते हुए सड़क चौड़ीकरण
- 2.10 करोड़ से एसटीएच से हुंडई शोरूम रामपुर रोड तक 2.300 किमी लंबी हॉट मिक्स सड़क का निर्माण
- 1.49 करोड़ से रामनगर-कालाढूंगी-हल्द्वानी-काठगोदाम-चोरगलिया-सितारगंज- बिज्टी स्टेट हाईवे-41 में तकनीकी दृष्टि से अति महत्वपूर्ण लालडांठ पुलिया का 20 मीटर चौड़ीकरण
- 1.46 करोड़ की लागत से 1.5 किमी रकसिया नाले से बिरला स्कूल मार्ग का हॉट मिक्स से डामरीकरण
- 1.07करोड़ से 900 मीटर लंबी रणवीर गार्डन वाली सड़क का चौड़ीकरण
- 1.04 करोड़ से कठघरिया से ऊंचापुल तक 3 किमी मार्ग का डामरीकरण
- 97.10 लाख से वसुंधरा बैंक्वेट हॉल रोड का हॉट मिक्स निर्माण
- 88.02 लाख की लागत से भगवानपुर पानी की टंकी ऊंचापुल से एस बैंड भगवानपुर रोड का हॉट मिक्स डामरीकरण
- 35 लाख से मधुबन कॉलोनी सड़क आरटीओ ऑफिस एस बैंड को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण

## विधायक सुमित हृदयेश ने किया सीसी मार्ग लोकार्पण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** विधायक सुमित हृदयेश ने बुधवार को वार्ड-8 के अंतर्गत कुल्यालपुरा में गली नंबर-2 में सीसी मार्ग व नाली का लोकार्पण किया।

यह मार्ग व नाली विधायक निधि से मिले 12.68 लाख रुपये से बने हैं। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी के आंतरिक मार्गों को गड्ढा मुक्त कर आम जन को सुगम आवागमन प्रदान करने के लिए विधायक निधि से जितना संभव हो, लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने हल्द्वानी के लिए जरूरी मुद्दों को वह सदन में उठा रहे हैं। इस दौरान खीम सिंह चौहान, महेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, सुंदर लाल आर्य, जगदीश चंद्र आर्य, बीएल आर्य, नंदन सिंह, हुकुम सिंह, बबिता खोलिया, रेखा खोलिया, महेन्द्र कश्यप, परमजीत बेदी आदि मौजूद रहे।

## समाजवाद में ही महिलाओं को मिल सकता है बराबरी का अधिकार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** महिला एकता मंच की ओर से हिम्मतपुर डोटियाल में सभा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सभा का संचालन करते हुए मंच की संयोजक ललिता रावत ने कहा कि महिला दिवस हम महिलाओं के लिए कोई अनुष्ठान नहीं बल्कि अपने संघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाने का दिन है। नीलू रस्तोगी ने 8 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित की जाने की मांग की। प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की शीला शर्मा ने कहा कि समाजवाद में ही महिलाओं को वास्तविक रूप से बराबरी का अधिकार मिल सकता है। विद्यावती शाह ने कहा कि सरकार द्वारा दिया गया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देश की आधी आबादी के साथ छलावा है। कार्यक्रम में महिलाओं ने नृत्य नाटिका एवं गीत भी प्रस्तुत किए। सभा को तुलसी बेलवाल, कौशल्या चुनियाल, सरस्वती जोशी, किसान संघर्ष समिति के ललित उप्रेती, संजय मेहता, मयंक मैनाली, समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार आदि ने संबोधित किया।



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## चुफाल की मुहिम को आगे बढ़ाने की अपील

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच ने कुमाऊं में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति से मंच से जुड़ने का आग्रह किया है। उत्थान मंच के महासचिव यूसी जोशी ने सभी संस्था के पूर्व सहयोगियों से मंच के साथ जुड़ने का आह्वान किया है।

कहा कि संस्था से लगाव रखने वाले व्यक्ति कम ही रह गए हैं और नई पीढ़ी मंच के इतिहास के बारे में बहुत कम जानती है। मंच के संस्थापक बलवंत सिंह चुफाल को याद करते हुए कहा कि चुफाल हमेशा कहते थे कि यह मंच नैनीताल की माधुली हिट मेरी दगड़ा के लिए नहीं बना है। लोग इस बात के मायने नहीं समझ पाए। कहा कि अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने एकाकी जीवन जिया लेकिन मंच पर कोई भी परेशानी आती थी तो वह हमेशा आगे आकर खड़े हो जाते थे। यूसी जोशी ने एक बार फिर से अनुरोध करते हुए कहा कि महासचिव बनने के बाद उन्होंने देखा कि जब संस्था बनी थी, उस समय शहर के दिग्गज लोग इस संस्था के सदस्य थे। इस सूची को देखने के बाद ही वह मंच के गौरवमयी इतिहास को समझ पाए। उन्होंने बलवंत सिंह चुफाल को श्रद्धांजलि देते हुए मंच की स्थापना और क्रियान्वन से जुड़े लोगों को उनकी मुहिम को आगे बढ़ाने की अपील की।

## शिव महिमा का किया वर्णन

**कालाढूंगी:** बैलपडाव में प्राचीन शिव मंदिर श्री चंद्र मौलेश्वर महादेव मंदिर बैलपड़ाव में श्री शिव महापुराण संगीतमय कथा का आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। पौराणिक मंदिर के संत श्री महंत शांति गिरी महाराज के वर्तमान शिष्य श्री 108 मंगल गिरी महाराज के सानिध्य में इस महापुराण का आयोजन दशकों वर्ष पूर्व से किया जाता रहा है। बुधवार को व्यास पीठ में विराजमान व्यास कांति वल्लभ पाठक ने महापुराण में उल्लेखित संदर्भों की विशेषता बताई। श्री शिव महापुराण कथा का समापन 22 मार्च को भंडारे के साथ किया जाएगा। आचार्य रमेश चंद्र कांडपाल, सुरेश चंद्र जोशी, गिरीश चंद्र जोशी, हरिश्चंद्र तिवारी, मनोज कांडपाल आदि मौजूद रहे।

**उत्साह** आज मनाई जा रही है फूलदेई, बच्चों ने की विशेष तैयारियां, टोकरी में फूलों-पत्तों के साथ गुड़, चावल रखकर बच्चे अपने गांव की ओर निकलते हैं

# फूलदेई, छम्मा देई... दैणी द्वार, भरे भकार...

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आज लोकपर्व फूलदेई मनाया जाएगा। इसके लिए बच्चों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

चैत्र माह की संक्रांति को जब ऊंची पहाड़ियों से बर्फ पिघल जाती है और पहाड़ बुरांश के लाल फूलों की चादर ओढ़ने लगते हैं तब पूरे इलाके की खुशहाली के लिए फूलदेई का पर्व मनाया जाता है।

फूलदेई के दिन बच्चे सुबह-सुबह उठकर फ्यूंली, बुरांश, बासिंग और कचनार जैसे जंगली फूल इकट्ठा करते हैं। इन फूलों को थाली या टोकरी में सजाया जाता है। टोकरी में फूलों-पत्तों के साथ गुड़, चावल और नारियल रखकर बच्चे अपने गांव और मोहल्ले की ओर निकल जाते हैं। फूल और चावलों को घर की देहरी पर डालकर उस घर की खुशहाली की कामना करते हैं। इस दौरान बच्चे फूलदेई, छम्मा देई....दैणी द्वार, भरे भकार.... यो देई पूजूं बारंबार गीत गाते हैं। सर्दी और गर्मी के बीच का खूबसूरत मौसम, फ्यूंली, बुरांश और बासिंग के पीले, लाल, सफेद फूल और बच्चों के खिले हुए चेहरे फूलदेई की विशेषता हैं। नया साल, नई ऋतु और नए फूलों के आने का संदेश लाने वाला फूलदेई खासकर गांवों और कस्बों में मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से छोटे बच्चों का पर्व है।

### फूलदेई की कहानी



एक मान्यता के अनुसार, भगवान शिव को अपनी शीतकालीन तपस्या में लीन हुए कई वर्ष बीत गए। इस बीच ऋतुएं परिवर्तित होती रहीं लेकिन शिव की तंद्रा नहीं टूटी। माता पार्वती ने भोलेनाथ की तंद्रा तोड़ने के लिए एक अनोखा तरीका निकाला। जैसे ही कैलाश में फ्यूंली के पीले फूल खिलने लगे, माता पार्वती ने शिव गणों को फ्यूंली के फूलों से निर्मित पीतांबरी जामा पहनाकर सबको छोटे-छोटे बच्चों का स्वरूप दिया और कहा कि वे देवताओं की पुष्पवाटिकाओं से ऐसे सुगंधित पुष्प चुनकर लाएं, जिनकी खुशबू पूरे कैलाश में फैल जाए। जिस पर पहला पुष्प भगवान शिव के तंद्रालीन स्वरूप को अर्पित किया, जिसे फूलदेई कहा गया। साथ में सभी शिव गण एक सुर में गाने लगे फूलदेई क्षमा देई ताकि महादेव तपस्या में बाधा डालने के लिए उन्हें क्षमा कर दें।


पहाड़ में टोकरी में फूल ऱखकर निकलते बच्चे।

### प्रकृति से प्रेम करने का संदेश देता है लोकपर्व फूलदेई

**रामनगर, अमृत विचार :** गुरुवार यानी आज फूलदेई है। पूरे उत्तराखंड में फूलों के त्यौहार फूलदेई अथवा फुलसंग्राद को बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है। बच्चे सुबह से ही नहा धोकर अपने घर की देहली पर फूल , चावल डालते हैं।

फूलदेई जहां एक ओर हमें प्रकृति से जोड़ता है, प्रकृति के संरक्षण की सीख देता है वहीं बच्चों के माध्यम से नई पीढ़ी को सीख देता है कि प्रकृति से प्रेम करो।

होम्योपैथिक हैल्थकेयर क्लीनिक



डॉ. गौरव बिष्ट
(बी.एच.एम.एस., एन.डी.डी.वाई.)
होम्योपैथिक फिजिशियन

होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जो बीमारी को दबाने के बजाय बिना किसी साइड इफेक्ट के उसे जड़ से खत्म करती है।

उपलब्ध सुविधायें :-

चर्म रोग
• मुंहासे, मस्से, स्किन एलर्जी
• सफेद दाग
• बालों का झड़ना, डैण्ड्रफ

नाक व श्वास के रोग
• अस्थमा, बार-बार जुकाम होना
• टॉसिल
• साइनस संबंधित रोग

पेट के रोग
• अपच, कब्ज, गैस
• अल्सर, आँत में सूजन
• फैटी लिवर

हड्डी के रोग
• जोड़ों का दर्द
• गठिया, सर्वाइकल
• कमर दर्द, साइटिका

मानसिक रोग
• माइग्रेन, सिरदर्द, मिर्गी के दौरे
• नींद न आना, डिप्रेशन, तनाव

बच्चों के रोग
• चिड़चिड़ापन, भूख न लगना
• दांत देरी से और दिक्कत से आना
• बिस्तर गीला करना
• बच्चे का विकास सही से न होना

पुरुष रोग
• प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्यायें
• नपुंसकता, शीघ्रपतन
• वैरिकोसील

स्त्री रोग
• मासिक धर्म की अनियमितता
• सफेद पानी
• बच्चेदानी में गांठ, पीसीओडी
• बांझपन

अन्य जटिल रोग
• गुर्दे की पथरी, ब्लड प्रेशर पीलिया
• डायबिटीज, टाइफाइड बार-बार होना
• शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी
• लकवा इत्यादि

क्लीनिक में आने का रास्ता




बिना ऑपरेशन बवासीर, पथरी, शरीर में गांठ आदि जटिल बीमारियों का सफल इलाज

समय
सुबह 10:00 AM से 02:00 PM
सायं 05:00 PM से 08:00 PM
रविवार पूर्ण अवकाश

लालडांट रोड, शिवालिक विहार के सामने, निकट देवदुर्गा वैडिंग प्वाइंट, हल्द्वानी
7737269262

## सार संक्षेप



बेकरी का शुभारंभ करते विधायक व सीटीआर के निदेशक डॉ. धीरज पांडे।

### कॉर्बेट पार्क में बेकरी का आनंद भी ले सकेंगे पर्यटक

**रामनगर :** ईको विकास समिति की महिलाओं द्वारा बेकरी में उत्पादित बिस्कुट एवं अन्य उत्पादों का स्वाद अब कार्बेट पार्क के पर्यटक भी ले सकेंगे। इससे होने वाले लाभ को ईको विकास समिति के माध्यम से महिलाओं में वितरित किया जाएगा। सांवल्दे पूर्वी ईको विकास समिति के महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित "बेकरी" का उद्घाटन विधायक दीवान सिंह बिष्ट और निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व डॉ. धीरज पांडेय ने किया। स्वयं सहायता समूह की पांच महिलाओं को बेकरी का प्रशिक्षण जिम जंगल रिट्रीट के शेफ दिगंबर सिंह नेगी ने दिया है। इस दौरान उप प्रभागीय वनाधिकारी, बिजरानी/पार्क वार्डन अमित कुमार ग्वासीकोटी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, कालागढ़, शालिनी जोशी, अजय कुमार ध्यानी, रेखा रावत मौजूद रहे।

### विधायक कैड़ा ने डामरीकरण कार्य का किया शुभारंभ



सड़क के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राम सिंह कैड़ा।

**हल्द्वानी :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी और रामगढ़ ब्लॉक को जोड़ने वाली सड़क के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कसियालेख से बुड़ीबाना, सूपी, पाटा तक सड़क काफी क्षतिग्रस्त थी। इससे ग्रामीणों के समाने परेशानी का सबब बना हुआ था। बारिश के दिनों सड़क पर दुर्घटना होने का खतरा भी बना रहता था। इलाके के किसानों को अपनी उपज मंडी तक लाने में काफी दिक्कतें होती हैं। लेकिन सड़क के डामरीकरण व निर्माण के लिए शासन से 17 करोड़ 27 लाख की स्वीकृति मिल गई है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, अंकित पांडे, मोहन बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### दर्जन भर से अधिक युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

**नैनीताल :** भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी मैदान में उतर चुकी है। बुधवार को भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी नैनीताल के गरमपानी क्षेत्र में रहे, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों से घर-घर जाकर मुलाकात की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला मंत्री रंजन बर्गली के नेतृत्व में दर्जनभर से अधिक युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली। इसमें शुभम कुमार, योगेश चन्द्र, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में 15 को वर्चुअल लैब पर कार्यशाला

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में वर्चुअल लैब पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 15 मार्च को होगा। नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रू आईसीटी के अंतर्गत आईआईटी दिल्ली के संचालन में यह आयोजन होगा। बता दें कि प्राचार्य एमसी पांडे ने इस कार्यशाला का नोडल अधिकारी वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो. एसएस मौर्य को बनाया है।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर विमला रावत सम्मानित



नाबार्ड के कार्यक्रम में विमला रावत को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**लालकुआं :** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड देहरादून ने महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने पर लालकुआं की विमला रावत को सम्मानित किया। उत्तराखंड नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार बिष्ट ने कहा कि महिलाएं स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

### विधायक ने 202 परिवारों को बांटे 13.25 लाख के चेक

**रामनगर :** विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पात्र 202 परिवारों को उपचारार्थ, आर्थिक सहायतार्थ 13.25 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक बांटे। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, जगमोहन सिंह बिष्ट, घनश्याम शर्मा, भावना भट्ट, मनमोहन सिंह बिष्ट, दीपक राणा, पूरन सिंह बिष्ट, आशा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### डिग्री कॉलेज में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया



उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में देवभूमि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो चुका है। समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य एमसी पांडे ने की। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों से उद्यमिता को अपनाकर अपना भविष्य संवारने की बात कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम की आख्या डॉ. प्रकाश सिंह बिष्ट ने प्रस्तुत की। देवभूमि उद्यमिता योजना के समन्वयक डॉ. सुमित कुमार, नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. डीएन जोशी मौजूद रहे।

**कार्यालय मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)**
**उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर**

पत्रांकः- 2829 ट०क्षे० /म०प्र०( सं० ) कैन्टीन/निविदा/निरस्तीकरण/2024 — दिनांक : 13-03-2024

**टेण्डर**
**-: स्टॉलों के बाबत निविदा निरस्तीकरण सूचना :-**

उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर मण्डल के अन्तर्गत लोहाघाट डिपो के चम्पावत बस स्टेशन में विभिन्न स्टॉलों की निविदा दिनांक 16-03-2024 को समय 15:00 बजे खोले जाने हेतु दिनांक 01-03-2024 के समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी किन्तु विभिन्न माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि उक्त निविदा की नीलामी ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाये। अतः प्राप्त शिकायतों के आधार पर दिनांक 16-03-2024 को खोली जाने वाली उक्त निविदा निरस्त की जाती है तथा निकट भविष्य में ई-ऑक्शन (ऑनलाइन) के माध्यम से नई निविदा की जायेगी जिसकी सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की जाएगी।

(पवन मेहरा)
मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर

# कई शिक्षकों को नहीं मिला एसीपी का लाभ

## विभाग के ढुलमुल रवैये के कारण नहीं मिला लाभ, 150 शिक्षकों को नहीं मिली एसीपी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में कई शिक्षकों को एसीपी का लाभ नहीं मिला है। शिक्षा विभाग में प्रोन्नति न होने पर नौकरी के 10 साल में पहली एसीपी एश्योर्ड करियर प्रोगेशन और 22 साल में दूसरी एसीपी का लाभ मिलता है।

जिले में वर्तमान में लगभग 150 शिक्षकों को एसीपी का लाभ नहीं मिला है जिसमें अधिकांश को पहली एसीपी जबकि कुछ शिक्षकों को दूसरी एसीपी का लाभ मिलना है। विभाग के ढुलमुल रवैये के कारण शिक्षक राजकीय सेवा की सुविधाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। एसीपी के साथ ही शिक्षकों की पदोन्नति लंबे समय से अटकी हुई है जिसमें प्राइमरी हेड शिक्षक और प्राइमरी सहायकों की पदोन्नति होनी है। पदोन्नति के संबंध में शासन से आदेश जारी हो गया है लेकिन जनपद स्तर पर विभागीय लापरवाही के कारण शिक्षकों को अभी तक पदोन्नति नहीं मिल पाई है। दूसरी तरफ राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती का आदेश जारी होने पर शिक्षक संगठन इसका विरोध कर रहा है। शिक्षकों का कहना है कि प्रधानाचार्य के पदों को पहले की तरह ही भरा जाना चाहिए।

कहा कि विभाग में अधिकांश शिक्षक प्रधानाचार्य बनने के लिए जरूरी योग्यता रखते हैं। इसलिए शिक्षकों को ही पदोन्नति के जरिये प्रधानाचार्य नियुक्त किया जाना चाहिए। इसके विरोध में बुधवार को प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में शिक्षक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन भी किया।

### जीपीएफ पासबुक आईएफएमएस में होनी है अपलोड

जीपीएफ पासबुक को आईएफएमएस (इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के डीडीओ माड्यूल में अपडेट किया जाना है। अपर मुख्य सचिव शासन आनंद बर्द्धन ने बीते माह कर्मचारियों की जीपीएफ पासबुक की स्कैन प्रति महालेखाकार कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी भी कई कर्मचारियों की जीपीएफ पासबुक अपलोड नहीं हो पाई है। आदेश के अनुसार अप्रैल का वेतन उन्हीं आहरण-वितरण अधिकारियों को दिया जाएगा जो अपने विभाग के समस्त कार्मिकों की जीपीएफ पासबुक को अपलोड कर अनुमोदित कर चुका हो। महालेखाकार कार्यालय के पास इसका लॉगिन उपलब्ध रहेगा। अभी तक जीपीएफ पासबुक को मैनुअली संपादित किया जा रहा है जिससे कार्मिकों को समय पर जीपीएफ लेनदेन का ब्यौरा नहीं मिल पा रहा है। अब ऑनलाइन होने के बाद सभी आईएफएमएस की साइट में इसे देख सकते हैं।

> जनपद स्तर पर विभाग की लापरवाही के कारण लगभग 150 शिक्षकों को एसीपी का लाभ नहीं मिल पाया है जबकि कई शिक्षकों की पदोन्नति नहीं हो पा रही है।
> **-डीएस पडियार,** प्रतिनिधि, राजकीय शिक्षक संघ, नैनीताल

> ब्लॉक स्तर पर आपत्तियां होने के कारण कई शिक्षकों को एसीपी और पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्हें अपनी आपत्तियों को दूर करना चाहिए जिससे लाभ मिल सके।
> **-जेएम सोनी,** मुख्य शिक्षा अधिकारी, नैनीताल

### डेढ़ करोड़ खर्चने के बावजूद सड़क पर गड्ढे

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर करोड़ों रुपये के सरकारी बजट से पहले चरण में किया गया डामरीकरण तीन महीने में ही जवाब दे गया है। यह हालत तब है जब भवाली से कैंची क्षेत्र के नजदीक तक हुए डामरीकरण का संबंधित विभाग कार्यदाई कंपनी को करीब डेढ़ करोड़ रुपये भुगतान भी कर चुकी है। पंचायत प्रतिनिधियों व व्यापारियों ने गुणवत्ताविहीन डामरीकरण का आरोप लगा मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है। संबंधित विभाग के सहायक अभियंता रमेश चंद्र पांडे के अनुसार जिस स्थानों पर गड्ढे हुए हैं वहां दोबारा डामरीकरण करवाया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री भट्ट ने जाम में फंसी एंबुलेंस की मदद की

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** केंद्रीय रक्षाराज्य मंत्री अजय भट्ट बुधवार को भीमताल से अल्मोड़ा दौरे पर गए थे। वह कार्यकर्ताओं के साथ देर रात लौट रहे थे इस बीच खैरना के समीप भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में अल्मोड़ा से मरीज लेकर हल्द्वानी जा रही एंबुलेंस का पहिया निकल गया। एंबुलेंस के फंसने से सड़क पर दोनों ओर जाम लग गया और इस जाममें दो अन्य एंबुलेंस भी फंस गई। इस पर केंद्रीय मंत्री भट्ट ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को फोन कर घटना की सूचना दी। उनकी सूचना देने के आधे-एक घंटे बाद टीम दूसरी एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंची लेकिन वो भी खराब हो गई। बाद में निजी एंबुलेंस बुलाकर मरीज को हल्द्वानी भेजा गया। तब कहीं जाकर जाम खुला। करीब डेढ़ घंटे तक केंद्रीय मंत्री मौके पर ही मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के मूल स्वरूप कायम रखने में मदद करेगा यूसीसी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रमुख एजेंडे में शामिल समान नागरिक संहिता उत्तराखंड में जल्द ही लागू हो जाएगी। इस संहिता के लागू होने के बाद लैंड जिहाद, डेमोग्राफिकल बदलाव को रोकने में मदद मिलेगी और महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम होगी।

इधर, प्रदेश की सभी जनजातियां कानून से बाहर रहेंगी। समान नागरिक संहिता में तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून बनेगा, विवाह के लिए लड़की आयु 18 वर्ष हो जाएगी, तलाक के बाद भरण पोषण का नियम बनेगा, बच्चे गोद लेने के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा। राज्य में लिव इन रिलेशनशिप में रहने के लिए और इस रिलेशनशिप से बाहर आने के लिए पंजीयन अनिवार्य होगा। सभी धर्मों में संपत्ति बंटवारे में बेटियों का समान हक, अन्य धर्म या जाति में विवाह पर बेटियों के अधिकारों का हनन नहीं होगा, बहुपत्नी प्रथा समाप्त होगी और एक पति-पत्नी का नियम लागू होगा। इससे सभी समुदायों को एक समान अधिकार मिलेंगे, लैंगिक समानता बढ़ेगी।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत का आधार स्तंभ बनेगा समान नागरिक संहिता : भगत



**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने समान नागरिक संहिता कानून लागू होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। उन्होंने कहा की समान नागरिक संहिता को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलना उत्तराखंड के लिये हर्ष एवं इसका लागू होना गौरव का प्रतीक है। भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की दूरदर्शिता से उत्तराखंड को यह सम्मान प्राप्त हुआ है कि वह भारत में पहला राज्य बना है जिसमें समान नागरिक संहिता लागू हो रही है। यूसीसी लागू होने से प्रदेश की जनता को धर्म, जाति, पंथ के भेदभाव के बिना समान अधिकार मिलेंगे। महिलाओं पर होने वाले उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने यूसीसी को लागू कर इतिहास रचा है। साथ ही साबित किया है कि भाजपा जनता से किए अपने वायदे को पूरा करती है। यूसीसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लिए मजबूत आधार स्तंभ का काम करेगी।

## पार्किंग प्रकरण चयन समिति के समक्ष विचाराधीन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** डांठ में स्थित अटल लीलावती पंत राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में पार्किंग का प्रकरण जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा पार्किंग चयन समिति के सम्मुख विचार के लिए भेजा जा रहा है। इस प्रकरण की जानकारी सचिव जिला विकास प्राधिकरण ने अध्यक्ष भागीरथी फाउंडेशन प्रकाश भट्ट को उपलब्ध कराई है। दरअसल पार्किंग विद्यालय के समीप प्रस्तावित थी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्माण की कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई। तब अध्यक्ष भागीरथी फाउंडेशन ने जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण से सूचना मांगी थी। जवाब में सचिव ने बताया है कि पार्किंग चयन समिति के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दिए टिप्स

▶▶ एमबीपीजी कॉलेज में हुई कार्यशाला

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कैट, बैंक, एसएससी समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स दिए गए।

एमबीपीजी कॉलेज के करियर काउंसलिंग सेल और वाणिज्य विभाग की ओर से बुधवार को कार्यशाला हुई प्राचार्य डॉ. बनकोटी ने कहा कि परंपरागत स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई के साथ प्रतिदिन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पढ़ना ही सफलता की कुंजी है। प्रो. सीएस जोशी ने कहा कि रेगुलर मोड पर मॉक प्रैक्टिस टेस्ट पेपर के साथ समय का प्रबंधन टाइम मैनेजमेंट करने की कला सीखनी चाहिए। दीक्षित मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को कैट और मैट परीक्षा की जानकारी दी। इस दौरान स्कॉलरशिप टेस्ट भी लिया गया जिसमें करंट अफेयर, बेसिक नॉलेज, तार्किक शक्ति, लॉजिकल रीजनिंग आधारित 50 प्रश्न पूछे गए। संचालन कॅरियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के सह-संयोजक डॉ. नवल किशोर लोहनी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. संतोष कुमार, डॉ. नीरज तिवारी, डॉ. विजयलक्ष्मी, डॉ. कविता बिष्ट, डॉ. नीरज रूवाली मौजूद रहे।

### स्टेम सेल्स ट्रांसप्लांट की दी जानकारी

**हल्द्वानी :** एनएसएस विशेष शिविर में डीकेएमएस, बीएमएसटी की ओर से ब्लड कैंसर को खत्म करने के लिए स्टेम सेल्स ट्रांसप्लांट की जानकारी दी गई। एमबीपीजी कॉलेज में चल रहे एनएसएस शिविर में बुधवार को कुमाऊं विवि की ओर से नवीन चंद्र पनेरू ने आरटीआई की जानकारी दी। उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. सीडी सूठा और कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने स्वयंसेवियों को संयमित जीवन जीने के टिप्स दिए। इस मौके पर कुमाऊं विवि के पूर्व कुलसचिव प्रो. बीसी जोशी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. किरन कर्नाटक, डॉ. मंजू पनेरू, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. भुवन चंद्र मेलकानी आदि उपस्थित रहे।

**आकर्षण** राजस्थान का संतरा रसीला और इसके दाम भी ज्यादा नहीं हैं

# महाराष्ट्र को टक्कर दे रहा राजस्थान का संतरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र के संतरे के सिर पर रखा नंबर-एक का ताज डोलने लगा है, क्योंकि उसे राजस्थान के संतरे से जबरदस्त टक्कर मिल रही है। नागपुर के संतरे के मुकाबले राजस्थान का संतरा देखने में आकर्षण, रसीला और इसके दाम भी ज्यादा नहीं हैं।

जी हां, संतरे का जिक्र होने पर ज्यादातर लोगों की जुबां पर स्वतः नागपुर, महाराष्ट्र का नाम आ जाता है। प्रचुर मात्रा में उत्पादन और स्वाद दोनों के मामले में अब तक नागपुर के संतरे का कोई तोड़ नहीं था लेकिन अब उससे मुकाबला करने के लिए राजस्थान का संतरा मैदान में उतर चुका है।

हल्द्वानी मंडी में इन दिनों महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के साथ राजस्थान का संतरा भी आ रहा है। नवीन मंडी में फलों का कारोबार करने वाले एनके



दानी ने बताया कि राजस्थानी संतरे की भी मांग बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि राजस्थानी संतरा देखने में आकर्षक, स्वाद में अन्य की तुलना में ज्यादा रसीला व मीठा और इसके दाम भी अन्य के बराबर हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान का मौसम गर्म रहने से यह ज्यादा रसीला व मीठा होता है। नागपुरी संतरे का छिलका पतला, जबकि राजस्थानी का छिलका मोटा होता है, इसलिए यह देखने में आकर्षक लगता है। लगभग सभी जगहों के संतरों के दाम एक जैसे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मंडी में 30-45 रुपये किलो संतरा बिक रहा है और प्रतिदिन करीब पांच हजार कैरेट संतरा आ रहा है।

फल आढ़तियों ने बताया कि नागपुर के बाद राजस्थान के झालावाड़ जिले का संतरा लगातार लोकप्रिय हो रहा है और यह राजस्थान के नागपुरी संतरे के नाम से चर्चा पा रहा है। यहां के संतरे की गुणवत्ता इतनी बढ़िया है कि किसानों को इसे बेचने के लिए मंडियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि व्यापारी खुद ही उनके पास आते हैं। यहां के संतरे को विदेशों में भी काफी पसंद किया जा रहा है। इस वर्ष राजस्थान में संतरे की पैदावार पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी हुई है। अभी तक पेड़ों से 25 फीसदी फल ही तोड़ा गया और 75 फीसदी फल तोड़े जाने बाकी हैं। संतरे की फसल जनवरी से तैयार होने लगती है और मार्च तक रहती है।

## सार संक्षेप

### कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों पर विशेष फोकस



मलुवाताल में मतदान को लेकर शपथ लेते लोग।

**भीमताल :** सुदूरवर्ती क्षेत्र मलुवाताल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी और नोडल अधिकारी स्वीप नैनीताल अशोक कुमार पांडे ने बताया कि जनपद के 64 मतदान केंद्र ऐसे चयनित किए गए हैं, जिनमें वर्ष 2019 के लोकसभा निर्वाचन में कम मतदान हुआ था। इन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ईएलसी एवं चुनाव पाठशाला के माध्यम से पोस्टर, पेंटिंग, रंगोली, गीत संगीत को कार्यक्रम का आधार बनाया गया है। स्वीप नैनीताल के सह समन्वयक गौरी शंकर काण्डपाल, बीएलओ लाल सिंह गंगोला मौजूद रहे।

### 105 लोगों की आंखों की जांच, दवाई भी वितरित



शिविर में पंजीकरण कराते लोग।

**रामनगर :** ग्राम प्रधान सुनीता घुघत्याल के प्रयासों से कानिया में आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 105 लोगों की आंखों की जांच की गई। मरीजों को आंखों की दवाई वितरित की गई। शिविर में 7 मोतियाबिंद, पांच नखूना के मरीज पाए गए जिनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान डॉ. आर तिवारी, राहुल रावत, संजीव शर्मा, वैभव त्यागी, सुरेश घुघत्याल, विनोद करगेती, सुबोध चमोली आदि मौजूद रहे।

### नैनीताल से हल्द्वानी चलेंगी रोडवेज की 10 अतिरिक्त बसें

**नैनीताल :** पर्यटक सीजन को देखते हुए नैनीताल से हल्द्वानी के लिए रोडवेज की 10 बसें बढ़ाई जाएंगी। सरोवर नगरी में पर्यटक सीजन के दौरान पर्यटकों की अधिक भीड़ के कारण स्थानीय यात्रियों को यात्रा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस कारण रोडवेज की दस बसें बढ़ाई जाएंगी। अभी नैनीताल से हल्द्वानी के लिए 20 बसें चलाई जाती हैं। जो रोज़ाना 40 चक्कर लगाती हैं। रोडवेज की महाप्रबंधक पूजा जोशी ने बताया कि पर्यटन सीज़न को देखते हुए दस बसें बढ़ायी जाएंगी जो अतिरिक्त 20 चक्कर रोजाना लगाएंगी। इससे स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी यात्रा करने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### शवदाह के लिए निम्न स्तर की लकड़ी उपलब्ध कराने का आरोप

**गरमपानी :** शवदाह के लिए खैरना स्थित लकड़ी टाल में पतली लकड़ी मिलने पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने नाराजगी जताई है। आरोप लगाया है की टाल में निम्न स्तर की लकड़ियां उपलब्ध कराई जा रही है जिस कारण शवदाह में लोगों को दिक्कतों कि सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेता ने मामले की जांच को जल्द वन निगम के उच्चाधिकारियों से वार्ता करने की बात कही है।

### पकड़ी गई शराब को नष्ट किया

**भीमताल :** न्यायालय द्वारा गठित कमेटी अध्यक्ष एसडीएम प्रमोद कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे, अभियोजन अधिकारी श्रद्धा रावत, कोतवाल हरपाल सिंह ने आबकारी की ओर से पकड़ी शराब का निस्तारण किया। अलग-अलग स्थानों पर 16 मुकदमों में पकड़े 1046 से अधिक अद्धे पव्वे और बोतल का निस्तारण किया गया।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# प्रधानाचार्य सीधी भर्ती की विज्ञप्ति की जलाई होली, किया विरोध

## 692 पदों को सीधी भर्ती से भरने के लिए लोक सेवा आयोग ने जारी की है विज्ञप्ति

संवाददाता भीमताल/रामनगर



राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान पर रामनगर में विज्ञप्ति की प्रति जलाते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भर के समस्त जिला और मंडल मुख्यालय में प्रधानाचार्य सीधी भर्ती के विज्ञापन की प्रति की होली जलाई गई।

भीमताल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल में राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री डॉ कन्नू जोशी के नेतृत्व में सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। डॉ कन्नू जोशी ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य का पद शत प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाता है,लेकिन विभाग ने प्रधानाचार्य के 692 पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरने के लिए लोक सेवा आयोग के माध्यम से विज्ञप्ति जारी कर दी है। इससे शिक्षा विभाग में पूर्व से कार्यरत और पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। विरोध प्रदर्शन में दिनेश प्रसाद, नित्यानंद कांडपाल, नरेंद्र नाथ गोस्वामी, चंपा देवी शामिल रहे।

रामनगर में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हुई सभा को संबोधित करते हुए संगठन के प्रांतीय नेता पूर्व मंडलीय मंत्री नवेंदु मठपाल ने कहा आयोग से प्रधानाचार्यों के रिक्त पदों को भरे जाने की विज्ञप्ति का निकलना राजकीय शिक्षकों के साथ वादा खिलाफी है। ब्लाक अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि इस मुद्दे पर सभी को एकजुट होना होगा। मंत्री अनिल कड़ाकोटी, डॉ. नंदन बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार, ब्लॉक मंत्री अनिल कडाकोटी, महेश्वर बाजपेयी, सचिन शर्मा, जीतपाल सिंह कठायत, अशेष अग्रवाल, नरेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।




राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल में विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार



रथ को रवाना करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी एवं तहसीलदार मनीषा बिष्ट।

# चुनाव का पर्व देश का गर्व, जरूर करें मतदान

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन तत्पर है। बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने स्वीप के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ स्लोगन, लोकगीत और ऑडियो के जरिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करेगा। यह रथ अगले दो दिनों तक लालकुआं विधानसभा के अंतर्गत अलग-अलग क्षेत्रों में घूमेगा। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने मतदाताओं से अपील की है कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान कर सशक्त लोकतंत्र के सहभागी बने। इस अवसर पर ब्लॉक स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरेश भट्ट, मोनिका चौधरी, रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित बोरा, प्रशासनिक अधिकारी विपिन पंत, राजीव मोहन बिरखानी, भगवान सिंह माजिला, राजीव मोहन बिरखानी, गिरीश गुणवंत, ग्राम प्रधान हरीश बिरखानी, मोहन चंद्र दुर्गापाल आदि मौजूद रहे।

### एमबीपीजी कॉलेज में बनाया गया चुनाव कंट्रोल रूम

**हल्द्वानी :** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिले में निर्वाचन कंट्रोल रूम की स्थापना एमबीपीजी कॉलेज में की गई है। उप जिला निर्वाचन फिंचाराम चौहान ने बताया कि एमबीपीजी कॉलेज के कक्ष संख्या-4 में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें फोन नंबर 05946-297148, 297136, 297146 तथा 297137 हैं। निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कन्ट्रोल रूम से सूचनाएं प्राप्त की जा सकती हैं। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगा।

## सार-संक्षेप



कुमाऊं विवि के प्रशासनिक भवन सभागार में मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञान के बीच अंतर कम हो

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन सभागार में बुधवार को 'कैंपस टू करियर- एक्सप्लोरिंग लेटेस्ट स्किल ट्रेंड्स' विषय पर इंडस्ट्री एकेडेमिया मीट का आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स और इंडस्ट्री के बीच एक नया रिलेशन बनाने के उद्देश्य से आयोजित इंडस्ट्री एकेडेमिया मीट की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने की। कुविवि के बायोमेडिकल साइंस के संकायाध्यक्ष डॉ. महेंद्र राणा ने सैद्धांतिक ज्ञान और व्यवहारिक अनुप्रयोगों के बीच अंतर को कम करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. केके पांडे, नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सचिव वेद शाह, वित्त नियंत्रक अनीता आर्या, विभागाध्यक्ष मैनेजमेंट प्रो.अमित जोशी, सिद्धार्थ शर्मा,अनिल कपूर आदि मौजूद रहे।



एलबीएस में युवा मतदाताओं को वोट के प्रति जागरुक करते डॉ. सुरेश भट्ट।

### युवा वोटरों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**हल्दूचौड़ :** लालबहादुर शास्त्री महाविद्यालय हल्दूचौड़ के वार्षिक क्रीड़ा समारोह में स्वीप लालकुआं/हल्द्वानी की टीम ने युवा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। ब्लॉक समन्वयक स्वीप डॉ. सुरेश भट्ट एवं मोनिका चौधरी ने युवाओं को ऑनलाइन मतदाता पहचान पत्र बनाने की जानकारी भी दी। इस अवसर प्रभारी प्राचार्य डॉ. गीता मथेला, कैंपस एंबेसडर डॉ. मंजू जोशी, डॉ. रीता दुर्गापाल, डॉ. हेम चंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे।

### भीमताल विधानसभा का कार्यालय खुला

**भीमताल :** लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभा भीमताल में कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, सांसद अजय भट्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान लोकसभा प्रभारी बलवंत भोर्याल, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, मंडल अध्यक्ष कमला आर्य, दुग्ध समिति अध्यक्ष मुकेश बोरा, ब्लॉक प्रमुख धारी आशा रानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, राहुल जोशी, प्रदीप पाठक, पंकज जोशी, बीना आर्य आदि मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों ने किया एसएसआई का घेराव

**रामनगर :** पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के भाई नवीन नेगी के साथ बीते दिनों ग्राम ढिकुली के एक रिजॉर्ट में शादी समारोह में कुछ लोगों ने मारपीट की थी। बुधवार को पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने जनप्रतिनिधियों के साथ एसएसआई मनोज नयाल का घेराव किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि बीते दिनों अमोद रिजॉर्ट ढिकुली में शादी के दौरान उनके भाई के साथ कुछ लोगो ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए उनके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य महावीर सिंह रावत,धीरेंद्र चौहान,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य किशोर चंद्र मौजूद रहे।

### जन संवाद में उठी समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए



**भीमताल :** विकासखंड सभागार में जनसंवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने कार्यक्रम में उठने वाली समस्याओं के निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनसंवाद में राशन कार्ड, कृषि, किसान सम्मान निधि, सड़क, जल संस्थान, पशुपालन पेंशन सहित कई समस्याएं उठीं। ग्राम प्रधान पूरन भट्ट के नेतृत्व में ग्रामीणों ने समस्याओं से अवगत कराया। ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे ने जनसंवाद को ग्रामीणों के लिए लाभकारी बताया। चिराग संस्था द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख ने किया। इस दौरान जनसंवाद में जयेष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख रामपाल मौजूद रहे।



भरतपुर में आयोजित होली कार्यक्रम में नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### हुड़के की थाप व उत्तराखंडी गीतों पर झूमे लोग

**हल्द्वानी :** संस्कृति विभाग के तत्वावधान में अपनी संस्कृति लोक एवं सामाजिक संस्था ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। भरतपुर में चंदन महरा के निर्देशन में होली कार्यक्रम हुआ जिसमें क्षेत्रीय महिलाओं ने होली गायन किया। लोक गायक महेंद्र भैसोड़ा के उत्तराखंडी गीतों पर लोग खूब झूमे। चंदन महरा व शंभू दत्त 'साहिल' ने हुड़के की थाप पर पहाड़ी होली गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। स्थानीय निवासी हरीश चंद्र जोशी, कमल बोरा, सुरेश जोशी, हार्दिक, भावना महरा, तारा भट्ट, कमला बोरा आदि मौजूद रहे।

# होली पर जंगलों में शिकार को लेकर हाई अलर्ट जारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**सतर्कता**

▸▸ वन विभाग ने पश्चिमी वन वृत्त के वन संरक्षक ने प्रभागीय वनाधिकारियों को दिए सतर्कता बतरने व निगरानी के निर्देश

**अमृत विचार :** होली की मस्ती में जंगलों में अवैध खनन, कटान और शिकार की आशंका के मद्देनजर पश्चिमी वन वृत्त में अलर्ट जारी किया गया है। खासकर उत्तर प्रदेश बॉर्डर से सटे हुए जंगलों में चप्पे-चप्पे की निगरानी की जाएगी।

पश्चिमी वन वृत्त में तराई पूर्वी, तराई केंद्रीय, तराई पश्चिमी, हल्द्वानी और रामनगर पांच वन डिविजन शामिल है। इनमें तराई पूर्वी, तराई पश्चिमी के जंगल उप्र बॉर्डर और हल्द्वानी डिवीजन के जंगल अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर नेपाल तक सटे हुए हैं। होली पर तंत्र मंत्र की गतिविधियों की वजह से शिकारियों की घुसपैठ का खतरा बढ़ जाता है। होली पर अवकाश भी होता है ऐसे में अवैध कटान की भी आशंका रहती है।

जंगल, वन्यजीवों की सुरक्षा को देखते हुए पश्चिमी वन वृत्त के संरक्षक दीप चंद्र आर्या ने हाई अलर्ट जारी किया है। उन्होंने पांचों प्रभागीय वनाधिकारियों को पत्र लिखकर होली पर जंगलों की सुरक्षा के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। विशेषकर उप्र बॉर्डर से सटे जंगल जैसे काशीपुर, रुद्रपुर, खटीमा, सितारगंज, बनबसा, चंपावत में जंगलों में निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इनमें रेंज कर्मचारियों को टीमें बनाकर लंबी दूरी की गश्त करने, थर्मल कैमरा स्थापित किए गए हैं। रेंज अधिकारियों को भी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। पश्चिमी वन वृत्त के संरक्षक दीप चंद्र आर्या ने बताया कि होली पर जंगलों में शिकार के मद्देनजर वन कर्मचारियों को चौंकन्ना रहने के लिए कहा गया है। नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य व बार्डर से सटे जंगलों के गश्ती स्टाफ के अवकाश निरस्त हैं।

## मार्ग का निर्माण नहीं होने से ग्रामीण नाराज

**भीमताल :** जंगलियागांव के शिमाला तोक के बाद अब ओखलकांडा के सुरंग सुई के ग्रामीण मार्ग नहीं बनने पर आंदोलन की राह पर हैं। क्षेत्र पंचायत सुरंग सुई रश्मि खनवाल, सरपंच वन पंचायत सुरंग जमा देवी ने बताया कि मार्ग निर्माण की मांग को लेकर ग्राम सभा सुरंग के ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 2021 में तहसील प्रांगण खनस्यु में आहूत चुनावी सभा में इस मार्ग निर्माण की घोषणा कर चुके हैं। 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह मार्ग निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति नहीं हो पाई है। मार्ग निर्माण की मांग को लेकर 15 मार्च को ग्रामीण धारी तहसील में एक दिवसीय धरना देंगे। पत्र के माध्यम से सूचित भी कर दिया है।

# अधिकारी बोले नहीं दी अनापत्ति

संवाददाता, कालाढूंगी



ग्रामीणों की बैठक लेते अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकासखंड कोटाबाग के सूरपुर गांव में निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट के मानकों की जांच की मांग को लेकर चल रहे धरने के 28 वें दिन डीएम वंदना के निर्देश पर एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने कालाढूंगी तहसील पहुंचकर तमाम विभागीय अधिकारियों एवं धरने पर बैठे ग्रामीणों के साथ बैठक की।

बुधवार को तहसील सभागार में ग्रामीणों ने अनापत्ति देने वाले अधिकारियों से सवाल किया तो अधिकांश विभागों के अधिकारी यही बोले कि उन्होंने कोई अनापत्ति नहीं दी है। किसी का कहना था कि यह हमारे विभाग की अनापत्ति नहीं है। लोनिवि के अधिकारियों ने कहा ग्रामीण सड़क के बीच से 12 मीटर छोड़कर निर्माण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों ने अनापत्ति प्रमाण पत्र दिखाए और अफसर मना करते रहे तो यह हकीकत देख एडीएम द्विवेदी भी हैरत में पड़ गए।

एडीएम द्विवेदी ने न्यायालय और मानकों को हवाला देते हुए ग्रामीणों को संतुष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण स्थलीय निरीक्षण कर जांच की मांग करने लगे। ग्रामीणों ने एडीएम द्विवेदी को बताया कि विभागों के द्वारा सूचना के अधिकार में कुछ और सूचना दी है, जबकि अनापत्ति में कुछ और लिखा गया है। इधर एडीएम द्विवेदी ने कहा कि बैठक की रिपोर्ट डीएम नैनीताल को सौंपी जाएगी।

## कैंप इंडिया पोस्ट का शिविर आज

**भीमताल :** नौकुचियाताल डाकघर में बुधवार सुबह 10 बजे से कैंप इंडिया पोस्ट के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया ने बताया कि शिविर में 5 वर्ष से छोटे बच्चों के आधार कार्ड बनाए जाएंगे और सभी पुराने आधार कार्ड अपडेट किए जाएंगे। कैंप में किसान सम्मान निधि के खाते भी खोले जाएंगे।

### रूसी बाईपास पुल का होगा नवनिर्माण

**नैनीताल :** पर्यटक सीजन के दौरान लाइफ़लाइन माने जाने वाले रूसी बाईपास में पिछले साल अधिक दबाव होने के कारण पुल कमजोर हो गया था। जो आने वाले समय में ख़तरा बन सकता है। पुल को ठीक करने के लिए जल्द ही आईटी टीम की ओर से निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद लोनिवि की ओर से पुल के नवीनीकरण कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि जल्द ही आईटी टीम की ओर से निरीक्षण कर दिया जाएगा। इसके बाद विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित कर दिया जाएगा।

**समस्या** | बाईपास मार्ग पर 4 दिनों से स्ट्रीट लाइट खराब, सुध नहीं ले रहे जिम्मेदार

# स्ट्रीट लाइट खराब, लोग परेशान

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल के मल्लीताल बाजार बाइपास मार्ग पर पिछले चार दिनों से स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से स्थानीय जनता परेशान है। स्थानीय जनता की मानें तो नगर पालिका के अंतर्गत आने वाली व्यवस्था पिछले कई समय से चरमराई हुई है।

पिछले चार दिनों से बाजार और बाइपास मार्ग पर पूरी तरह से व्यवस्था ठप है। लोगों ने बताया कि नगर पंचायत ने अपने कार्यकाल में अधिकतम वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगवाई और अब जब से कार्यकाल समाप्त हुआ है। कोई सुनवाई नहीं है वहीं बताया कि बाजार क्षेत्र होने के कारण और इस क्षेत्र से अधिकांश आसपास का क्षेत्र जुड़ा होने के कारण जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। समय से पहले ही सुरक्षा को लेकर व्यापारी समय से पहले बाजार बंद करने को मजबूर हैं। स्थानीय जनता ने नगर पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों को शीघ्र से शीघ्र व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की है।



बाजार क्षेत्र में लंबे समय से पथ प्रकाश व्यवस्था नहीं है। ऐसे में कई बार नगर पालिका को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शीघ्र ही समस्या को लेकर प्रतिनिधिमंडल उच्चाधिकारियों से मिलेगा।

**-भाष्कर भगवाल** स्थानीय व्यापारी



कई बार नगर पालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों को जनता की समस्या से अवगत कराया गया है। लेकिन जनता की समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**-भारत लौशाली,** पूर्व सभासद मल्लीताल बाजार क्षेत्र



बाजार में शाम होते ही सन्नाटा छाने से लोग भी नहीं निकल रहे हैं। व्यापार आदि सब प्रभावित है। शीघ्र समस्या का समाधान होना चाहिए।

**-मोहन बहुगुणा,** स्थानीय व्यापारी

# रेस्टोरेंट व फड़ की होगी खाद्य पदार्थों की जांच

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** त्योहारी सीजन और नैनीताल के आने वाले पर्यटन सीजन को देख कर खाद्य सुरक्षा विभाग चौकन्ना हो चुका है। विभाग की ओर से जल्द ही जिले में अभियान चलाकर छापेमारी की जाएगी। होटल, रेस्टोरेंट व फड़ों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। अनियमितताएं पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि नैनीताल में बीते सालों में खाद्य सामग्री बेचने वालों, रेस्टोरेंट व फड़ों की संख्या तेजी से बढ़ी है। कमाई करने के चक्कर में कई संचालक खाने के साथ गंदगी भी परोस रहे हैं। इस बात का खुलासा तब हुआ जब जनवरी में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मल्लीताल क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त को रेस्टोरेंट में गंदगी मिली।

साथ ही सब्जी के ऊपर चलते कॉक्रोज भी मिले थे। इधर गर्मी की शुरुआत व होली के आगमन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से अभियान चलाया जाना तय किया जा चुका है। विभाग अगले सप्ताह से क्षेत्र में टीम बनाकर छापेमारी करेगा। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान होटल, रेस्टोरेंट, दुकानों में खाद्य सामग्री, दूध, दूध से बने खाद्य पदार्थ, तेल, कोल्ड ड्रिंक व खुले पदार्थों के सैंपल भरे जाएंगे। साथ ही हाइजीन व स्वच्छता की भी जांच की जाएगी।



## एक नजर

### डेढ़ माह पूर्व घायल की उपचार के दौरान मौत

**खटीमा।** डेढ़ माह पूर्व अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल युवक का अस्पताल में उपचार चल रहा था जिसकी मौत हो गई है। झनकट निवासी सुरेंद्र कुमार शाह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि 27 जनवरी को शाम करीब साढ़े आठ बजे अज्ञात वाहन चालक ने उसके भाई संजीव कुमार की बाइक में पीछे से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**शक्तिफार्म।** मंगलवार को पुलिस ने बैकुंठपुर निवासी राकेश सरकार (35) पुत्र साधु चरण सरकार, रुदपुर निवासी संजीत राय (25) पुत्र वीरेंद्र राय और देवनगर निवासी अजीत मिस्त्री पुत्र कांताराम मिस्त्री को अवैध कच्ची शराब के कुल 118 पाउच के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### नि:शुल्क ट्यूबवेल कनेक्शन देने की मांग

**काशीपुर।** किसान विकास क्लब ने यूपी तर्ज पर किसानों के खेतों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल/नलकूप के लिए सरकार द्वारा बिजली नि:शुल्क देने की मांग की, जिसको लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, अर्जुन सिंह, उमेश चौबे, सुखबीर सिंह, अजय कपूर, नरोत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारी पूर्ण करें : डीएम

## धामी 15 को आएंगे जसपुर, शिलान्यास व लोकार्पण कार्यों की सूची मांगी



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 15 मार्च को जसपुर में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला सभागार में तैयारियों को लेकर बैठक की। इस दौरान अधिकारियों को मुख्यमंत्री के एक दिवसीय भ्रमण की सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बुधवार को जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों के जो भी शिलान्यास एवं लोकार्पण कराने हैं वे तत्काल सूची उपलब्ध कराएं। कार्यक्रम स्थल पर विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। इस लाभार्थी सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, सम्मान पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच, कुर्सी आदि सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कार्यक्रम स्थल पर सुचारू विद्युत, पेयजल आदि व्यवस्थाएं अधिशासी अभियंता विद्युत, जल संस्थान द्वारा की जाएगी। उन्होंने हेलीपैड पर उचित व्यवस्थाएं करते हुए सेफ हाउस बनाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, पीडी अजय सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, सहायक परियोजना अधिकारी संगीता आर्या, एआरटीओ विमल पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, डीपीओ व्योमा जैन सहित उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, ओसी डॉ. अमृता शर्मा वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

## खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव की अधिसूचना जारी

**खटीमा।** खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन के वर्ष 2023-24 के चुनाव की अधिसूचना जारी बुधवार को जारी कर दी गई है। इसके तहत नामांकन 18 से 20 और मतदान अप्रैल माह में बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड द्वारा निर्धारित तिथि पर होंगे।

खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन के चुनाव के लिए बनाए गए चुनाव अधिकारी हयात सिंह कुंअर और सहायक चुनाव अधिकारी अवधेश मौर्य ने बुधवार को चुनाव की अधिसूचना जारी की, जिसके तहत नामांकन पत्रों की बिक्री 14 से 16 मार्च 11 से चार बजे तक की जाएगी। नामांकन पत्र 18 से 20 मार्च को 11 से चार बजे तक जमा कराया जा सकते हैं जबकि नामांकन पत्रों की जांच 21 मार्च 11 से चार बजे तक होगी। नाम वापसी 22 मार्च को 11 बजे से चार बजे तक लिए जा सकेंगे। चुनाव अधिकारी कुंवर ने बताया कि मतदान अप्रैल माह में बार काउंसिल आफ उत्तराखंड नैनीताल द्वारा जो भी तिथि निर्धारित की जाएगी उस दिन कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मतदान के लिए कुल 174 अधिवक्ता पंजीकृत हैं जो अपने मत का प्रयोग करेंगे। बता दें कि नामांकन 18 से 20 और मतदान अप्रैल माह में बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड द्वारा निर्धारित तिथि पर होंगे।

# डीआईजी ने पुलिस कार्यालय व पुलिस लाइन की व्यवस्था परखी



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत। ● अमृत विचार

**निरीक्षण**

- एसएसपी के साथ पुलिस लाइन पहुंचे डीआईजी
- स्थलीय निरीक्षण के बाद परेड मैदान में जवानों ने सलामी दी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कुमाऊं परिक्षेत्र के डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय का वार्षिक मुआयना किया और निगरानी कक्ष के अलावा कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एमटी शाखा के स्टोर रूम और वॉशर मैन कक्ष का लोकार्पण भी किया।

बुधवार को डीआईजी एसएसपी मंजूनाथ टीसी के साथ पुलिस लाइन पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण किया, जहां परेड मैदान में जवानों ने सलामी दी और टोली वार टर्नआउट ड्रिल का प्रदर्शन किया। डीआईजी ने कई शाखाओं का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा और आर्मरी, बैरिंग, एमटी शाखा, जीपी स्टोर, भोजनालय, पुलिस बैरक का मुआयना कर साफ सफाई व रखरखाव को देखा। उन्होंने एमटी शाखा में नवनिर्मित स्टोर रूम व वाशर मैन रूम का लोकार्पण भी किया। इसके बाद जवानों के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व कर्मियों से व्यक्तिगत व पारिवारिक समस्याओं को सुना। दोपहर दो बजे डीआईजी ने पुलिस कार्यालय स्थित प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, डीसीआरबी, रीडर कार्यालय, साइबर सेल, कंट्रोल रूम के अलावा दस्तावेजों को देखा और दस्तावेजों का रखरखाव को दुरुस्त करने का आदेश दिया। इस अवसर पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, सीओ निहारिका तोमर, सीओ ओमप्रकाश शर्मा, सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी, सीओ तपेश कुमार, सीओ संचार रेवाधर मठपाल, प्रतिसार निरीक्षक मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

# खामियां मिलने पर अस्पताल सील

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में संचालित हो रहे अनेक अस्पताल संचालकों की ओर से नियमों को ताक पर रखा जा रहा। शिकायतों के आधार पर न्यूसिटी हास्पिटल दोराहा को स्वास्थ्य व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान अनियमितताएं सामने आने पर सील कर दिया।



बाजपुर में चिकित्सालय को सील करवाते राजस्व व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

उपजिला चिकित्सालय के प्रभारी अधीक्षक डा.पीडी गुप्ता ने बताया कि दोराहा-बाजपुर में डा.सादक अली के नाम पर न्यूसिटी हास्पिटल पंजीकृत है और इसमें डा.सरताल आलम, डा.नरेंद्र कुमार, डा.गुलनवाब हुसैन व स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.शवाना आदि चिकित्सक कार्यरत बताए गए हैं। निरीक्षण के दौरान ट्रेंड स्टाफ उपलब्ध नहीं पाया गया तथा अस्पताल का पंजीकरण भी 12 अप्रैल 2023 को समाप्त हो गया था। लैब चिकित्सक की अवधि भी 31 मार्च 2023 तक थी।

वहीं नगरपालिका से कोई लाइसेंस व फायर ब्रिगेड विभाग से एनओसी भी नहीं ली गई थी, जबकि अस्पताल में तीन मरीज भर्ती पाए गए। वहीं ऑपरेशन थियेटर भी मानकों के अनुरूप नहीं था, मेडिकल स्टोर में भारी मात्रा में दवाइयां उपलब्ध थीं, लेकिन फार्मेसिस्ट आदि मौके पर नहीं मिला। भर्ती मरीजों के संबंध में भी कागजी कार्रवाई पूर्ण नहीं थी। इन तमाम खामियों को देखते हुए अस्पताल को सील कर दिया।

## बच्चों ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

**काशीपुर ।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का छात्राओं ने लाइव सुना। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा करीब 1.25 लाख करोड़ से तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखी गयी। सेमीकंडक्टर परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम उज्ज्वल भविष्य की ओर एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. मंगला, डॉ. रंजना, डॉ. पुष्पा धामा, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. ज्योति रावत आदि उपस्थित रहे।

# 15 वर्ष बाद जर्जर सड़क से मिलेगी निजात

**सौगात**

- विधायक ने किया इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग का शुभारंभ
- 1.32 करोड़ की लागत से होगा सड़क का निर्माण

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पिछले 15 वर्ष से वृहस्पति मंदिर से शिव मंदिर से अटरिया मोड़ तक क्षतिग्रस्त सड़क बनने का स्थानीय लोग काफी लम्बे समय से इंतजार कर रहे थे। उनकी अब मांग पूरी होने जा रही है।

विधायक शिव अरोरा ने आवास विकास क्षेत्र में 1.32 करोड़ की लागत से राज्य योजना के तहत बनने वाली सड़क का फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक अरोरा का स्वागत किया।



फीता काटकर रोड के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक अरोरा। ● अमृत विचार

बुधवार को आवास विकास शिव शक्ति मंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि विगत 15 वर्ष से इस रोड की हालत काफी खराब थी। बरसात में जलभराव के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कत आ रही थी। इसे ठीक कराने की मांग स्थानीय लोगों ने विधायक अरोरा से की थी। अब लोगों की यह मांग पूरी होने जा रही है। विधायक ने कहा की इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग बनने से इस रोड पर जलभराव की समस्या भी खत्म हो जाएगी। इस अवसर पर राजेश जग्गा, रमेश कालरा, रीना जग्गा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, आदेश शर्मा, मनोज मदान, उमेश पसरिचा बिट्टू, विशाल बांगा, सीमा देवी, बाबू सिंह चौहान, राधेश शर्मा, बृजमोहन, नरेश, जयपाल सिंह, अनिल, परमजीत सिंह, सुभाष धमीजा आदि लोग मौजूद रहे।

## दो घरों में पकड़ी बिजली चोरी

**बाजपुर।** विद्युत विभाग की टीम ने बेरिया दौलत क्षेत्र में दो घरों में बिजली चोरी पकड़ी है। दोनों उपभोक्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि बिजली चोरी रोकने को गठित ऊर्जा विभाग व विजिलेंस की टीम ने बेरिया दौलत क्षेत्र में छापेमारी कर अनेक घरों के विद्युत संयोजन चेक किए जिसमें बेरिया दौलत निवासी परमजीत सिंह पुत्र दलीप सिंह के घर पर 3.015 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी जिसमें संयोजन विच्छेद कर 12 मीटर 4-कोर केबिल कब्जे में ली है। उमेश पुत्र दलपत 0.114 किलोवाट बिजली का उपयोग अवैण रूप से पाया गया जिसमें कनेक्शन काटकर 16 मीटर केबिल कब्जे में ली गई है।

# जागरूकता से ही रुकेगी महिला हिंसा

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** महिला दिवस पर महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं के अधिकारों व संपत्ति के लिए सांसद प्रत्याशियों को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इस दौरान महिलाओं की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

बुधवार को कृष्णा होटल में महिला संगठन की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय की पत्नी मनविंदर पांडेय व संरक्षका हीरा जंगपांगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि मवविंदर पांडेय ने कहा कि महिलाओं की जागरूकता से ही हिंसा पर रोक लगा सकती है। महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष स्वयं करना होगा। उन्होंने अधिकारों के लिए महिला संगठन द्वारा महिलाओं को जागरूक करने का आह्वान किया। संगठन की संरक्षका हीरा जंगपांगी ने कहा लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं श्रम करती हैं, लेकिन विडम्बना यह है कि राजस्व कानूनो में उनके स्वतंत्र व समान अधिकार कहीं भी अभिलिखित नहीं है।



दिनेशपुर में महिला दिवस पर अपने अधिकारों की मांग को लेकर मौजूद महिलाएं।

तमाम राजस्व कानून घर के मुखिया अर्थात पुरुषों पर ही केंद्रित हैं। अतिथि अनीता ने कहा कि महिला पुरुष बराबरी में "पुरुषों की भागीदारी" रहते हुए समाज में महिला पुरुष बराबरी के लिये अभियान चलाना अत्यंत आवश्यकता है। रश्मि ने कहा कि महिलाओं को चुप्पी तोड़ो हिंसा के विरुद्ध मुंह खोलना होगा। इस दौरान बसंती मेवाड़ी व उषा टम्टा ने कहा कि समाज में जेंडर आधारित मान्यताएं व धारणाएं महिला के साथ जाने अनजाने में हिंसा व गैर बराबरी को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन बबीता राठौर ने किया। इस मौके पर नपं पूर्व चेयरमैन सीमा सरकार, प्रधानाचार्य अनीता त्रिपाठी, उषा टम्टा, हेमा सागर, नेहा सिंह, प्रधानाचार्य मेघना व्यापारी, रश्मि, रेनू, आकांक्षा, स्वेता, परमजीत कौर, अधिवक्ता सरिता सक्सेना, सुनीला मिस्त्री, मीना मनराल, भावना जंगपांगी संतोष आदि महिलाएं मौजूद थीं।

## नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने पर जताई खुशी

**काशीपुर।** सैनी महासभा में बैठक में भाजपा द्वारा हरियाणा का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। साथ ही मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई। जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक ओबीसी समाज के व्यक्ति को हरियाणा प्रदेश का मुख्यमंत्री चुना जाना गर्व की बात है, जिसके लिए उन्होंने सैनी महासभा की ओर से भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व व पीएम मोदी का आभार जताया। इस दौरान कुंदन सिंह सैनी, अशोक सैनी, घनश्याम सैनी, खूब सिंह सैनी, ओम प्रकाश सैनी, विजय सिंह सैनी, तेज प्रकाश सिंह, बृजेश सैनी, अजय सैनी आदि मौजूद रहे।



एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देते हिंदू युवा वाहिनी के सदस्य। ● अमृत विचार

### दढ़ियाल-अलीगंज को मिलाने वाला लिंक मार्ग बनाया जाए

**काशीपुर ।** दढ़ियाल रोड को ग्राम बांसखेड़ा होते हुए काशीपुर अलीगंज रोड को मिलाने वाला रोड के निर्माण को एसडीएम कार्यालय में हिंदू युवा वाहिनी ने ज्ञापन सौंपा। साथ ही चैती मेले से पूर्व इस सड़क के निर्माण कार्य की मांग की। बुधवार को हिंदू युवा वाहिनी के ब्लॉक अध्यक्ष अमनदीप सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में दिया, जिसमें कहा कि ग्राम बांसखेड़ा का अलीगंज मार्ग से होते हुए दढ़ियाल रोड को मिलाने वाला लिंक मार्ग से चैती मेले में जिला मुरादाबाद, रामपुर आदि से भी हजारों की संख्या में ट्रैक्टर–ट्रॉलियों, घोड़ा बुग्गी से श्रद्धालु दर्शन को आते हैं। बांसखेड़ा से दढ़ियाल रोड तक यह यह लिंक मार्ग वर्तमान में बिल्कुल क्षतिग्रस्त अवस्था में हैं, जिसमें तीन–चार फिट तक गड्ढे हैं। इस मार्ग पर कई वर्षों से कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ है। ज्ञापन देने वालों में मंजीत सिंह, बसंत सिंह, सुभाष सिंह, शंकर सिंह, बलजिंदर सिंह, अमित चौहान, नरेश, सतपाल, सरजीत सिंह, रवि, जय सिंह आदि शामिल है।

**मान्यता** बुक्सा जनजाति समाज के लोगों ने कराया था मंदिर का निर्माण, शिवलिंग से जुड़ी हैं कई किवदंतियां

# 350 साल पुराना शिव मंदिर है अटूट आस्था का केंद्र

संपाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** तराई में पुरातात्विक व धार्मिक महत्व वाले क्षेत्र का जब भी जिक्र होता है, रामबाग को कोई नहीं भूलता। यह चंद्रवंशियों की देवीभक्ति का गवाह है। बोक्साड़ की बसायत है तो अंग्रेजी राज में गवर्नमेंट एस्टेट भी रहा है।

तराई के आदिवासी बुक्सा जनजाति समुदाय की अटूट आस्था का केंद्र रामबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़िए शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। रामबाग वर्ष 1988 के आसपास तब सुर्खियों में आया जब पुरातत्व विभाग के दलों द्वारा की खुदाई में यहां आधा दर्जन से अधिक छोटी -बड़ी मूर्तियां मिलीं। पुरातत्वविदों ने अनुमान लगाया कि पत्थर को काटकर बनाई गई ये कलाकृतियां 13वीं सदी से पूर्व की हो सकती हैं। जब कुमाऊं-गढ़वाल में मूर्तिकला व स्थापत्यकला उत्कर्ष में थी। इस बात को 350 साल पूर्व घुमंतू बुक्साओं को मिला शिवलिंग भी बल देता है। बुक्साओं ने वर्ष 1953 में इस पवित्र जगह पर मंदिर स्थापित किया। किंवदंतियां हैं कि मंदिर के मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरासी के दादा शिवभक्त कल्याण सिंह की संतान नहीं थी। उन्हें स्वप्न में बाबा भोलेनाथ ने दर्शन दिए और कहा कि गांव में ही एक टीले पर शिवलिंग मिलेगा। यदि वह शिवलिंग के दर्शन करें तो मनोकामना पूर्ण हो जाएगी।



शिव मंदिर रामबाग में स्थापित शिवलिंग।

**चमत्कारिक माना जाता है शिवलिंग**

प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में स्थापित शिवलिंग चमत्कारिक माना जाता है। सुबह, दोपहर व शाम को शिवलिंग का रंग अलग-अलग होता है। विश्वास है कि साल दर साल शिवलिंग के आकार में भी वृद्धि होती है।

दंतकथा के अनुसार शिवभक्त कल्याण सिंह को शिव के आशीर्वाद से दो पुत्र भागमल सिंह व केदार सिंह की प्राप्ति हुई। बाद में भागमाल सिंह ने मंदिर की स्थापना कर 20 वर्ष तक सेवा की। वर्ष 1993 से इस परंपरा को उनके पुत्र मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व उनकी धर्मपत्नी पुजारन मन्तो देवी निभा रही हैं। उन्होंने सर्वप्रथम प्राचीन शिव मंदिर सुधार समिति का गठन किया। वर्ष 2005 में बुक्सा समुदाय के लोगों द्वारा आदिवासी शिव मंदिर कमेटी का गठन किया। तत्पश्चात आदिवासी शिव मंदिर संरक्षण समिति बनायी गयी। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग के दर्शन से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महाशिवरात्रि एवं मेले से पर्व क्षेत्र के कांवड़िए हरिद्वार से पैदल चलकर पवित्र गंगाजल लाकर महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। इसी के साथ शंखनाद से मंदिर परिसर में पांच दिवसीय मेला लगता है। इस दौरान जनपद ही नहीं बल्कि भारी राज्यों के श्रद्धालु भी यहां दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। मान्यता है की दर्शन करने से भक्तों की मुराद पूर्ण होती है।

# पेंशन और स्वास्थ्य समस्याओं का हल निकालने का संकल्प

**बैठक**

- सीके जोशी बने अध्यक्ष, पीडी बने महासचिव, कई मुद्दों पर चर्चा कर लिया गया निर्णय

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक शक्ति विहार कॉलोनी में हुई। इसमें सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की समस्याओं पर मंथन करने के बाद स्थानीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।



बैठक करते सेवानिवृत्त उत्तराखंड पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

बुधवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से चंद्र कुमार जोशी को अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद कोहली को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पीडी जोशी को महासचिव, जगदीश पाटनी को कोषाध्यक्ष, राम सिंह परवाल को संयुक्त सचिव, शुक्रलाल कन्याल को अध्यक्ष संगठनात्मक, हरिनंदन जोशी को वैधानिक सलाहकार के अलावा कैलाश चंद पंत को प्रवक्ता मनोनीत किया गया। इस दौरान नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने उत्तराखंड पुलिस के सेवानिवृत्त जवानों और अधिकारियों की पेंशन, स्वास्थ्य और आश्रितों की समस्याओं को लेकर चर्चा की और उसका समाधान निकालने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्ची राम, नारायण राम, किशोर मिश्र, अमर सिंह, होशियार सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दो संदिग्धों को किया गिरफ्तार, चाकू बरामद

**काशीपुर।** पुलिस ने ढकिया गुलाबो तिराहे के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अलीगंज रोड पर ढकिया गुलाबो तिराहे से ग्राम राजपुर केसरिया, मुरादाबाद निवासी दीपक पुत्र करन सिंह व समरपाल को गिरफ्तार किया। तलाशी में दोनों के कब्जे से एक एक चाकू मिला। दोनों का चालान किया गया है।

### विद्युत चोरी में रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा।** बिजली विभाग की टीम द्वारा मंगलवार को शाम करीब चार बजे संजय रेलवे पार्क के पास बिजली चोरी का मामला पकड़ा था, जिसमें विद्युत वितरण खंड के उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने पुलिस को सौंपी तहरीर में संजय रेलवे पार्क निवासी जाहिद अली के खिलाफ विद्युत मीटर से पहले लाइन में कट मारकर विद्युत चोरी करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसपी कार्यालय के बाहर पुरानी जेल स्थित जमीन पर भूमि पूजन व शिलान्यास, मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट को दी स्वीकृति

# बहुमंजिला वाहन पार्किंग जाम से दिलाएगी राहत

संवाददाता, काशीपुर



एएसपी कार्यालय स्थित बहुमंजिला पार्किंग का भूमि पूजन करते विधायक व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर में जाम के झाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए एएसपी कार्यालय के बाहर पुरानी जेल स्थित जमीन पर बहुमंजिला वाहन पार्किंग का भूमि पूजन व शिलान्यास किया गया। करीब 17 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से इस बहुमंजिला वाहन पार्किंग बनाने का काम शुरू हो गया है। बुधवार को विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने इसका भूमि पूजन किया।

बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में पार्किंग की समस्या को देखते हुए शासन से इस प्रोजेक्ट की स्वीकृति देने का काम किया। इसमें वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रथम किश्त में कुल लागत का 40 प्रतिशत धनराशि इसमें पहली किस्त के रूप में जारी भी कर दी गई है।

बुधवार को विधायक त्रिलोक चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा नेता दीपक बाली व गुरविंदर सिंह चंडोक ने इस प्रोजेक्ट का भूमि पूजन के बाद शिलान्यास किया। विधायक त्रिलोक चीमा ने कहा कि पार्किंग बनने से शहर में जाम व पार्किंग की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। कहा कि लंबे समय से काशीपुर में पार्किंग के लिए प्रयास किया जा रहा था। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्य को प्राथमिकता पर रखते हुए शासन से इसके लिए बजट स्वीकृत किया है। जिसके लिए काशीपुर की जनता सीएम धामी का आभार जताया है।

### चार मंजिला पार्किंग में 219 वाहन हो सकेंगे खड़े

एएसपी कार्यालय से लगे इस भूमि क्षेत्र में चार मंजिला पार्किंग में 219 वाहनों को खड़ा करने की क्षमता होगी। इससे बाजार में लगने वाले जाम से काफी तक जाम से मुक्ति मिलेगी। मल्टी स्टोरी पार्किंग निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण स्थानीय व क्षेत्रीय वास्तुकला के अनुसार किया जाएगा। प्रस्तावित पार्किंग में स्थल पर वर्तमान में एसपी कार्यालय है। नए निर्माण के तहत भूतल पर एसपी कार्यालय समेत कुछ कक्ष भी बनाए जाएंगे। यह पार्किंग 2736 .82 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में बनेगा।

# बेटे के दुर्व्यवहार से तंग वृद्धा ने लगा ली फांसी

संवाददाता, रुद्रपुर

**हताशा**

- मंगलवार रात का मामला, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- परिवार के लोग गए थे शादी में पंखे से लटका मिला शव

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में बेटे के दुर्व्यवहार से परेशान होकर बुजुर्ग महिला ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

संजय नगर खेड़ा की रहने वाली 55 वर्षीय बिलासी राय परिवार के साथ रहती है और उसकी चार बेटियां और एक बड़ा बेटा है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम को परिवार के लोग रिश्तेदार की शादी समारोह में गए हुए थे और जब वापस आए तो देखा कि बुजुर्ग महिला ने पंखे की कुंडी में फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का कहना था कि मृतक का बड़ा बेटा नशे की दलदल में फंस चुका है और आए दिन घर में कलेश कर बुजुर्ग से दुर्व्यवहार करता रहता था। जिसको लेकर बुजुर्ग मानसिक अवसाद से गुजर रही थी। आशंका जताई कि बेटे के कारण ही बुजुर्ग ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया होगा। उधर, थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वारदात : रात में ताला तोड़कर बैंक मैनेजर के घर से लाखों की चोरी

थाना ट्रांजिट कैंप का मामला, नकदी व चांदी के बर्तन चोरी, तीन अन्य घरों में भी प्रयास

**दुस्साहस**

- संदिग्ध लोग सीसीटीवी में कैद पुलिस ने जांच शुरू की

संवाददाता, रुद्रपुर



चोरी की घटना के बाद मुआयना करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए चोरों ने बैंक मैनेजर के घर से लाखों का सामान चुरा लिया, जबकि तीन घरों में चोरी करने का प्रयास किया। सीसीटीवी कैमरों में बाइक सवार चार संदिग्ध कैद हुए हैं। पुलिस ने घटना की तफ्तीश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दक्ष चौराहा स्थित ओसी सिटी कॉलोनी में कंपनी से सेवानिवृत्त के बाद सुधीर भारद्वाज परिवार के साथ रहते हैं। उनका बड़ा बेटा केनरा बैंक दिल्ली में मैनेजर है। बताया जा रहा कि बेटे की शादी की तैयारियों के लिए मकान स्वामी रविवार को परिवार के साथ गाजियाबाद गए थे और मकान में ताला लगा हुआ था। उन्होंने बताया कि मंगलवार की देर रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखे चांदी के बर्तन और एक लाख की नकदी चुरा ली। वहीं नजदीक के तीन घरों को भी निशाना बनाते हुए चोरी का प्रयास किया।

बुधवार को मकान का ताला टूटा देख, पड़ोसियों ने पुलिस और मकान स्वामी को चोरी की सूचना दी। थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह और दारोगा कविंद्र शर्मा ने मौका मुआयना किया और पाया कि कमरे में चांदी के बर्तन के खाली डिब्बे सहित सामान बिखरा हुआ पड़ा है। पुलिस ने मकान स्वामी को घटना की सूचना दे दी है। उधर, मकान स्वामी सुधीर भारद्वाज ने बताया कि मकान के अंदर चांदी के चार गिलास, दो चांदी के बाउल, एक चांदी का बर्तन और एक लाख की नकदी रखी हुई थी। उन्होंने बताया कि तीन से चार लाख रुपये का माल चोरी होने का अनुमान है। फिलहाल मकान स्वामी गाजियाबाद से रवाना हो गए हैं। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो दो बाइकों पर चार संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

### दो बाइकें चोरी, रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप और आवास विकास क्षेत्र से दो बाइकें चोरी हो गई हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आवास विकास निवासी धीरज सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात्रि 11 बजे सिडकुल कंपनी से कार्य करने के बाद उसने अपनी बाइक को लॉक कर घर के सामने खड़ा कर दिया। बुधवार को देखा कि बाइक अपने स्थान से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक को कोई सुराग नहीं लगा। इसके अलावा ट्रांजिट कैंप के ब्लॉक 46 निवासी समीर घोष ने बताया कि 24 फरवरी की रात को वह अपनी बाइक को लेकर बहन कृष्णा दास गुप्ता की शादी की सालगिरह में गया था। बाइक को पार्किंग स्थल पर लॉक कर खड़ा कर दिया। थोड़ी देर बाद जब वापस आया तो बाइक चोरी हो चुकी थी। बाइक स्वामियों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर, थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। जल्द ही बाइक चोरियों का खुलासा किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, दो लोग घायल

**बाजपुर।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हाउस नंबर-16 नवाबों वाली पतपुरी स्वार रामपुर (उप्र) निवासी नादिर खां (39) पुत्र हामिद खान बाइक पर मुर्गियां लेकर बेलपड़ाव जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच बुधवार की प्रातः करीब पांच बजे रामराज रोड स्थित रायल गार्डन के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।



नादिर खां।

हादसे में उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं दूसरा हादसा प्रदेश की सीमा के नजदीक बिजारखाता के नजदीक हुआ है। यहां दो बाइकों की भिड़ंत हो गई जिसमें नई सड़क बरहैनी बाजपुर निवासी प्रकाश सिंह पुत्र दिगपाल सिंह व पौड़ी गढ़वाल निवासी कुंवर सिंह पुत्र दर्शन सिंह घायल हो गए। इनमें से प्रकाश सिंह को बाजपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि दूसरे घायल को उपचार के लिए अन्यत्र ले जाया गया है।

# चार खाद्य कारोबारियों पर 37 हजार का अर्थदंड

संवाददाता, रुद्रपुर

**सुनवाई**

- दूध, जीरा, मावा में मिलावट का है मामला, न्याय निर्णायक अधिकारी ने सुनाया फैसला



**अमृत विचार :** न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त व राजस्व) ऊधमसिंह नगर के न्यायालय में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दूध, जीरा और मावा को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया था। न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई के बाद इन खाद्य पदार्थों को एफएसएस एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप न पाये जाने पर विक्रय, संग्रहण और निर्माण करने वाले चार खाद्य कारोबारियों पर 37 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

मामले की सुनवाई के बाद बुधवार को जिला अभिहित अधिकारी ऊधमसिंह नगर डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया कि 29 सितंबर 2022 को रुद्रपुर में जीरा, 21 और 26 फरवरी 2023 को बाजपुर और काशीपुर से मावा और दूध का और 2 मार्च 2023 को जसपुर में अभियान के दौरान मावा का सैंपल लिया गया था। इसके बाद सभी नमूनों को राज्य खाद्य एवं औषधि जांच प्रयोगशाला रुद्रपुर को भेजी गयी थी। यह नमूने जांच रिपोर्ट में मानकों के अनुरूप नहीं पाये गये थे। इसको लेकर न्यायालय में वाद दायर किया गया था।

उन्होंने बताया कि मामले सोमवार को न्याय निर्णायक अधिकारी व अपर जिला मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के बाद अधोमानक जीरा की बिक्री पर 10000, मावा की बिक्री पर 10000, मिल्क की बिक्री पर 10000 और मावा की बिक्री पर 7000 रुपये का अर्थदंड लगाया है। उन्होंने सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी भी खाद्य कारोबारी द्वारा एफएसएस एक्ट 2006 के मानकों के अनुरूप खाद्य एवं पेय पदार्थों का विक्रय, संग्रहण और निर्माण किया गया तो उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### चेक बाउंस होने के मामले में आरोपी को तीन माह की सजा

**काशीपुर।** चेक बाउंस के मामले में तृतीय एसीजे की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास और डेढ़ लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

आवास विकास, शुभ विहार कालोनी निवासी हरी सिंह पुत्र स्व. रघुवीर सिंह ने अपने अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि उसने पुरानी जान पहचान के चलते सुभाष नगर कालोनी निवासी योगिता पत्नी रूपेंद्र को अगस्त, 2021 में एक लाख रुपये उधार दिए थे। योगिता ने चार माह बाद यह रकम लौटाने का वादा किया था। बाद में उसने 4 जनवरी 2022 को काशीपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की शाखा का चेक दिया। खाते में लगाने पर यह चेक बाउंस हो गया। नोटिस दिए जाने पर भी आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने योगिता को 138 एनआई एक्ट का दोषी पाया।

एसीजे तृतीय हर्षिता शर्मा की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास और डेढ़ लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

### बाइक की टक्कर से सड़क किनारे खड़ी वृद्धा की मौत

**खटीमा।** श्रीपुर विछुवा में पौत्री को स्कूल बस में बैठाने को सड़क किनारे खड़ी वृद्धा को बाइक सवार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल पहुंची वृद्धा को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया, जिसने रास्ते में दम तोड़ दिया। श्रीपुर विछुवा निवासी हरना देवी (74) पत्नी जीत सिंह बिष्ट अपनी पौत्री को स्कूल बस में बैठाने के लिए घर के पास सड़क के किनारे खड़ी थी। उसी दौरान एक बाइक सवार ने टक्कर मारकर वृद्धा को गंभीर रूप से घायल कर दिया जबकि पौत्री बाल-बाल बच गई। बाद में वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतका अपने पीछे सेवानिवृत्त पति, सेना में सेवारत तीन पुत्र पुष्कर सिंह बिष्ट, प्रकाश सिंह बिष्ट और प्रेम सिंह बिष्ट सहित नाती पोतों को रोता बिलखता छोड़ गई है।

# मानचित्र बगैर बन रही वर्कशॉप सील की

**सख्ती**

- निर्माण को काशीपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने रुकवाया
- बार-बार नोटिस के बाद भी कोई जवाब न देने पर की कार्रवाई

संवाददाता, काशीपुर



कुंडेश्वरी मार्ग पर सील किये जाने वाले निर्माण कार्य के पास मौजूद टीम।

**अमृत विचार:** बिना नक्शा स्वीकृत कराए वर्कशॉप के निर्माण कार्य को काशीपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने रुकवा दिया। साथ ही वर्कशॉप को प्राधिकरण की टीम ने सील भी कर दिया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

कुंडेश्वरी रोड पर साईं मंदिर के पास एक व्यक्ति द्वारा पांच हजार वर्गफीट में चौपहिया वाहनों के लिए वर्कशॉप का निर्माण कराया जा रहा है, जिसको लेकर संबंधित व्यक्ति ने विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया। अनधिकृत निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश पर प्राधिकरण ने संबंधित व्यक्ति को नोटिस भी जारी किया। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी परिसर स्वामी की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया, जिसके बाद वर्कशॉप को सील करने के आदेश जारी किये गये। जिसके क्रम में बुधवार को नायब तहसीलदार भीम सिंह कुटियाल, प्राधिकरण के जेई धर्मेंद्र सिंह डोलिया, लेखपाल गौरव सिंह चौहान आदि ने मौके पर पहुंचकर परिसर को सील कर दिया।

इस दौरान सील करने की वीडियोग्राफी भी कराई गई। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। प्राधिकरण के संयुक्त सचिव अभय प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त परिसर में बिना नक्शा पास कराए निर्माण कार्य हो रहा था। मामला संज्ञान में आने पर संबंधित को नोटिस भी जारी किये गये थे। कोई जवाब नहीं मिलन के बाद आब सील की कार्यवाही की गई।

**तैयारी** विशेष परिस्थितियों को छोड़कर नहीं मिलेगा चालक-परिचालक को अवकाश

# होली पर डेढ़ गुना अतिरिक्त बसें चलेंगीं

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचार :** होली का पर्व निकट आते ही उत्तराखंड परिवहन निगम के रुद्रपुर डिपो ने भी कमर कसनी शुरू कर दी है। इसके लिए सभी चालक-परिचालकों को विशेष परिस्थितियों को छोड़कर सामान्य दिन में अवकाश नहीं लेने के निर्देश जारी कर दिए हैं। ताकि होली के पर्व के दौरान डिपो के राजस्व में अधिक से अधिक वृद्धि हो। वहीं डिपो प्रबंधन यात्रियों के संख्या को देखते हुए क्षमता से डेढ़ गुना अधिक बस चलाने का निर्णय लिया है।

यहां बता दें कि रुद्रपुर शहर औद्योगिक नगरी होने के चलते यहां बाहरी राज्यों के लाखों लोग सिडकुल में रोजगार करते हैं। होली का पर्व हो या दीपावली का पर्व या फिर अन्य पर्व यहां लोगों की काफी भीड़ निकलती है। वहीं बाहर से भी लोग यहां आते हैं। इस दौरान निगम की आय लक्ष्य से काफी अधिक पहुंच जाती है। इसी को देखते हुए डिपो प्रबंधन ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। डिपो के अधिकारियों के अनुसार रुद्रपुर से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, लखनऊ, बरेली समेत कई मार्गों पर बसों को संचालन होता है। इस दौरान दिल्ली के साथ ही बरेली मार्ग पर यात्रियों की काफी भीड़ उमड़ती है।

> होली पर्व को लेकर डिपो प्रबंधन ने तैयारियां शुरू कर दी है। चालक-परिचालकों को विशेष परिस्थितियों को छोड़कर सामान्य दिन में अवकाश नहीं लेने के निर्देश दिए गये हैं। इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया है कि यात्रियों की भीड़ को देखते हुए डिपो की क्षमता से डेढ़ गुना बसों का संचालन किया जाएगा। ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।
> **-केएस राणा**, सहायक महाप्रबंधक, रुद्रपुर डिपो

उन्होंने बताया कि अचानक भीड़ उमड़ने से डिपो प्रबंधन को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए प्रबंधन ने पहले से ही तैयारियां करनी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनके बस बेड़े में 42 परिवहन निगम और 42 अंडरटेकिंग की बसें संचालित हो रही है। भीड़ को देखते हुए शत-प्रतिशत बसों को मार्गों पर संचालित किया जाएगा। इसके बाद भी अगर यात्रियों की संख्या में जिस मार्ग पर अधिक हुई तो वहां स्थानीय रूटों की बसों को संचालित किया जाएगा और उनके फेरे बढ़ाए जाएंगे।

### हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**काशीपुर।** अनियंत्रित डंपर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए दुग्ध कारोबारी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। बता दें कि 17 फरवरी को चैती गांव, थाना आईटीआई निवासी 39 वर्षीय सुखविंदर सिंह मोटरसाइकिल पर सवार होकर दूध देने डेयरी जा रहे थे। इसी दौरान मार्ग में चैती मोड़ के समीप एक डंपर ने मोटरसाइकिल में साइड से टक्कर मार दी, जिसमें सुखविंदर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां मंगलवार शाम उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।



सुखविंदर।


रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओबस्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

| लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन | हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन |
|---|---|
| 1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी) | 1) ऐशरमैन का इलाज |
| 2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी) | 2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी) |
| 3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी) | 3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन) |
| 4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच | 4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना |
| 5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन | 5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी) |
| 6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन | |

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

अर्चयेदेव मित्राणि सति वाऽसति वा धने।
नानर्थयन् प्रजानाति मित्राणं सारफल्गुताम्॥

मित्रों का हर स्थिति में आदर करना चाहिए-चाहे उनके पास धन हो अथवा न हो तथा उससे कोई स्वार्थ न होने पर भी वक्त-जरूरत उनकी सहायता करनी चाहिए।

## संपादकीय

# कांग्रेस की मुश्किल

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव पास आ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। साथ ही कांग्रेस का कुनबा भी कम होता जा रहा है। पिछले कुछ महीनों से शायद ही ऐसा कोई दिन गया हो जिस दिन कांग्रेस के किसी नेता ने पार्टी न छोड़ी हो। बुधवार को उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के बड़े नेता और कानपुर की राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाने वाले पूर्व विधायक अजय कपूर बीजेपी में शामिल हो गए। अजय कपूर राहुल गांधी और प्रियंका के बेहद करीबी नेताओं में थे। इसके अलावा महाराष्ट्र में पूर्व कांग्रेस विधायक पद्माकर वलवी भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वलवी उत्तरी महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में से एक हैं। लोस चुनाव से ऐन पहले दिग्गज कांग्रेसी नेताओं का पार्टी को छोड़ना कांग्रेस के लिए खतरे की घंटी साबित होता जा रहा है। उधर इंडिया गठबंधन भी कांग्रेस को कोई खास तवज्जो नहीं दे रहा है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने बंगाल की सभी 42 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर यह संदेश दे दिया कि वह अकेले ही चुनाव लड़ेंगी। ममता की यह घोषणा कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए भी झटका है। इसके पहले हाल ही में केरल में वाम दलों ने भी कांग्रेस को ऐसा ही झटका दिया था। वाम दलों ने तो राहुल गांधी की वायनाड संसदीय सीट यह कहकर अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया कि यदि उन्हें भाजपा का मुकाबला करना है तो वह उत्तर भारत जाकर चुनाव लड़ें।

एक ओर नेताओं का पार्टी छोड़कर जाना, दूसरी ओर कांग्रेस की गठबंधन में कमजोर स्थिति भविष्य में पार्टी के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े कर रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस स्थिति के लिए कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व ही जिम्मेदार है। क्योंकि जब पार्टी प्रमुख राहुल गांधी को लोस चुनाव के मद्देनजर पार्टी को जोड़कर रखना चाहिए था, तब वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं। साथ ही पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कांग्रेस छोड़ने वालों को रोकने या उनसे संवाद करने के बजाय उलटा उनकी आलोचना और उनके पार्टी छोड़ने पर यह कहकर समस्या से मुंह मोड़ रहा है कि वे सत्ता के भूखें और लालची लोग हैं। शीर्ष नेतृत्व का यह तंज कहीं से भी तर्क संगत नहीं कहा जा सकता है। कांग्रेस को समझना होगा कि शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सर गड़ा लेने से आंधियों से पार नहीं पाया जा सकता है। यदि कांग्रेस वाकई चुनावों और देश हित को लेकर गंभीर है तो उसको आत्ममंथन कर पार्टी के बिखराव को रोकना होगा। यही देश व उसके हित में भी होगा, क्योंकि देश की उन्नति में सशक्त विपक्ष की भी महती भूमिका होती है।

# काश! कावेरी को सहेजा होता



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है।

देश के सबसे सुंदर शहरों में से एक बेंगलुरु का जल संकट इन दिनों चर्चा में हैं। कहा तो यह जा रहा है कि लगातार दो साल से बरसात कम हो रही है। हकीकत यह है कि स्थानीय तालाबों को सुखाने के साथ-साथ कावेरी नदी के प्रति सरकार और समाज की बेपरवाही इसके मूल में हैं। बेंगलुरु शहर की कोई एक करोड़ चालीस लाख आबादी के लिए हर दिन 2600 एमएलडी पानी की जरूरत है, जबकि कावेरी नदी से मात्र 1460 मिल रहा है। कोई 1200 से अधिक नलकूप सूख चुके हैं। बरसात अभी कम से कम दो महीने दूर है और इसीलिए कई स्कूल-कालेज-दफ्तर बंद कर दिए गए। पानी के दुरुपयोग पर पांच हजार के जुर्माने सहित कई पाबंदियां लगा दी गई हैं।

यह किसी से छुपा नहीं है कि कावेरी के जल बंटवारे को लेकर दक्षिण के दो बड़े राज्यों तमिलनाडु और कर्नाटक में जमकर सियासत तो होती है, लेकिन जब उसे सहेजने की बात आती है तो उसे गंदा अधिक करने की तत्परता ही दिखती है। कावेरी नदी कर्नाटक के कुर्ग जिले के पश्चिमी घाट के घने जंगलों में ब्रह्मगिरी पहाड़ी पर स्थित तलकावेरी से निकलती है। कोई आठ सौ किलोमीटर की यात्रा के दौरान कई सहायक नदियां इसमें आकर मिलती हैं, लेकिन जब दो लाख घन मीटर से अधिक वार्षिक जल बहाव वाली कावेरी का समागम तमिलनाडु में थंजावरु जिले में बंगाल की खाड़ी में होता है तो यह एक शिथिल व छोटी सी जलधारा मात्र रह जाती है।

कावेरी के पानी को लेकर दो राज्यों के बीच का विवाद संभवतया दुनिया के सबसे पुराने जल विवादों में से एक है। 17 वीं सदी में टीपू सुल्तान के शासनकाल में जब तत्कालीन मैसूर राज्य ने इस पर बांध बनाया था तब मद्रास प्रेसीडेंसी ने इस पर आपत्ति की थी। इस झगड़े का एक पड़ाव सन् 1916 में सर विश्वेश्वरय्या की पहल पर बनाया गया कृष्णराज सागर यानी के.आर.एस. बांध था, पर जब दोनों राज्यों में पानी की मांग बढ़ी तो यह बांध भी विवादों की चपेट में आ गया। कावेरी की लपटों में न जाने क्या-क्या झुलसा, लेकिन पानी पर सियासत करने वालों ने इस बात की सुध कभी नहीं ली कि कावेरी का मैला होता पानी अब जहर बनता जा रहा है। कुछ साल पहले बेंगलुरू विश्वविद्यालय ने वन और पर्यावरण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय-एनआरडीसी की मदद से एक विस्तृत शोध किया था जिसमें बताया गया था कि के.आर.एस. बांध से नीचे आने वाला पानी ऊपरी धारा की तुलना में बेहद दूषित हो गया है।

गौरतलब है कि केआर नगर, कौल्लेगल और श्रीरंगपट्टनम नगरों की नालियों का गंदा पानी और नंजनगुड शहर के कारखानों व सीवर की निकासी बगैर किसी शोधन के काबिनी नदी में मिला दी जाती है। काबिनी नदी आगे चलकर नरसीपुर के पास कावेरी में मिल जाती है। कहने को कोल्लेगल में एक ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, लेकिन इसे चलते हुए कभी किसी ने नहीं देखा। शहरी गंदगी के बाद कावेरी को सबसे बड़ा खतरा इसके डूब क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध खेती से है। ज्यादा फसल लेने के लालच में जमकर रासायनिक खाद व कीटनाशकों के इस्तेमाल ने कावेरी का पानी जहर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बरसात के दिनों में कावेरी के पानी में हर रोज 1051 टन सल्फेट, 21 टन फास्फेट और 34.88 टन नाइट्रेट की मात्रा मिलती है। गर्मी के दिनों में जब पानी का बहाव कम हो जाता है, तब सल्फर 79 टन, 2.41 टन फास्फेट और 3.28 टन नाइट्रेट का जहर हर रोज इस पावन कावेरी को दूषित कर रहा है। याद रहे कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक नाइट्रेट के रूप में नाइट्रोजन की इतनी मात्रा वाला पानी बच्चों के लिए जानलेवा है। कौल्लेगेल क्षेत्र में शहरी सीवर के कारण कावेरी का पानी मवेशियों के लिए भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यहां पानी में कैडमियम, एल्यूमिनियम, जस्ता और सीसा की मात्रा निर्धारित स्तर को पार कर जाती है। ये नदी किनारे रहने वालों के लिए आए दिन नई-नई बीमारियों की सौगात लेकर आ रहे हैं। वैसे तो अन्य नदियों की ही तरह कावेरी में भी खुद-ब-खुद शुद्धीकरण की विशेषता है, लेकिन आधुनिक जीवनशैली के लिए आवश्यक बन गए रासायनों की बढ़ती मात्रा से नदी का यह गुण नाकाम हो गया है। कावेरी के किनारों पर रेत की बेतरतीब खुदाई, शौचकर्म और कपड़ों की धुलाई ने भी नदी का मिजाज बिगाड़ दिया है।

कावेरी के दूषित होने की चेतावनियां सन् 1995 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रपट में दर्ज थी। उसमें कहा गया था कि कावेरी का पानी अपने उद्गम तालकावेरी से मैसूर शहर की सीमा तक सी ग्रेड का है, जबकि यह होना ए ग्रेड का चाहिए। विदित हो कि ए ग्रेड के पानी की 100 मिलीलीटर मात्रा में कॉलीफार्म बैक्टीरिया की मात्रा 50 होती है, जबकि सी ग्रेड में यह खतरनाक विषाणु छह हजार होता है। पानी की अम्लीयता का पैमाना कहे जाने वाले पीएच वैल्यू में काफी अंतर दर्ज किया गया था। प्रदूषण बोर्ड की उस रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि केआर बांध से होगेनक्कल तक और बेंगलुरु से ग्रेंड एनीकेट तक और उसे आगे कुंभकोणम तक पानी की क्वॉलिटी ई ग्रेड की है। सनद रहे कि इस स्तर का पानी पीने के लिए कतई नहीं होता है। तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के मन्नारगुडी का सीबीएम यानी कोल बेड मीथेन क्षेत्र कावेरी की जान का दुश्मन बना है। यहां गहरी खुदाई के लिए और उसके बाद वहां से निकलने वाले कोयले को नदी के पानी से साफ किया जाता है और इस तरह दूषित जल सीधे नदी में फिर बहा दिया जाता है, तभी मन्नारगुडी के आस-पास कई किलोमीटर तक नदी का पानी काला-नीला दिखता है।

सिंचाई, सफाई और सियासत के भंवर में फंसी 770 किलोमीटर लंबी कावेरी की सबसे ज्यादा दुर्गति कर्नाटक के कुर्ग जिले में ही है। यह इलाका काफी उत्पादक है और सरकारी रिकॉर्ड कहता है कि चार लाख पचहत्तर हजार टन कॉफी का कचरा सीधे नदी में जा रहा है। कुर्ग शहर की एक लाख आबादी का पूरा निस्तार बगैर सफाई के नदी में मिलता है। यह इलाका सूअर के गोश्त के व्यापार के लिए भी जाना जाता है और हजारों बूचड़खाने का गंदा पानी इसमें सीधे मिलाने में किसी को कोई संकोच नहीं होता।

कुछ समय पहले प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक और राज्य ज्ञान आयोग के अध्यक्ष प्रो. के. कस्तूरी रंगन ने राज्य शासन को एक रपट सौंपी थी जिसमें कावेरी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए त्वरित विशेष प्रयास करने व उसके लिए अलग से बजट की बात की थी। रपट में बताया गया था कि कावेरी के किनारे उभर आए कई पर्यटनस्थल नदियों में सीवर की गंदगी बढ़ा रहे हैं, वहीं इससे रेत का अवैध खनन इसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रहा है। जब बेंगलुरु जैसे महानगर और व्यापारिक केंद्र पर जलसंकट आता है तो कावेरी की याद आती है। काश कावेरी को हर समय याद रखा जाए तो प्यास के नौबत ही नहीं आएगी।

## प्रसंगवश

# आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां

लोकवार्ता के अध्ययन का कोई भी प्रयास जनगण के जीवन और जनमानस के समीप पहुंचने और उसके साथ संबंध स्थापित करने की साधना है। लोक को ज्ञान के केन्द्र में प्रतिष्ठित करने का अनुष्ठान है। लिखित अक्षर की महिमा के संबंध में कितना कुछ कहा जा सकता है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मनुष्य जीवन में वह क्रांतिकारी दिन था, जिस दिन मनुष्य ने लिपि का आविष्कार किया था। जिस दिन मानव सभ्यता के आंगन में पुस्तक का अवतार हुआ था, उस दिन मनुष्य व लोकजीवन ने पुस्तक के प्रति इतनी श्रद्धा व्यक्त की थी कि उसको ईश्वर की वाणी का अवतार माना था। भारत में ज्ञान की अधिष्ठात्री सरस्वती हैं और उसके हाथ में पुस्तक है-वीणा पुस्तकधारिणी, लेकिन पुस्तक कोई भी हो, वह असीम नहीं हो सकती।

पुस्तक में जो कल लिखा गया था, वह कल का जीवन ही तो था, लेकिन जीवन तो बह रहा है, बहता रहेगा। पुस्तक जो कल लिखी गई थी, उसमें कल तक का जीवन अनुभव था। सूरदास के शब्दों में कहें तो ऊधौ बंध्यौ ज्ञान पोथी कौ। कबीर ने जब संस्कृत को कूप जल कहा था तो उसका आशय उस बंधे हुए ज्ञान से ही था। बहता नीर निर्बन्ध है और वह वाचिक परंपरा है, श्रुति परंपरा है, मौखिक परंपरा है, ओरल ट्रेडीशन है। जीवन व्यवहार में लिखित का महत्व तो है, किंतु जीवन का समस्त व्यवहार तो लिखकर हो नहीं सकता। जीवन व्यवहार बोलने से होता है, कहने सुनने से होता है। इसलिए लोकवार्ता वाचिक परंपरा की महिमा को प्रतिष्ठित करती है।

विचार करने की बात है कि हमारी शिक्षा पाठ्य पुस्तकों के घेरे में किस कदर घिर गई कि विद्यार्थी और अध्यापक समझने लगे कि पुस्तक ही ज्ञान की परमावधि है। लोकवार्ता इस बंधी हुई दृष्टि का निराकरण करती है, जीवन पुस्तक ही नहीं है। जीवन पुस्तक के बाहर है।

हमारी राष्ट्रीयता और मनुष्यता का पक्का आधार उन असंख्य गाथाओं, कथाओं, मिथकों में जीवित है, जो हजारों-हजारों सालों से हमारे जातीय जीवन को शक्तिवान बनाते रहे हैं। हमारी लोकपरंपरा में हजारों आनुवंशिकताएं और संस्कृतियां उसी प्रकार अंतर्भुक्त हुई हैं, जैसे सहस्र धाराएं गंगा में समा जाती हैं।

# भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है हमारी चेतना



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है? हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है?

ब्रह्मांड क्या है, यह कब और कैसे उत्पन्न हुआ, इसका आयतन स्थिर है या बढ़ रहा है। इन प्रश्नों को छोड़िए। बस ब्रह्मांड है और उसमें चेतन प्राणी के रूप में हमारी एक स्थिति है, एक भूमिका भी। हमें मोटा-मोटा मालूम है कि हमारी पृथ्वी हमारे सौरमंडल का एक ग्रह है जिसका एकमात्र उपग्रह चंद्रमा है।

पृथ्वी अन्य ग्रहों की भांति हमारे सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है, ऐसा करते हुए वह अपनी धुरी पर भी घूर्णन करती रहती है। हम आकाश की ओर देखते हैं तो कम-ज्यादा चमकते हुए, दूर-पास नक्षत्र (ग्रह) और तारे दिखाई पड़ते हैं। हमें बताया गया है कि हर तारा एक सूर्य है, जो स्वयं भासमान है, किंतु हर ग्रह सूर्य के प्रकाश से ही चमकता है। हमारी आकाशगंगा में हमारे सूर्य-जैसे अनेक सूर्य हैं और हर सूर्य के अपने कम-ज्यादा संख्या में ग्रह हैं।

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को और भी बहुत कुछ ज्ञात है। उनके अनुसार ब्रह्मांड की विशालता हमारी कल्पना से परे है। अब देखिए हम शुक्र को साफ-साफ देख पाते हैं, क्योंकि वह हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह है और अन्य ग्रहों में बस मंगल की अपेक्षा हमसे दूर है, बाकी सबसे करीब है। अंतरिक्ष-वैज्ञानिक बताते हैं कि शुक्र की दूरी पृथ्वी से तकरीबन आधा अरब मील है। प्रकाश की रफ्तार (लगभग) 1,86,000 मील प्रति सेकेंड है। प्रकाश को शुक्र से पृथ्वी तक पहुंचने में 45 मिनट लग जाते हैं। जब हम अपने सौर मंडल से और आगे बढ़ते हैं तो दूरियां इतनी विस्तीर्ण हो जाती हैं कि मील से काम नहीं चलता। तब हम दूरी को समय से मिलाकर उसे प्रकाश वर्ष में नापते हैं। एक प्रकाश वर्ष वह दूरी है जिसे तय करने में प्रकाश को एक वर्ष लगता है। एक साल में प्रकाश 60 खरब मील की दूरी तय कर लेता है। हमारी आकाशगंगा के सबसे करीब की आकाशगंगा एंड्रोमेडा है। उससे निकले जिस प्रकाश को हम आज देख रहे हैं वह 25 लाख साल पहले वहां से चला था।

दृश्यमान ब्रह्मांड में कितनी आकाशगंगा हैं? कम से कम 200 अरब और अधिक से अधिक 20 खरब। इतना विस्तार और इतनी संख्या में आकाशीय पिंड कि बस अनुमान ही अनुमान है, वह भी किसी अनुमान-जैसा अनुमान नहीं, बस लालबुझक्कड़ वाला। आयतन और आकाशीय पिंडों की संख्या की तरह ब्रह्मांड का आयु काल भी शुद्ध अनुमान है।

क्षमा करेंगे स्टीफ़न हॉकिंग का एक जर्रे के महाविस्फोट से 13.8 अरब साल पहले ब्रह्मांड की उत्पत्ति और लगातार विस्तार का सिद्धांत मुझे तो उतना ही वैज्ञानिक लगता है जितना ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में विराटपुरुष के भिन्न-भिन्न अंगों से ब्रह्मांड के भिन्न-भिन्न अवयवों की उत्पत्ति का रूपक। या अब्राहमिक धर्मों के धर्मग्रंथों में वर्णित ईश्वर द्वारा छह दिन में सृष्टि की रचना। कम से कम विज्ञान में बिना समझ में आए विश्वास कर लेने जैसी कोई चीज नहीं होनी चाहिए। वह शुभ घड़ी 13.8 अरब साल पहले ही क्यों आई, 13 या 14 अरब साल पहले क्यों नहीं?

वैज्ञानिक खोजों से प्राप्त इन और इन जैसी अनेक जानकारियों के प्रकाश में कपिल के निरीश्वर सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत की क्या प्रासंगिकता है? अपनी सूक्ष्मता और विशालता में ज्ञेय-अज्ञेय ब्रह्मांड जैसा है, वैसा है। सवाल है हमारे मनुष्य के जीवन का कोई अर्थ, कोई लक्ष्य है? हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का, सदाशयता का, सामाजिक सरोकारों का कोई आधार, कोई प्रासंगिकता है या अनिश्चितता और आकस्मिकता के अंधकार में डूबा बस अंधकार ही अंधकार है?

हमारी रहस्यमय चेतना महज भौतिक पदार्थों के संयोजन की देन है या इसका कोई अभौतिक स्रोत, अभौतिक नियामक और अभौतिक अभिप्रेत भी है? बस इसी संदर्भ में कपिल और शंकर के धर्म-निरपेक्ष और 'ईश्वर' निरपेक्ष चिंतन के प्रति एक जिज्ञासात्मक भाव है।

## सोशल फोरम

# ट्रेलिस सिस्टम



अधिकांशतः यह स्वीकार कर लेना बेहतर समझा जाता है कि ढर्रे में चल रही चीजें ही जीवन का अंतिम सत्य हैं। हम खुद से सोचना बंद कर नतमस्तक होकर इन रेडीमेड विचारों को शिरोधार्य कर लेते हैं। फिर चाहे वह धर्म हो राजनीति, समाज हो या व्यवसाय! पहले पहल जीरे जैसे सरकारी टैंक के अनुदान से ही हमने रेसवे का ऊंट बनाने का निर्णय लिया और आपदा में उसने पूरा प्रलय झेलकर इसे सही साबित कर के दिखा दिया।



पृथ्वी 'लक्ष्मी' राज सिंह
रामगढ़, उत्तराखंड

पिछले वर्ष कीवी के सरकारी लोहे के डंडों की जगह हमने एक शानदार स्ट्रक्चर का निर्माण किया। इस बार एप्पल मिशन के इतर अपने शानदार किसान भाई मुकेश दरम्वाल को खुद के सर्पोट पोल बनाते देखा तो लगा कि यह बहुत पैक्टिकल और बेहतर हैं। पिछले वर्ष ही एक किसान का एप्पल ट्रैलिस सिस्टम बर्फबारी में धाराशाही होते देखा था। इस हिसाब से मुकेश का यह प्रयोग स्थानीय स्तर पर ज्यादा बेहतर था।

इसी क्रम में हमने भी उसे थोड़ा और मोडिफाई कर अपनाने का निर्णय लिया। सेब और स्ट्रक्चर के स्थानीय विशेषज्ञ भाई चंदन बिष्ट के सुझावों से इसे प्रचलित ट्रेलिस सिस्टम के अनुरूप ढाला। इसमें हमने चौदह फिट लंबे डेढ़ इंच मोटे पुराने मजबूत जी आई पाइप को एक आठ फिट के अतिरिक्त सपोर्ट पोल से जोड़ा ताकि बहुत हवा या बर्फबारी/ ओलावृष्टि में भी यह सीधा बना रहे और उसकी टॉप में दो बाई दो फीट के वी सेप बार का निर्माण किया जिससे कि हेलनैट पेड़ों के ऊपर से एक दूरी बनाकर बाहर आए। उम्मीद है कि यह साझा अनुभव भविष्य में ज्यादा कारगर व बेहतर साबित होगा। इस वर्ष गिने चुने पेड़ों में फूल आने शुरू हुए हैं। जल्द ही यह दृश्य भी बदलेगा तब यहां हजारों बुके हाथ में लिए इन पेड़ों के बीच एक सेलेब्रिटी की तरह खड़े होंगे।

-फेसबुक वॉल से

# सोशल मीडिया की दुनिया में खोता बचपन



पूजा गुप्ता
स्वतंत्र लेखिका, मिर्जापुर

आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा।

ऐसे तो सोशल मीडिया वरदान भी है और अभिशाप भी है। बच्चों में बढ़ रहा मानसिक विस्तार सोशल मीडिया की ही देन है। बच्चे इसका प्रयोग कैसे करते हैं यह उनके ऊपर निर्भर करता है। आजकल बच्चे अधिकतर मोबाइल में ऑनलाइन पढ़ाई करते हैं और क्या वह सच में पढ़ाई करते हैं? बच्चों के बीच परिवार का सामंजस्य बराबर नहीं बैठ पा रहा है। सवेरे उठना मंजन करना चाय पीना फिर मोबाइल लेकर के बैठ जाना घंटो मोबाइल के अंदर अपनी आंख लगाए रखते हैं जिसकी वजह से उनके स्वास्थ्य पर भी मोबाइल का असर होता है। अपने परिवार से ज्यादा बच्चे मोबाइल को महत्व देने लगे हैं और उसमें जुड़ी हुई हर गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए रखते हैं, जहां उन्हें अच्छी चीजें भी देखने मिलती हैं और बुरी चीजें भी। युवा-बच्चे अक्सर सोशल मीडिया की चपेट में होते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई सब दूर हो रही है। एक घंटा पढ़ाई करते हैं फिर मोबाइल से घंटों अपने दोस्तों के साथ गपशप करते हैं। बंद कमरे में रहने वाले बच्चे अपने मोबाइल के साथ खुद को बंद कर लेते हैं। फिर यदि परिवार का कोई सदस्य उन्हें किसी कार्य के लिए उठाता है तो यह बच्चे चिड़चिड़ा जाते हैं। बच्चों में बढ़ रही विद्रोह की भावना आने वाली पीढ़ी के लिए बेहद घातक है। पहले जमाने में बच्चे अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करते थे। अच्छा बुरा सबका ज्ञान लेते थे, लेकिन आजकल तो केवल मोबाइल में ही अच्छा बुरा देखते रहते हैं जिसमें से अच्छा कम बुरा देखने की ज्यादा प्रवृत्ति बच्चों में पाई जाती है जिसकी वजह से उनकी मानसिकता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जब परिवार का कोई व्यक्ति उन्हें हाथ में मोबाइल लेने से रोकता है तो उन्हें लगता है कि हमारी आजादी हमसे छीनी जा रही है। आजकल बच्चे एक पल भी अपने मोबाइल को अपने से दूर नहीं रखना चाहते हैं भले ही परिवार का कोई भी सदस्य उनसे दूर हो जाए। हमें इस तरह की बच्चे में बढ़ती विसंगतियों को रोकना होगा वरना परिणाम घातक हो सकते हैं।

आजकल देखा गया है कि छोटे -छोटे 3 या 4 साल के बच्चों के हाथ में भी मोबाइल होता है जिसका प्रभाव उनका सीधे आंखों पर पड़ता है। समय से पहले बच्चों को चश्मा लग जाता है उनकी आंखें खराब हो जाती हैं। सोचिए अगर यह बच्चे बड़े होंगे तब तक इनकी आंखें कितनी खराब हो जाएगी। मोबाइल से उठने वाली तरंगे भी बच्चों के हार्ट, लिवर व किडनी पर असर करती हैं। बच्चों को इन सब परेशानियों से दूर रखने के लिए सबसे पहले बहुत ही छोटे-छोटे बच्चों को मोबाइल उनके हाथों से ले लें, उन्हें खिलौना से खेलने की आदत डालें और उनके पास बैठकर उन्हें अच्छा बुरा का ज्ञान दें। उनके साथ खेले, समय व्यतीत करें, अधिकतर परिवार में यह देखा गया है कि वह कार्य के चलते अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं जिसका परिणाम यह होता है कि बच्चे एक कमरे में अपने को अकेला कर लेते हैं। घंटों बैठकर कानों में ईयर फोन लगाकर गाने सुनते हैं जिसकी वजह से इनकी श्रवण शक्ति कमजोर पड़ जाती है। कानों में सख्त मैल जम जाता है, जो कि बहुत ही हानिकारक है। कभी-कभी यह मैल इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि कानों में सफाई कराने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता पड़ती है। ईयर फोन के ज्यादा प्रयोग करने से बच्चों में बहरापन भी देखा गया है, हमें बच्चों को इनसे बचाना होगा।

बच्चे कच्ची मिट्टी के समान होते हैं। इनका मन कोमल होता है, जिस तरह आप इन्हें रखेंगे यह उस प्रकार ढल जाएंगे तो इसकी शुरुआत इनके बचपन से कीजिए। क्योंकि यह बड़े होने पर किसी की नहीं सुनेंगे, समय रहते इन्हें मोबाइल से दूर रखें और इनके साथ समय व्यतीत करें।

# लापरवाही न बरतें किडनी की बीमारी में



डॉ. अर्चना श्रीवास्तव
चिकित्सक, लखनऊ

किडनी के कई रोग बहुत गंभीर होते हैं और यदि इनका समय पर इलाज नहीं किया गया तो उपचार असरकारक नहीं होता है। विकासशील देशों में उच्च लागत, संभावित समस्याओं और उपलब्धता की कमी के कारण किडनी फेल्योर से पीड़ित सिर्फ 5-10 प्रतिशत मरीज ही डायालिसिस और किडनी प्रत्यारोपण का उपचार करवा पाते हैं। बाकी मरीज सामान्य उपचार पर बाध्य होते हैं जिससे उन्हें अल्पावधि में ही विषमताओं का सामना करना पड़ता है। किडनी खराब होने से बचने की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए। किडनी की बीमारी को कभी अनदेखा न करें। इसके लिए नियमित रूप से एरोबिक व्यायाम और दैनिक शारीरिक गतिविधियां, रक्तचाप को सामान्य रखने में और रक्त शर्करा को नियंत्रण करने में मदद करती हैं। इस तरह शरीरिक गतिविधियां, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के खतरे को कम कर देती है और इस प्रकार किडनी रोग के जोखिम को कम किया जा सकता है। इसके अलावा संतुलित आहार लें, वहीं जिनकी उम्र 40 के ऊपर है, वे भोजन में कम नमक और चीनी कम लें और वजन नियंत्रण रखें। साथ ही दर्द निवारक दवाओं से सावधान रहें। क्योंकि लंबे समय तक दर्द निवारक दवाइयां लेने से किडनी को नुकसान होने का भी भय रहता है। धूम्रपान और तंबाकू के उत्पादों का सेवन न करें। खूब पानी पीयें, किडनी का वार्षिक चेकअप कराएं। किडनी की बीमारियां अक्सर छुपी हुईं एवं गंभीर होती हैं। अंतिम चरण पहुंचने तक इनमें किसी भी प्रकार का लक्षण नहीं दिखता है। किडनी की बीमारियों की रोकथाम और शीघ्र निदान के लिए सबसे शक्तिशाली प्रभावी उपाय नियमित रूप से किडनी का चेकअप कराना है, लेकिन अफसोस है कि इस विधि का उपयोग ज्यादा नहीं होता है। किडनी रोग गंभीर रोग है। उचित देखभाल और संयम से ही इससे बचा जा सकता है।

# बैंकिंग की बढ़ती शिकायतें



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आरबीआई एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के तहत सोमवार को जारी पहली रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों के खिलाफ 1,96,635 शिकायतें मिली ही हैं, जो कुल प्राप्त शिकायतों का 83.78 फीसदी हैं। यह शिकायतें बैंक सेवा में कमी, काम में विलंब, मोबाइल/इलेक्ट्रानिक बैंकिग, पैरा बैंकिग, लोन, एटीएम/ डेबिट कार्ड आदि को लेकर की गई हैं। बैंकिग लोकपाल को ग्राहक द्वारा शिकायत करना अत्यंत सरल होता है, अगर उसका बैंक उसकी शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहा या ग्राहक उत्तर से असंतुष्ट है और उसकी शिकायत को 30 दिन का समय हो चुका है तो ऐसे में ग्राहक ऑनलाइन शिकायत भेज सकता है।

इसके लिए कोई शुल्क भी देना नहीं होता। शिकायत के लिए उसको पर्याप्त समय भी दिया जाता है। वह अपनी शिकायत 13 महीने के अंदर लोकपाल को भेज सकता है, जिस पर लोकपाल 33 दिनों में समुचित कार्रवाई करेगा। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन या रजिस्ट्री द्वारा अपने विवरण जैसे नाम, संबंधित बैंक का नाम, खाते का विवरण, मोबाइल नंबर और अपने पते के साथ शिकायत कर सकता है। ऑनलाइन शिकायत सरकारी पोर्टल पर भेजी जा सकती है या CRPC@rbi.org.in पर में भेज कर भी दर्ज हो सकती है।



**96.8** करोड़ से अधिक लोग लोकसभा चुनाव में करेंगे मतदान

**49.7** करोड़ पुरुष मतदाता





**47.1** करोड़ महिला मतदाता

**21.6** करोड़ मतदाताओं की आयु 18–29



**15.30** करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

**31** लाख नाम मतदाता सूची से कटे हैं उत्तर प्रदेश में

**15** लाख युवा मतदाता उत्तर प्रदेश में

## भाजपा के उम्मीदवार...

**दादर एवं नगर हवली :** श्रीमती कालाबेन देलकर

**पूर्वी दिल्ली :** हर्ष मल्होत्रा, **उत्तर पश्चिमी दिल्ली :** योगेन्द्र चंदोलिया

**गुजरात साबर कांठा :** भीखाजी दुधाजी ठाकोर, **अहमदाबाद पूर्व :** हसमुख भाई सोमाभाई पटेल, **भावनगर :** श्रीमती निमुबेन बम्भानिया **वड़ोदरा :** श्रीमती रंजनबेन धनंजय भट्ट, **छोटा उदयपुरा( अजजा ) :** जशुभाई भीलुभाई राठवा, **सूरत :** मुकेशभाई चंद्रकांत दलाल, वलसाड( अजजा ) धवल पटेल

**हरियाणा : अम्बाला ( अजा ) :** श्रीमती बंतो कटारिया, **सिरसा ( अजा ) :** अशोक तंवर, **करनाल :** मनोहर लाल खट्टर, **भिवानी :महेन्द्रगढ़ :** चौधरी धरमबीर सिंह, **गुरुग्राम :** राव इंद्रजीत सिंह यादव, **फरिदाबाद :** कृष्णपाल गुर्जर

**त्रिपुरा पूर्व :** महारानी कृति सिंह देब वर्मा।

**हिमाचल प्रदेश : हमीरपुर :** अनुराग सिंह ठाकुर, **शिमला :** सुरेश कुमार कश्यप,

**उत्तराखंड : गढ़वाल :** अनिल बलूनी, **हरिद्वार :** त्रिवेंद्र सिंह रावत

**महाराष्ट्र : नंदुरबार :** डॉ. हिना विजय कुमार गाबित, **धुले :** सुभाष रामराव, **जलगांव :** स्मिता वाघ, **रावेर :** रक्षा निखिल खडसे, **अकोला :** अनूप धोत्र, **वर्धा :** रामदास चंद्रभान, **नागपुर :** नितिन गडकरी, **चंद्रपुर :** सुधीर मुंटीवार, **नांदेड़ :** प्रतापराव पाटिल, **जालना :** राव साहेब, **डिंडोरी :** डॉ. भारती प्रवीण पवार, **भिंवडी :** कपिल मोरेश्वर पाटिल, **मुंबई उत्तर :** पीयूष गोयल, **मुंबई उत्तर पूर्व :** मिहिर कोटेचा, **पुणे :** मुरलीधर किशन मोहोल, **अहमदनगर :**सुजय पाटिल, **बीड :** पंकजा मुंडे, **लातूर :** सुधाकर तुकाराम, **माडा :** रणजीत सिन्हा, **सांगली :** संजय काका पाटिल।

**तेलंगाना : आदिलाबाद :** गोदाम नागेश, **पेद्दापल्ले :** गोमासा श्रीनिवास, **मेडक :** माधवनेनी रघुनंदन राव, **महबूबनगर :** डीके अरुणा, **नल्गोंडा :** सईदा रेड्डी, **महबूबाबाद :** प्रोफेसर अजमीरा सीताराम नाइक

**कर्नाटक : चिक्कोडी :** अन्नासाहेब शंकर जोल्ले, **बागलकोट :** पीसी गद्दीगोंडर, **बीजापुर :** रमेश जिगजिणगी, **गुलबर्गा :** उमेश जी जाधव, **बीदर :** भगवंत खूबा, **कोप्पल :** बसवराज क्यावातूर, **बेल्लारी :** बी. रामुलू, **हावेरी :** बसवराज बोम्मई, **धारवाड़ :** प्रह्लाद जोशी, **दवणमेरे :** गायत्री सिद्देश्वर, **शिमोगा :** वी वाई राघवेंद्र, **उडुपी चिकमंगलूर :** कोटा श्रीनिवास पुजारी, **दक्षिण कन्नड़ :** ब्रिजेश चौटा, **तुमकुर :** वी सोमन्णा, **मैसूर :** कृष्णदत्त चामराज वाडिया, **चामराजनगर :** एस बालराज, **बेंगलुरु ग्रामीण :** डॉ. सीएन मंजूनाथ, **बेंगलुरु उत्तर :** शोभा करंदलाजे, **बेंगलुरु सेंट्रल :** पीसी मोहन, **बेंगलुरु साउथ :** तेजस्वी सूर्या।

***2024 में 400 पार का नारा देकर भारतीय जनता पार्टी क्या करना चाहती है यह विवाद का विषय नहीं है। बल्कि विचार का विषय यह है कि वह यह लक्ष्य हासिल कैसे कर पाएगी। अभी तक 400 पार का लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के ही नाम है। यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए भाजपा को कम से कम 13 प्रतिशत मतों का इजाफा करना होगा। सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट:***

# नरेंद्र मोदी क्या तोड़ पाएंगे राजीव गांधी का रिकार्ड!





**1985** में कांग्रेस ने 542 में से 415 सीटों पर जीत दर्ज करके रच दिया था इतिहास

**303** सीटों पर 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने हासिल की जीत। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं थीं।

**13%** का इजाफा करना पड़ेगा भाजपा को इस बार के लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए

भारतीय जनता पार्टी ने जब "अबकी बार चार सौ पार' का नारा दिया तो उनकी पार्टी के ही लोग उस पर सवाल उठाने लगे।एक सांसद ने जब यह कहा चार सौ पार जाकर संविधान बदलेंगे तो तूफ़ान उठ खड़ा हुआ। हम यहां यह बात नहीं कर रहे हैं कि चार सौ सीट हासिल करने का भाजपा का उद्देश्य क्या है। बल्कि विचार यह है कि कि चार सौ पार जाने का लक्ष्य कितना कठिन है। क्योंकि आजादी के बाद चार सौ पार जाने का करिश्मा सिर्फ राजीव गांधी ही कर सके हैं।

1984 में राजीव गांधी ने जब 415 सीटें जीत कर सरकार बनाई थी।उस समय हालात क्या थे किसी से छिपा नहीं है। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद आम जनता में सहानुभूति की लहर उठी थी । उसी के परिणाम स्वरूप राजीव गांधी यह करिश्मा कर सके थे। क्या भारतीय जनता पार्टी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा के पक्ष में वैसी लहर देख रही? या फिर वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व को लेकर अति आत्मविश्वास में है। यदि ऐसा है भाजपा नेतृत्व को यह समझ लेना चाहिए कि चार सौ पार की राह इतनी आसान नहीं है। 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की। जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 353 सीटें जीतीं। भाजपा ने 37.36% वोट हासिल किए, जबकि एनडीए का संयुक्त मत 60.37 करोड़ वोटों के साथ 45% था।

1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव 1 साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 50 के करीब पहुंचा। कांग्रेस ने कुल 49.1 प्रतिशत हासिल किए थे। उस समय भाजपा दो सीटों पर सिमट गई थी। 2019 के चुनाव को आधार माने तो भाजपा के पास इस समय 37.36% मत हैं। यानी कि राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए भाजपा को अपने मत प्रतिशत में लगभग 13% का इजाफा करना पड़ेगा। जो फिलहाल आसान नहीं दिखता।

राजीव गांधी का रिकॉर्ड तोड़ने से पहले भाजपा को पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी द्वारा बनाए गए कई रिकॉर्ड तोड़ने होंगे। 1951 में जब देश में पहला चुनाव 489 सीटों पर हुआ था। उसे समय कांग्रेस को 364 सीटें मिली थी। 1957 में कांग्रेस ने 371 सीटों पर विजय हासिल की थी। 1971 में भी कांग्रेस में 352 सीटें जीती थी। 1980 में भी कांग्रेस को 351 सीट मिली थी। भाजपा के समक्ष राजीव गांधी के रिकॉर्ड तक पहुंचने से पहले इन चार चुनाव के रिकॉर्ड भी तोड़ने की चुनौती है। 2004 में कांग्रेस 145 सीटों के साथ सबसे आगे रही जबकि भाजपा को 138 सीटें मिलीं थीं। 1984 के बाद कांग्रेस की सीट निरंतर घटती गई। उसी अनुपात में भारतीय जनता पार्टी को बढ़त हासिल हुई। बावजूद इसके कांग्रेस 2004 से 2014 तक पुनः सरकार बनाने में कामयाब रही।

**कांग्रेस को कब मिली कितनी सीटें**

| | |
|---|---|
| 1951 | 364 |
| 1957 | 371 |
| 1967 | 283 |
| 1971 | 352 |
| 1977 | 153 |
| 1980 | 351 |
| 1984 | 415 |
| 1989 | 197 |
| 1991 | 244 |
| 1996 | 140 |
| 2004 | 145 |
| 2009 | 207 |
| 2014 | 44 |
| 2019 | 53 |

# टिकट बंटवारे की नाराजगी पर ममता बनर्जी ने छोटे भाई बाबुन से तोड़े संबंध

कोलकाता, एजेंसी



- हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन पर नाखुश हैं बाबुन बनर्जी
- ममता बनर्जी बोलीं- वंशवाद की राजनीति में नहीं है विश्वास लालची लोग पसंद नहीं

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को अपने छोटे भाई बाबुन बनर्जी से सभी संबंध तोड़ने का ऐलान किया। ममता का यह कदम उनके भाई द्वारा पश्चिम बंगाल की हावड़ा लोकसभा सीट से पार्टी द्वारा प्रसून बनर्जी को फिर प्रत्याशी बनाने पर नाखुशी जताने के बाद आया है। बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में यह टिप्पणी की।

पार्टी के उम्मीदवारों के चयन के खिलाफ बोलने के लिए अपने छोटे भाई पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा, हर चुनाव से पहले, वह समस्या पैदा करते हैं। मुझे लालची लोग पसंद नहीं हैं। मैं वंशवाद की राजनीति में विश्वास नहीं करती कि मैं उन्हें चुनाव में टिकट दूंगी। मैंने उनके साथ सभी रिश्ते खत्म करने का फैसला किया है। मीडिया में बाबुन बनर्जी के भाजपा में जाने की अटकलों को लेकर चल रही खबरों के बारे में पूछे जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा, वह जो चाहें, कर सकते हैं। पार्टी अपने आधिकारिक उम्मीदवार प्रसून बनर्जी के साथ खड़ी है। बाबुन बनर्जी इस समय नयी दिल्ली में हैं। उन्होंने हालांकि उन अटकलों से इनकार किया कि वह भाजपा में जा सकते हैं, लेकिन कहा कि वह हावड़ा सीट से निर्दलीय के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, मैं हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के चयन से खुश नहीं हूं। प्रसून बनर्जी सही विकल्प नहीं हैं। ऐसे कई योग्य उम्मीदवार थे जिन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। प्रसून ने मेरा जो अपमान किया था, मैं कभी उसे नहीं भूल सकता। पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी प्रसून बनर्जी हावड़ा सीट का दूसरी बार लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उन्हें तीसरी बार भी तृणमूल कांग्रेस से उम्मीदवार बनाया गया है। मुख्यमंत्री के छोटे भाई बनर्जी ने कहा कि वह हावड़ा के पंजीकृत मतदाता हैं। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि दीदी मुझसे सहमत नहीं होंगी। लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो मैं हावड़ा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा। उनके भाजपा में जाने की अटकलों पर उन्होंने कहा, जब तक ममतादी हैं, मैं कभी पार्टी नहीं छोड़ूंगा और न ही किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होऊंगा। हां, चूंकि मैं खेल से जुड़ा हूं, इसलिए मैं भाजपा के कई ऐसे नेताओं को भी जानता हूं, जो खेल से जुड़े हुए हैं।

# दलों में आधी आबादी के हक की बात, टिकट देने में आनाकानी

- लोकसभा में मुरादाबाद मंडल की छह सीटों पर किसी पर नहीं है महिलाओं का प्रतिनिधित्व
- भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस की ओर से महिलाओं को टिकट देने में किया जाता है संकोच
- मुरादाबाद से 1952 से अब तक हुए चुनाव में नहीं पहुंची हैं कोई महिला संसद में

● विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** चुनाव आने पर राजनीतिक दलों को आधी आबादी की अहमियत वोट के लिए तो याद आती है लेकिन उनके हकदारी की बात करने वाले लोकसभा, विधान सभा या स्थानीय निकाय के चुनाव में टिकट देने में आनाकानी करते हैं। मुरादाबाद मंडल के छह सीटों में से एक पर भी लोकसभा में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं है। इनके वोट लेने वाले टिकट के समय इनकी अनदेखी कर देते हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में तेजी है। भले ही अभी चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन जीत हार के ताने बाने बुने जा रहे हैं। आंकड़ों पर जीत को तौला जा रहा है। कहीं जाति तो कहीं धर्म तो कहीं पुरुष और महिलाओं की संख्या के अनुपात में प्रत्याशी तय करने में दलों के दिग्गज जुटे हैं। लेकिन आजादी के कई दशक बीतने के बाद भी राजनीति में आधी आबादी को अपना पूरा हक नहीं मिल रहा है। आधी आबादी के हक की बात तो की जाती है लेकिन जब चुनाव का समय आता है तो उनको जीत के लिए अधिक मुफीद न मानते हुए टिकट देने से परहेज किया जाता है। ऐसी स्थिति किसी एक दल की नहीं कमोवेश सबकी है। दलों के दिग्गज महिलाओं को वोट के लिए तो अहम मानते हैं लेकिन टिकट देने से बचकर पुरुषों पर अधिक दांव लगाते हैं।

अब संसद में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद बने कानून का कितना पालन दलों के द्वारा किया जाएगा यह तो चंद दिनों में पता चल जाएगा लेकिन अभी तक के आंकड़े महिलाओं के लिए राजनीति में हकदारी की बात अंगूर खट्टे हैं जैसी है। मंडल में छह में से किसी सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में महिलाओं का प्रतिनिधित्व नहीं है। जबकि मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 1952 से अब तक हुए चुनाव परिदृश्य पर नजर डालें तो कोई महिला संसद में नहीं पहुंची हैं।



● मुरादाबाद नगर ● मुरादाबाद देहात ● ठाकुरद्वारा ● कांठ ● बढ़ापुर

## इस बार बढ़ी हैं महिला मतदाता



इस लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान में पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में आधी आबादी पर रहेगा जीत का अहम दारोमदार रहेगा। इस बार के चुनाव में मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 11,46,014 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। विशेष पुनरीक्षण अभियान में 69407 मतदाता बढ़े हैं। जिसमें पुरुषों से अधिक महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। पहले महिला मतदाताओं की संख्या 11,04,303 थी। पुनरीक्षण में महिला मतदाता 41,710 बढ़ गई हैं। अब इनकी कुल संख्या 11,46,014 हो गई है। ऐसे में जीत की कुंजी उनके हाथ में रहेगी। हालांकि जिले में कुल 24,42,843 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे।

**मुरादाबाद मंडल के सांसद**

| | | |
|---|---|---|
| मुरादाबाद | डॉ. एसटी हसन | सपा |
| रामपुर | घनश्याम लोधी | भाजपा ( उपचुनाव में जीते ) |
| संभल | डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क | 27 फरवरी 2024 निधन |
| अमरोहा | कुंवर दानिश अली | बसपा ( अभी निष्कासित ) |
| नगीना | गिरीश चंद्र | बसपा |
| बिजनौर | मलूक नागर | बसपा |

**मुरादाबाद लोकसभा सीट पर इनकी जीत**

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | रामसरन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सैयद मुजफ्फर हुसैन | स्वतंत्र |
| 1967 | ओम प्रकाश त्यागी | भारतीय जनसंघ |
| 1971 | वीरेंद्र अग्रवाल | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी |
| 1980 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता पार्टी ( सेक्युलर ) |
| 1984 | हाफिज मो. सिद्दिक | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1991 | गुलाम मोहम्मद खान | जनता दल |
| 1996 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | चन्द्र विजय सिंह | अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 | शफीकुर रहमान बर्क | समाजवादी पार्टी |
| 2009 | मोहम्मद अज़हरुद्दीन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | कुंवर सर्वेश कुमार सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | डॉ. एसटी हसन | समाजवादी पार्टी |

**केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती, दो बार पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने किया था प्रतिनिधित्व**




# फतेहपुर : बनेगा नया रिकार्ड या दोहराया जाएगा इतिहास

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

कानपुर और प्रयागराज तथा गंगा-यमुना के बीच में बसे होने के कारण दोआबा के नाम से मशहूर फतेहपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने हैट्रिक लगाने के लिए केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को फिर से मैदान में उतार दिया है। हालांकि इतिहास बताता है कि इस सीट से अभी तक कोई सांसद हैट्रिक नहीं लगा पाया है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार नया रिकार्ड बनेगा या इतिहास दोहराया जाएगा। सपा-कांग्रेस गठबंधन में इस सीट से सपा को प्रत्याशी उतारना है, लेकिन पार्टी ने अभी किसी का नाम घोषित नहीं किया है।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र कितना महत्वपूर्ण है, यह बात इसी से समझी जा सकती है कि यहीं से वर्ष 1989 और 91 के चुनाव में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीतने वाले विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के प्रधानमंत्री बने थे। उनसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे हरिकिशन शास्त्री ने कांग्रेस के टिकट पर वर्ष 1980 और 84 में लगातार दो बार जीत हासिल की थी। 1996 में बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद और 1998 और 99 में भाजपा के डॉ. अशोक कुमार पटेल फिर 2004 में बसपा के महेंद्र निषाद और 2009 में सपा के राकेश सचान सांसद बने थे। पिछले दो चुनावों 2014 और 2019 से साध्वी निरंजन ज्योति ने यहां भाजपा का 'कमल' खिला रखा है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 में अभी तक भाजपा द्वारा घोषित नौ प्रत्याशियों में वह अकेली महिला उम्मीदवार हैं। पार्टी का मानना है कि राम मंदिर बनने से बने माहौल, मोदी की गारंटी और जातीय समीकरणों के दम पर साध्वी इस बार बड़े अंतर से चुनाव जीतने का रिकार्ड बना सकती हैं। उनका मुकाबला करने के लिए सपा से जहां भाजपा के टिकट पर दो बार जीत दर्ज करने वाले डॉ. अशोक पटेल मजबूती से दावा ठोक रहे हैं, तो सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का नाम भी टिकट के दावेदारों में प्रमुखता से गिना जा रहा है। बसपा ने अभी यहां पत्ते नहीं खोले हैं। लेकिन मजेदार यह है कि कभी भाजपा के लिए चुनौती रहे सपा के पूर्व सांसद राकेश सचान अब योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और साध्वी की बड़ी जीत के लिए पूरी ताकत भी लगाए हैं।

**बीते चार चुनाव में वोट प्रतिशत**

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विस | 33.9 | 40.2 | 12.9 | 1.9 |
| 2019 लोस | 55 | -- | 35.7 | 6.4 |
| 2017 विस | 40.8 | 15.2 | 18.7 | 8.9 |
| 2014 लोस | 46.0 | 17.0 | 28.3 | 4.4 |

**2019 चुनाव का परिणाम**

| दल | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | साध्वी निरंजन ज्योति | 5,66,040 |
| बसपा | सुखदेव प्रसाद वर्मा | 3,67,835 |
| कांग्रेस | राकेश सचान | 66,077 |
| नोटा | | 14,692 |

( 2019 में सपा–बसपा गठबंधन में सीट बसपा को मिली )

## इतिहास का आईना

फतेहपुर लोकसभा सीट पर 1957 में पहला चुनाव हुआ था। अब तक सबसे ज्यादा पांच बार कांग्रेस तो भाजपा को चार बार सफलता मिली है। जनता दल और बसपा के उम्मीदवारों ने दो–दो बार, सपा और लोकदल के प्रत्याशियों को एक–एक बार जीत दर्ज की है। 1962 में निर्दलीय उम्मीदवार को यहां से सफलता मिली थी। बीते दो चुनाव से भाजपा का इस सीट पर कब्जा है।

## हैट्रिक से चूकते रहे सांसद

1967 और 1971 में फतेहपुर सीट से कांग्रेस के संतबख्श सिंह सांसद बने। लेकिन इसके बाद हुए 1977 के चुनाव में वह जनता पार्टी के वशीर अहमद से हार गए। इसी प्रकार 1980 और 1984 में दो बार कांग्रेस के हरिकृष्ण शास्त्री सांसद बने। लेकिन तीसरी बार 1989 में जनता दल के वीपी सिंह से पराजित हो गए। इसके बाद मध्यावधि चुनाव होने के कारण वीपी सिंह 1991 में दोबारा सांसद बने। ऐसे ही दो बार डॉ. अशोक पटेल सांसद बने, लेकिन तीसरी बार 2004 में चुनाव हार गए।

## तीन दशक से कुर्मी या निषादों का ही दबदबा

इस सीट पर पिछले करीब तीन दशकों से कुर्मी या निषाद प्रत्याशियों का ही दबदबा रहा है। 1996 में भाजपा के महेंद्र प्रताप सिंह को हराकर बसपा के विशंभर प्रसाद निषाद ने सीट पर कब्जा किया था। लेकिन 1998 के चुनाव में डॉ. अशोक पटेल ने बसपा से सीट छीन ली। एक साल बाद हुए मध्यावधि चुनाव में बसपा के सूर्यबली निषाद को हराकर डॉ. अशोक पटेल ने दोबारा जीत हासिल की। 2004 के चुनाव में यह सीट फिर बसपा की झोली में गई। बसपा के महेंद्र निषाद जीते। 2009 में सपा के राकेश सचान यहां से जीते। 2014 में एक बार फिर भाजपा की साध्वी निरंजन ज्योति ने बसपा के अफजल सिद्दीकी को हरा दिया। 2019 में साध्वी फिर चुनाव जीतने में सफल रहीं।

## एक नजर

### उद्यमिता विकास कार्यक्रम के पंजीकरण शुरू

**गदरपुर।** देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में 16 मार्च से 30 मार्च तक उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम संयोजक डॉ अशोक कुमार ने बताया ।कि उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पंजीकृत प्रशिक्षणर्थियों को विशेषज्ञों से उद्यमिता विकास, उद्यम की स्थापना, बाजार सर्वेक्षण, व्यवसाय योजना की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 13 से 15 मार्च तक पंजीकरण होगा। प्राचार्य प्रो शर्मिला सक्सेना ने बताया पहले दिन 36 पंजीकरण हुए हैं जिसमें छह बाहरी लोग शामिल हैं। इस मौके पर डा. तनुजा परिहार, डा. प्रमोद वर्मा, प्रभजोत कौर, मौ इलियास, विजय गिरी शाहिद काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### निर्माता पर शास्त्री मार्केट की दोनों दिशाओं के मार्ग को अवरोध करने का आरोप, व्यापार हो रहा प्रभावित

# व्यापारियों के हंगामे पर रोकनी पड़ी फिल्म की शूटिंग

संवाददाता, किच्छा


किच्छा के शास्त्री मार्केट में धरना प्रदर्शन करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के शास्त्री मार्केट में हो रही फिल्म की शूटिंग के दौरान व्यापारियों ने फिल्म निर्माता पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर अन्य व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित व्यापारियों ने सड़क पर दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिसके चलते मौके पर भीड़ जमा हो गई। फिल्म की शूटिंग बीच में रोकनी पड़ी।

ज्ञात हो कि विगत कुछ दिनों से नगर स्थित शास्त्री मार्केट में हिंदी फिल्म की शूटिंग चल रही है, जिसके चलते फिल्म निर्माता द्वारा शास्त्री मार्केट की दोनों दिशाओं के मार्ग को अवरोध किए जाने के चलते स्थानीय व्यापारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। शास्त्री मार्केट के व्यापारियों ने आरोप लगाया कि शूटिंग के चलते उनका व्यापार लगातार प्रभावित हो रहा है और प्रतिदिन उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों ने कहा कि फिल्म निर्माता द्वारा कुछ व्यापारियों को मुआवजा देकर इतिश्री कर ली गई है जबकि कई व्यापारियों को लगातार हो रहे नुकसान के बावजूद उन्हें मुआवजा नहीं दिए जाने से व्यापारियों में रोष व्याप्त है। स्थानीय किराना व्यापारी सुमित बाबा ने आरोप लगाया कि फिल्म निर्माता द्वारा भेदभावपूर्ण रवैया अपनाए जाने के चलते व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है तथा शूटिंग के चलते स्थानीय व्यापारियों का कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि फिल्म शूटिंग से जुड़े लोगों द्वारा स्थानीय व्यापारियों की दुकान एवं उनके निवास पर बिना अनुमति के प्रवेश कर उनके भवन पर बड़ी-बड़ी लाइट लगाई गई हैं तथा शूटिंग के चलते विगत कई दिनों से शास्त्री मार्केट क्षेत्र में अफरा-तफरी है। हंगामे की सूचना पर वरिष्ठ व्यापारी नेता गुलशन सिंधी तमाम व्यापारियों के साथ मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित व्यापारियों से वार्ता कर जल्द मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। आश्वासन के चलते व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। मौके पर राजकुमार, ऋषभ शर्मा, जगदीश राज बाबा, राजू, अनिल कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# आंदोलित किसानों का चुनाव बहिष्कार का ऐलान

### कहा : मुख्यमंत्री के बाजपुर आगमन के निराशाजनक परिणाम, भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुलाने की तैयारी शुरू

संवाददाता, बाजपुर



तहसील परिसर में धरना स्थल पर बैठक करते आंदोलनकारी किसान। ● अमृत विचार


प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा।


कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की।


संयोजक जगतार सिंह।


रजनीत सिंह सोनू।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बाजपुर आगमन को लेकर किसानों को बड़ी उम्मीद थी, लेकिन निराशाजनक परिणाम सामने आने के बाद बीस गांव की भूमि को लेकर आंदोलित किसान आक्रोशित हो उठे हैं और आंदोलन स्थल तहसील परिसर में हुई बैठक में लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया गया है। इसके साथ ही भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत को धरना स्थल पर बुलाने की तैयारी भी शुरू की जा रही है।

सीएम की सभा के उपरांत लगभग साढ़े सात माह से आंदोलित किसानों की पंचायत बुधवार को भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन स्थल तहसील परिसर में भाकियू के प्रांतीय अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें तय किया गया कि आंदोलन को उस मोड़ पर ले जाया जाए, जहां से समस्या का समाधान हो सके जिसके चलते भाकियू के राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत को जल्द बाजपुर बुलाने और पूरे लोकसभा क्षेत्र में किसानों से मतदान नहीं किए जाने की अपील करने व बीस गांव के किसानों द्वारा किसी भी पार्टी को वोट नहीं देने का निर्णय लिया गया। प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास था कि लोकसभा चुनाव के चलते मुख्यमंत्री किसानों की समस्या का समाधान करेंगे। वहीं भाकियू कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा ने कहा कि अभी तक वह शासन पर विश्वास कर समाधान की आशा में आंदोलन को शांति पूर्वक संचालित कर रहे थे और भाजपा नेताओं के अनुरोध पर अनेक बार बड़े कार्यक्रम स्थगित भी किए गए, लेकिन अब मामला गंभीर हो गया है जिसके चलते किसान किसी के पक्ष में भी मतदान नहीं करेगा और चुनाव का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर वोट मांगने के लिए आने वाले नेताओं को क्षेत्र से खदेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 मार्च को प्रतिनिधिमंडल किसानों की पंचायत में दिल्ली जा रहा है और वहां से बड़े नेताओं से वार्ता कर आंदोलन को तीव्र किया जाएगा। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि जनता को मुख्यमंत्री से बहुत उम्मीदें थी और किसान यह मानकर चल रहे थे कि समस्या का समाधान मुख्यमंत्री के आगमन से हो जाएगा, लेकिन घोर निराशा हाथ लगी है जिसके चलते अब आश्वासन पर नहीं कार्य पर विश्वास करते हुए आंदोलन को सफलता मिलने तक चलाया जाएगा। सत्याग्रह के अगुवा रजनीत सिंह सोनू ने कहा कि किसान चुनाव का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेगा और इसके लिए गांव-गांव में जाकर प्रचार भी किया जाएगा। इस मौके पर जनकवि बल्ली सिंह चीमा, बल्देव सिंह संधू, हरप्रीत सिंह निज्जर, दर्शन लाल गोयल, नत्था सिंह, अमरनाथ शर्मा, जसमीत सिंह भुल्लर, सर्वजीत सिंह, गुरविंदर सिंह सिद्धू, सन्नी खैरा आदि मौजूद थे।

## कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के अध्यक्ष का स्वागत किया

**बाजपुर।** उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार 'डब्बू' के अध्यक्ष बनने के बाद मंगलवार की सायं पहली बार बाजपुर आगमन पर मंडी समिति के आढ़ती व्यापारियों व मंडी समिति के कर्मचारियों ने स्वागत किया।

इस मौके पर मंडी समिति परिसर में स्थापित किसान भवन में आयोजित कार्यकम में उन्होंने व्यापारियों व किसानों के बीच आपसी सामन्जस्य स्थापित कर कार्य करने की बात कही। इस दौरान व्यापारियों द्वारा उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया जिस पर अध्यक्ष अनिल कुमार ने जल्द समाधान का भरोसा व्यापारियों ने दिया। इस मौके पर भाजपा नेता गौरव शर्मा, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष निरंजन दास गोयल, महामंत्री डा.महेश मित्तल, राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यवान गर्ग, महामंत्री अरविंद जैन, उत्तराखंड राइस मिल एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश गर्ग, मंडी के व्यापारी संजय गोयल, वेद भारती, जयराम सिंघल, तरसेम गर्ग, विकास गोयल, टीकाराम, ग्यारसीलाल गोयल, प्रवेश जैन, बलवंत उप्पल, विनोद उप्रेती, पवन कुमार, सार्थक नेगी, मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# मेले में 36 फूड लाइसेंस बनाए

संवाददाता, रुद्रपुर



रुद्रपुर में फूड लाइसेंस बनाते जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा व अन्य।

**अमृत विचार :** रुद्रपुर व्यापार मंडल की ओर से खाद्य लाइसेंस के पंजीकरण के लिए एक मेले का आयोजन मुख्य बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। इस दौरान 36 व्यापारियों के फूड के लाइसेंस बनाये गये। इसके अलावा कई व्यापारियों के पंजीकरण रिन्यूवल किये गये।

बुधवार को मेले के दौरान व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और व्यापारियों की सुविधा के लिए खाद्य विभाग की ओर से लाइसेंस बनाने के लिए मेले का आयोजन किया गया। ताकि कारोबारियों को सुविधा मिल सके और आसानी से उनके लाइसेंस मिल सके। जिला अभिहित अधिकारी ऊधमसिंह नगर डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया मेले में 36 कारोबारियों के फूड लाइसेंस बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह लाइसेंस कारोबारी अपनी सुविधा के अनुसार एक साल से पांच वर्ष तक के लिए बना सकता है। उन्होंने बताया कि 12 लाख से कम टर्नओवर वाले व्यापारियों का पंजीकरण किया जा रहा है। एक साल के लाइसेंस के लिए 100 रुपये प्रतिवर्ष लिया जाता है। जबकि 12 लाख से 20 करोड़ तक के टर्नओवर वाले कारोबारियों को स्टेट लाइसेंस लेना पड़ता है। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या समेत बलविंदर सिंह विर्क, सुरमुख सिंह विर्क, मनजीत मक्कड़, मनोज छाबड़ा, संदीप राव समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों का बीईओ दफ्तर पर प्रदर्शन

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में खंडशिक्षाधिकारी कार्यालय के सामने विज्ञप्ति की प्रतियां जलाते शिक्षक।

**अमृत विचार:** प्रधानाचार्य सीमित विभागीय भर्ती परीक्षा के लिए जारी की गई विज्ञप्ति को अविलंब निरस्त करने एवं शत-प्रतिशत विभागीय पदोन्नति को लेकर राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड ने आंदोलन की राह पकड़ ली है। प्रांतीय आह्वान पर शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने खंडशिक्षाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन कर विज्ञप्ति की प्रतियों को जलाकर अपना विरोध दर्ज करवाया।

बुधवार को कुछ शिक्षक एकत्रित होकर ग्राम पंचायत नमूना के अंतर्गत नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग किनारे स्थित खंडशिक्षाधिकारी कार्यालय जा पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन व नारेबाजी के बीच विज्ञप्ति की प्रतियों को आग के हवाले किया गया। उनका कहना था कि राइंका व राबाइंका में प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्या के 692 पदों के लिए सीमित विभागीय भर्ती परीक्षा हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है जिसका हम पुरजोर विरोध कर रहे हैं। कहा कि आज विज्ञप्ति की प्रतियों की होलिका दहन कर अपना विरोध दर्ज करवाया गया है, यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो प्रांतीय कार्यकारिणी के आदेशानुसार आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर ब्लाकाध्यक्ष वीरेंद्र चौहान, ब्लाक मंत्री शर्मेंद्र कुमार सिंह, ब्लाक उपाध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, वीरेंद्र सिंह, उमेश कुमार उप्रेती, पूर्व प्रांतीय संयुक्त मंत्री योगेश कुमार घिल्डियाल, विशन लाल टम्टा, सुमन वाला, मंजु वाला आदि मौजूद रहे।

**तैयारी** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की तैयारी के तहत एसडीएम कार्यालय में आयोजित हुई बैठक

# जल्द ही पर्यवेक्षक करेंगे बूथों का निरीक्षण : उपजिलाधिकारी

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक करते एसडीएम आरसी तिवारी।

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं जिसके चलते अगले 24 से 72 घंटे में प्रत्येक उस स्थान से चुनावी प्रचार सामग्री हटा दी जाएगी जो नियमों के विपरीत लगी है। इसके लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। वहीं बाजपुर विधानसभा में 174 बूथों पर मतदान करवाने के लिए व्यवस्था दुरुस्त की गई हैं, जल्द ही पर्यवेक्षक इन बूथों का निरीक्षण करेंगे।

बुधवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी ने कहा कि आगामी कुछ ही दिनों में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव करवाना हम सबकी पहली प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं होगी। विभिन्न पार्टियों के होने वाले विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में परमिशन आदि चेक करने के लिए सर्विलांस टीमों का भी गठन किया गया है। बताते चलें कि 64-बाजपुर विधानसभा क्षेत्र में बाजपुर-काशीपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत 100 भवनों में 174 बूथ बनाए गए हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र को दो जोन, 16 सेक्टर में विभाजित किया गया है। कुल एक लाख 58 हजार से भी अधिक मतदाता हैं। इस मौके पर अक्षय कुमार भट्ट, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, वाइके भगत, एसएन सिंह, हरपाल सिंह, रावेंद्र चौहान, भीम सिंह, महिपाल सिंह आदि मौजूद थे।

### दो महिला सखी बूथ बनाए गए

**बाजपुर।** वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को रिझाने के लिए इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक प्रकार के बूथों को भी स्थापित करवाया गया है जिसमें ग्राम भीमनगर व मडैया हट्टू में दो महिला सखी बूथ बनाए गए हैं जिसमें सभी मतदान अधिकारी-कर्मचारी महिलाएं होंगी। इसी प्रकार तीन माडल बूथ आदर्श कन्या इंटर कालेज बाजपुर, राइंका बरहैनी व एसएन शर्मा राइंका सुल्तानपुर पट्टी बनाए गए हैं। इसके अलावा जनजाति समाज के लिए एक यूनिक बूथ जनजाति बाहूल्य ग्राम भीकमपुरी में बनाया गया है। वहीं एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को पूरी निष्पक्षता व सतर्कता बरतने की बात कही है।

## यूसीसी से महिलाओं का उत्पीड़न रुकेगा

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने कहा कि धामी सरकार द्वारा उत्तराखंड विधानसभा में पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी मंजूरी दी है। इससे महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न पर लगाम लगेगी। बुधवार को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधायक अरोरा ने कहा कि समान नागरिक संहिता प्रदेश में सामाजिक समानता की सार्थकता को सिद्ध कर समरसता को बढ़ावा देने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप हमारे प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने नागरिकों के हितों के संरक्षण और उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए पूरी पारदर्शिता से कार्य करेगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री धामी को बधाई दी है।

## सार-संक्षेप


गदरपुर स्थित ब्लॉक में धरने पर बैठीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी

**गदरपुर।** अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सेविकाओं का कार्य बहिष्कार 23 वें दिन भी जारी रहा। बुधवार को ब्लॉक कार्यालय के बाहर जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सेविकाओं ने धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार जारी रखा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों को लेकर एक समिति गठित की गई, जो मांगों के निराकरण के संबंध में उचित फैसला लेगी। जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर का कहना था कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस मौके पर शशि विश्वास, आनंदी देवी, रीता रानी, कुसुम राय, सुमन मिड्ढा, प्रभा मंडल, अनुपमा, मधु बाला शाहिद आदि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थीं।


खटीमा से साइंस ओलंपियाड में मेडल जीतने वाले बच्चों के साथ स्कूल प्रबंधन।

### बच्चों ने साइंस ओलंपियाड में बिखेरे जलवे

**खटीमा।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित मैथमेटिक्स, अंग्रेजी और विज्ञान ओलंपियाड में नोजगे के अक्षय थापा, आरोही प्रजापति, सिद्धि मित्तल, वैष्णवी बसेड़ा, जतिन चंद, समृद्धि राठौर, नितिन पाल, नैतिक पाटनी, समृद्धि रावत, कोमल अन्ना, ईशान आगरी, अनुष्का गुप्ता और रिया ने गोल्ड मेडल आफ एक्सीलेंस जीता। वहीं पांच छात्र-छात्राओं जतिन चंद, समृद्धि राठौर, नितिन पाल, नैतिक पाटनी और ईशान आगरी का द्वितीय स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए चयन हुआ है। बच्चों को प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता, डॉ विनय जैन, सिमरन बसंल, रशिम मिश्रा, रुचि बसेड़ा, प्रभदीप कौर, मो नसीम आदि ने बधाई दी है।

### चंद्रावती महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**काशीपुर।** चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ धर्मेंद्र बसेड़ा जिला समन्वयक (राष्ट्रीय सेवा योजना) एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कीर्ति पंत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लक्ष्य गीत आदि प्रस्तुत किये। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता मेहरा, डॉ मंजू सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. दीपा चन्याल, ज्योति गोयल, ज्योति रावत, डॉ रंजना,पुष्पा धामा, प्राची धौलाखंडी, शीतल अरोरा, किरन फर्त्याल, सृष्टि सिंह, कीर्ति टंडन आदि उपस्थित थे।

### अस्पताल को मिली आधुनिक एक्स-रे मशीन

**बाजपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उच्चीकृत होकर उपजिला चिकित्सालय बनने के बाद से चिकित्सीय उपकरणों में सुधार होना शुरू हो गया है, जिसके चलते बुधवार को अस्पताल में दंत चिकित्सा विभाग में आधुनिक एक्स-रे की मशीन उपलब्ध हो गई है, जोकि अब तक की श्रेष्ठ मशीन बताई जा रही है। अभी तक अस्पताल में पुरानी तकनीक से निर्मित मशीन के द्वारा परीक्षण किया जाता था जिससे जबड़े आदि की पूर्ण जांच नहीं हो पाती थी। वर्तमान में दांतों के आधुनिक एक्स-रे हेतु कंप्यूटराइज डेंटल आरवीजी मशीन स्थापित की गई है जिससे मात्र एक मिनट में मरीज के दांतों का एक्स-रे किया जा सकता है। डेंटल चिकित्सक डा.नवीन कुमार ने बताया कि उपचार के दौरान मरीज को कोई परेशानी होती है तो यह कंप्यूटराइज मशीन द्वारा पहले ही देख लिया जाता है।

### जीआईसी को ओएनजीसी ने दीं 310 जोड़ी टेबल-कुर्सी

**शक्तिफार्म।** स्वयंसेवी संस्था देववाणी परोपकार मिशन ने ओएनजीसी देहरादून के सहयोग से राजकीय इंटर कॉलेज को 310 कुर्सी-टेबल को उपलब्ध कराया। बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में आयोजित फर्नीचर वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिडकुल के आरएम रविंद्र सिंह रहे। मिशन के अध्यक्ष ईश्वर सुयाल ने कहा कि राइका में 350 जोड़ी कुर्सी मेज की आवश्यकता थी। इनमें से उन्होंने ओएनजीसी की मदद से 310 जोड़ी कुर्सी मेज उपलब्ध कराई है। प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने स्वयंसेवी संस्था और ओएनजीसी का आभार अव्यक्त किया। इस मौके पर जीजीआईसी की प्रधानाचार्य शशिकला सिंह, नीता जोशी, सतीश राणा, कैलाश उनियाल, शोहित लता आदि मौजूद थे।

### लेफ्टिनेंट बने रोहित को दी बधाई

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आवास विकास कॉलोनी निवासी नरेश चंद के आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र रोहित चंद के सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर बधाई दी। रोहित ने सिटी कान्वेंट स्कूल और नोजगे पब्लिक स्कूल से अपनी पढ़ाई शुरू की। रोहित उत्तराखंड आंदोलन में शहीद गोपी चंद के पौत्र हैं। बधाई देने वालों में भाजपा झनकट मंडल अध्यक्ष विमला विष्ट, हरीश भट्ट, भुवन जोशी, महेश राणा, मनोज चन्द, सूरज धामी, राजेन्द्र विष्ट, विमला धामी आदि थे।

### नगर पंचायत बनाने की मांग

**बाजपुर।** बरहैनी व्यापार मंडल द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर नगर पंचायत बनाए जाने की मांग की है। कहा गया कि बरहैनी ग्राम पंचायत नैनीताल जनपद की सीमा पर बसा ऊधम सिंह नगर का अंतिम गांव है। इसके आगे बन्नाखेड़ा व बरहैनी वन रेंज शुरू हो जाता है। वन सीमा पर ही लगभग 400 वर्ष पुराना प्राचीन झारखंडी शिव मंदिर व बरहैनी वन चौकी के पास नैनीताल रोड पर प्राचीन वनखंडी महादेव मंदिर तथा इससे कुछ किमी दूर नैनीताल जनपद में बरहैनी के जंगल में मोटेश्वर महादेव मंदिर है और इन मंदिरों में श्रद्धालुओं का साल के बाहर माह आवागमन रहता है। इन मंदिरों को पर्यटन के रूप में स्थापित किया जा सकता है। वहीं गांव में इंटर कालेज, तीन बैंक, सहकारी समिति, तीन से अधिक दुकानें स्थापित हैं। लगभग आसपास के गांवों को मिलाकर 10 हजार से अधिक की आबादी है। उन्होंने नैनीताल मुख्यमार्ग को विकसित करने व पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बरहैनी को नगर पंचायत बनाए जाने की मांग की है।


खटीमा में भाजपा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर उपस्थित कार्यकर्ता।

### टनकपुर रोड पर खुला भाजपा का चुनाव कार्यालय

**खटीमा।** लोकसभा चुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय टनकपुर रोड पुराने रतूड़ी हॉस्पिटल में लोकसभा चुनाव प्रभारी दान सिंह रावत और भाजपा कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, जीवन धामी, मनोज वाधवा, लोकसभा चुनाव प्रभारी उत्तम दत्ता, विवेक सक्सेना, डॉ नवीन भट्ट, गोपाल बोरा, अंजू देवी, भुवन भट्ट, अमित पांडेय, हिमांशु बिष्ट, रंजीत सिंह नामधारी, राजपाल सिंह, किशन किन्ना, गंभीर धामी, संतोष अग्रवाल, जगदीश जोशी, रेनू भंडारी मोहनी पोखरिया, अनवार अहमद, नवल वाल्मीकि, राहुल सक्सेना, इंद्रा चंद, राहुल चौहान, भवानी भण्डारी, नवीन बोरा, विपिन राणा, नीता सक्सेना, दीपक तिवारी, अशोक बत्रा, रमेश जोशी, अरुण सक्सेना, सतीश गोयल, लीला बोरा आदि थे।

## एक नजर

### बिजली चोरी के आरोप में दो लोगों पर मुकदमा

**अल्मोड़ा :** विद्युत विभाग के अधिकारियों ने सल्ट विधानसभा के मंगरूखाल क्षेत्र में बिजली चोरी का एक मामला पकड़ा है। अधिकारियों ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उपखंड अधिकारी भिकियासैंण अरूण कुमार ने बताया कि विगत दिवस उनकी टीम सल्ट के सराईखेत क्षेत्र के निरीक्षण पर थी। इस दौरान मंगरूखाल में बन रही पंपिंग पेयजल योजना के पुनर्निर्माण के कार्य में लगे मजदूरों के आवास के लिए बिजली चोरी की जा रही थी। टीम ने बिजली चोरी के प्रयोग किए जा रहे उपकरण व तार कब्जे में ले लिए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में कार्यदायी संस्था के ठेकेदार त्रिलोक सिंह रावत और सुपरवाइजर प्रकाश सिंह बिष्ट के खिलाफ सल्ट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### नर्सिंग बेरोजगारों ने स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार

**अल्मोड़ा :** स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के मामले को हरी झंडी दे दी है। इसके लिए नर्सिंग बेरोजगारों ने मंत्री का आभार जताया है। नर्सिंग महासंघ के प्रदेश संरक्षक गौरव कुमार ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग अधिकारियों के पद रिक्त हैं। जिस कारण कॉलेज प्रबंधनों और वहां उपचार के लिए आने वाले रोगियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन स्वास्थ्य मंत्री ने 1455 रिक्त पदों पर नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती का रास्ता खोलकर इस समस्या को दूर करने और बेरोजगारों की पीड़ा को दूर करने का काम किया है। स्वास्थ्य मंत्री के इस फैसले पर जिलाध्यक्ष गीता सामंत, ललिता मेहता, सोनी आगरी, कमल, संजय रावत समेत सभी नर्सिंग बेरोजगारों ने उनका आभार जताया।

### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उद्यमिता बेहतर माध्यम

**अल्मोड़ा :** बढ़ती बेरोजगारी के बीच उद्यमिता युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। सरकार उद्यमिता के जरिए युवाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के प्रयास कर रही है। यह बात धौलादेवी विकास खंड के राजकीय डिग्री कॉलेज गरूड़ाबांज के देवभूमि उद्यमिता केंद्र में चल रहे 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी डॉ. दीपाली कनवाल ने कही। उन्होंने कहा कि युवाओं, उद्यमियों एवं छात्र-छात्राओं को स्थानीय व्यवसाय के अवसरों एवं संभावनाओं को पहचानते हुए उद्यम एवं स्टार्टअप की शुरूआत करने का प्रयास करना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान रिसोर्स पर्सन भूपेंद्र सिंह मेहरा ने अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र की जानकारी युवाओं को दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आरए सिंह, सोनजीत, नंदन सिंह, कुंवर सिंह, उमेश, गौरव, नेहा, रोशनी, हिमानी, उमा, हेमंत, पीयूष, मनीषा आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज व महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड ठप

**अल्मोड़ा :** महिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण अल्ट्रासाउंड सेवा ठप हो गई है। जिस कारण रोगियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने की सुविधा उपलब्ध है। लेकिन महिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड न होने के कारण अब पूरा दबाव जिला अस्पताल के ऊपर आ गया है। यहां गर्भवती महिलाओं के अलावा अन्य रोगी सैंकड़ों की संख्या में अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंच रहे हैं। भीड़ अधिक होने के कारण कई मरीजों को बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा देश का विकास

## केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने सूरज पोर्टल लॉचिंग कार्यक्रम में की शिरकत, लाभार्थियों को दिए उज्जवला गैस कनेक्शन

▸▸ बोले, पर्यावरण मित्रों के लिए मील का पत्थर साबित होगा पीएम सूरज पोर्टल

संवाददाता, अल्मोड़ा


हवालबाग में लाभार्थियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन वितरित करते केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नित नए आयाम लिख रहा है। देश लगातार विकसित होने की ओर अग्रसर है। सभी वर्गों के उत्थान को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन कर रही है। इस कड़ी में सूरज पोर्टल की लांचिंग एक बड़ी उपलब्धि है।

यह बात केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने पीएम सूरज राष्ट्रीय पोर्टल के लांचिंग अवसर पर विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान हवालबाग में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के सभी वर्गों का ध्यान रखने वाले हैं। अब सूरज पोर्टल देश के पर्यावरण मित्रों के जीवन को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

इस पोर्टल के माध्यम से पर्यावरण मित्रों का पंजीकरण किया जाएगा। जिससे उन्हें विभिन्न योजनाओं के लाभ से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण बहुत व्यापक है और निम्न वर्गों के लिए वह हमेशा समर्पित रहते हैं। इस दौरान अजय भट्ट ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया। साथ ही पूर्ति विभाग के माध्यम से लाभार्थियों को उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। आयुष्मान कार्ड तथा पर्यावरण मित्रों को सुरक्षा किट भी उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में जिले के पांच सौ से अधिक लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, नगर आयुक्त हल्द्वानी विशाल मिश्रा, वीपीकेएएस के निदेशक डॉ. लक्ष्मीकांत, जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना भट्ट, भाजपा प्रदेश मंत्री राजेश नैनवाल, धर्मेंद्र बिष्ट, संजय बिष्ट, नवीन भट्ट, मनीष बिष्ट, मनोज उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# छह माह से वेतन न मिलने पर वन श्रमिक आक्रोशित

▸▸ विभाग पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** कुमाऊं वन श्रमिक संघ ने छह माह से वन श्रमिकों को वेतन न दिए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वह कई बार विभाग से श्रमिकों को प्रतिमाह निर्धारित तिथि पर वेतन देने की मांग कर चुके हैं, लेकिन विभाग उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। विभाग का यही रवैया रहा तो संगठन को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। पं. दीनदयाल पार्क में बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वन श्रमिक मामूली वेतन के बाद भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। साथ ही विभाग के समय-समय पर दिए जाने वाले कार्यों में उनकी पूरी सहभागिता रहती है। लेकिन इसके बाद भी वन श्रमिकों को समय से वेतन नहीं दिया जा रहा है। बैठक के दौरान पिथौरागढ़ जिले के वन श्रमिकों को निर्धारित से कम वेतन देने पर रोष व्यक्त किया गया। कहा विभाग एक ओर श्रमिकों का उत्पीड़न कर रहा है। वहीं फायर सीजन शुरू होते ही श्रमिकों की जिम्मेदारियां लगातार बढ़ाई जा रही हैं। बैठक में संगठन के मंडल अध्यक्ष उत्तम सिंह, खिलानंद भट्ट, कला देवी, महेश चंद्र, दिनेश जोशी, महेश चंद्र, राम सिंह, कुंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# खाली बर्तन लेकर हाईवे किया जाम

## ग्रामीणों ने पेयजल विभाग और सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

▸▸ जल्द समस्या दूर न होने पर दी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पानी की समस्या से जूझ रहे सोमेश्वर क्षेत्र के खाईकट्टा और क्वैराली गांव के ग्रामीणों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। उन्होंने खाली बर्तनों के साथ सोमेश्वर मजखाली हाईवे पर जाम लगाकर पेयजल विभाग और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ऐलान किया अगर शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह लोकसभा चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार करेंगे।

बुधवार को क्वैराली गांव की उप प्रधान मीना देवी के नेतृत्व में दोनों गांवों के दर्जनों ग्रामीण खाली बर्तन लेकर मुख्य मार्ग पर एकत्र हुए और सोमेश्वर मजखाली हाईवे पर जाम लगा दिया।

इस दौरान मीना नेगी ने बताया कि गांवों में लंबे समय से पानी की दिक्कत है। काफी जनदबाव के बाद गांवों को जल जीवन मिशन योजना के तहत चयनित किया गया, लेकिन गांव को योजना के तहत रणखिला गांव के पेयजल स्रोत से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि उस स्रोत से संबंधित गांव को ही पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में इस स्रोत से दो गांवों को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। क्वैराली और खाईकट्टा गांव के लोग क्षेत्र के भदुवा गधेरे पर टैंक बनाकर वहां से पानी देने की मांग कर रहे हैं। लेकिन विभाग उनकी मांग पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिस कारण गांव में पेयजल का संकट बना हुआ है।

ग्रामीणों ने कहा है कि पेयजल संकट के कारण उनका अधिकांश समय दूरदराज के प्राकृतिक स्रोतों से पानी एकत्र करने की जुगत में बीत रहा है। जिस कारण उनके पारिवारिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन पेयजल समस्या को दूर करने के लिए विभाग कोई कारगर कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा है कि अगर शीघ्र मांग पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे बाद जाम खोला और संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन भी भेजा।

## सार-संक्षेप

### भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन


रानीखेत में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान हवन-पूजन करते कार्यकर्ता।

**रानीखेत :** भाजपा के अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ लोकसभा चुनाव कार्यालय का ताड़ीखेत में उद्घाटन हो गया। मुख्य अतिथि व लोकसभा प्रत्याशी सुरेश भट्ट, चुनाव प्रभारी कुंदन लटवाल, विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट व सभी मंडलों के अध्यक्षों ने संयुक्त रूप से हवन-पूजन कर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में दीप भगत, विनोद भट्ट, ध्यान सिंह, राम सिंह, मुकेश पांडे, मनीष चौधरी, उमेश पंत, रामेश्वर गोयल, दर्शन बिष्ट, मंजीत भगत, रमेश कनवाल, चंद्रशेखर, दीप्ति गोयल, माया बिष्ट, ललित, पावस जोशी, पनी राम, हेमा नेगी आदि मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने की फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की मांग


टनकपुर तहसील में एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन देते व्यापारी।

**टनकपुर :** नगर के व्यापारियों ने फुटपाथ पर हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटाने की मांग को लेकर तहसील में एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता मोहित गडकोटी के नेतृत्व सौंपे ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि मुख्य बाजार में बने फुटपाथों पर पुन: अतिक्रमण हो गया है। जबकि एक माह पहले टनकपुर के मुख्य बाजार में उच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम में राजस्व विभाग, नगर पालिका ने फुटपाथों से अतिक्रमण को हटाया था। अतिक्रमण के कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कतें हो रही है। कहा कि होली के बाद पूर्णागिरि मेला प्रारंभ होने जा रहा है। यात्री मेले के दौरान रेलवे स्टेशन से मेला क्षेत्र तक पैदल यात्रा करते हैं। व्यापारियों ने नगर के मैन मार्केट से जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में सौरभ अग्रवाल, अंकित गर्ग, मनीष खर्कवाल, सनी खर्कवाल, कैलाश चंद्र, कलखुडिया चंद्रशेखर, विपिन मुरारी, नवीन चंद्र खर्कवाल मौजूद रहे।

### दुकानों में छापेमारी कर 10 सैंपल लिए

**अल्मोड़ा :** होली पर्व के नजदीक आते ही खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। बुधवार को विभाग ने जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानों में छापेमारी कर अलग-अलग खाद्य सामग्री के 10 सैंपल लिये। जिन्हें जांच के राजकीय प्रयोगशाला रुद्रपुर भेजा जाएगा। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रमोद रावत के नेतृत्व में टीम ने दौलाघट, गोविंदपुर, कुंवाली, बग्वालीपोखर समेत अन्य स्थानों पर अभियान चलाकर पनीर, मावा, मसाले, सेवंई समेत खाद्य पदार्थों के 10 नमूने जांच को लिए गए। उन्होंने व्यापारियों को मिलावटी और एक्सपायरी सामान नहीं बेचने को कहा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंद किशोर, ईश्वर सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

# सांझ काल नंदलाल खेलें आज होरी...

▸▸ कलश संगीत कला समिति की बैठकी होली में होल्यारों ने बिखेरे श्रृंगार के रंग

संवाददाता, चंपावत



चंपावत में होली बैठक में गीत गाते होल्यार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भरछाना के श्री राधा कृष्ण मंदिर में कलश संगीत कला समिति की बैठकी होली में होल्यारों ने कई रंग बिखेरे। गंधर्व गिरि महाराज की अध्यक्षता व ज्योतिषाचार्य पंडित रेवाधर कलोनी के संचालन में हुए कार्यक्रम में चंपावत और लोहाघाट के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाए।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रकाश पांडे ने राग यमन में सांझ काल नंदलाल खेलें आज होरी... गीत से की।

इसके बाद सुनील पांडे ने राग पीलू में आज रंग है बिरज में..., गंधर्व गिरि महाराज ने राग कल्याण में बरसाना में खेलत होरी..., प्रणव शर्मा ने राग कल्याण में माई में मंदिरवा में दीपक बारू..., गिरीश पंत ने राग काफी में गाओ सुहागिनन होली..., राजू पंत ने राग काफी में अबके अयोध्या लागे न्यारी..., शांति जोशी ने राग जंगला काफी में पिया ऐसी रंगा दीजो मोरी चुनरिया..., दिनेश बिष्ट ने राग खम्माज में चतुर कन्हैया तुम जाने न पाओगे..., हिमेश कलखुडिया ने राग देश में मैं तो कोसुंगी कुंज बिहारी लाल को..., महेश जोशी ने राग विहाग में लगन बिन को जागे सारी रात और प्रेम बल्लभ भट्ट ने राग देश में हूं बैरागन अपने पिया की...होली गीत से समा बांधा।

### व्यापार संघ की होली गायन प्रतियोगिता 19 को

**बागेश्वर :** नगर व्यापार संघ की ओर से 19 मार्च को बाबा बागनाथ मंदिर में होली गायन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके लिए नामांकन 17 मार्च तक किया जाएगा। जानकारी देते हुए व्यापार संघ के अध्यक्ष उमेश साह ने बताया कि प्रत्येक होली की टीम में अधिकतम 12 सदस्य प्रतिभाग कर सकते हैं। विजेता टीम को नगद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

### बुरांशि को फूल कुमकुम मारो...

**टनकपुर :** राजकीय महाविद्यालय के संगीत विभाग में होली संगीत कार्यशाला बुधवार को भी जारी रही। विभाध्यक्ष डॉ. पंकज उप्रेती ने देश में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गौर्दा की रचनाओं का हवाला देते हुए कहा कि होली सामाजिक विकृतियों को भी दूर करने का साधन है। उन्होंने बुरांशि को फूल कुमकुम मारो, डाना काना सजि गे बसंती नारंगी...गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में डॉ. सुमन कुमारी ने होली और संगीत को समाज में सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत बताया। डॉ. डीबी सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर कोमल रौतेला ने सौ सीसी भर दे गुलाल, मेरो पिया होरी को खिलैया..., आकांक्षा राय, कोमल राय ने हां हां मोहन गिरधारी..., विद्यांशु विश्वकर्मा ने जै बोलो जसोदा नंदन की..., नितीश सिंह ने मुरली महिमा वरनी न जाए गीत गाए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की ब्रांड एम्बेसडर दीपा देवी, उमंग जोशी, गुरप्रीत कौर, अनुष्का, सानिया, संजना, अंजलि आदि मौजूद रहे।



टनकपुर राजकीय महाविद्यालय में होली गायन करते छात्र-छात्राएं।

## वर्ग पहेली-9

**बाएं से दाएं**

1. 1. बे-सिर पैर का 2. मिथ्या-झूठा 3. मर्यादा-रहित 4. अल्प, थोड़ा 5. सारहीन।
2. 1. चाप अर्थात दबाव पड़ने से नमित होना, झुकना, दबना 2. किसी के अनुग्रह या उपकार के कारण उसके आगे दबना।
6. 1. पौधों तथा वनस्पतियों का वह पतला और लंबा धड़ जिसपर पत्तियां या कोपलें होती हैं
7. 1. डूबने की क्रिया या भाव 2. डुबाव।
9. 1. भूनने का काम कराना 2. रुपयों या बड़े सिक्के को छोटे सिक्कों में बदलवाना 3. चेक को रुपए में बदलवाना।
10. 1. उत्तम कार्य, पूर्ण रूप से संपन्न कार्य 2. शुद्ध या मर्यादित आचरण।

**ऊपर से नीचे**

3. पोपले (दंतविहीन व्यक्ति का) का मुंह में कुछ रखकर चुभलाना या मुंह चलाना।
4. 1. आडंबर रचने वाला, आडंबर करने वाला 2. अभिमानी, घमंडी।
5. पैरों को लय के साथ हिलाते-डुलाते हुए नाचना, कदमों का उठाना और पटकना, इठलाना, नृत्य में अंगों का संचालन करना, अंग मटकाकर नाचना, ठुमककर नाचना।
8. 1. धरने की क्रिया या भाव 2. छत की आधार स्वरूप एक मोटी लकड़ी, बड़ी कड़ी, शहतीर 3. स्त्रियों के गर्भाशय का आधार 4. पकड़ 5. हठ, ज़िद, टेक।



### वर्ग पहेली -8 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ग़ | 2 रू | र | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ढ़ि | ■ | 3 छे | 4 द | ना | ■ |
| ■ | वा | ■ | ■ | रा | ■ | 5 डूँ |
| ■ | 6 द | 7 म | बा | ज़ | ■ | गा |
| 8 आ | ■ | ज़ | ■ | ■ | 9 कॉ | ■ |
| ल | ■ | बू | ■ | ■ | म | ■ |
| 10 स | द | र | ज | हा | न | ■ |

## सुडोकू -88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 4 | 2 | | |
| | 8 | | | | 5 | | 1 | |
| | | | | | | 6 | | 9 |
| | 5 | | | 3 | 2 | 1 | | |
| 6 | | | | | | | | 8 |
| | | 1 | 7 | 9 | | | 2 | |
| 2 | | | | | | | 6 | |
| | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| | 6 | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू -87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 5 |
| 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 2 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 मार्च, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 23.25 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 16.56 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** — आज समाज में आपका दबदबा मजबूत होगा। दूसरों पर सहज विश्वास न करें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। कई दिनों से चली आ रही पारिवारिक समस्या दूर होगी। आपके व्यक्तित्व और रहन-सहन को लेकर सतर्क रहें।

**वृष** — आज अपने लक्ष्यों के प्रति उदासीन न रहें। पेट में एसीडिटी जैसी समस्या हो सकती है। आय बढ़ने के साथ आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। अपने काम की गुणवत्ता को कम न होने दें।

**मिथुन** — आज परोपकार की भावना आपके मन में प्रबल रहेगी। घर की साज-सज्जा और नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं। कारोबार को लेकर बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। सही समय पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लेंगे।

**कर्क** — आज संपत्ति के विक्रय से आपको लाभ होगा। नए व्यापार को लेकर उत्साह में रहेंगे। मांगलिक आयोजनों को लेकर खरीदारी कर सकते हैं। पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। प्रेम संबंधों को विवाह में परिणित कर सकते हैं।

**सिंह** — आज बिना किसी विशेष योजना के आपको निवेश करना नहीं चाहिए। किडनी की समस्याओं से जूझ रहे रोगियों को खानपान का ध्यान रखना चाहिए। नई योजनाओं को क्रियान्वित करना कुछ कठिन होगा। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा।

**कन्या** — आज पुरानी झंझटों को लेकर आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। माता-पिता की सलाह और आशीर्वाद अवश्य लें। अपनी बातों को लेकर किसी पर भी दबाव न डालें। आपकी जीवनशैली थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है।

**तुला** — आज परिवार के लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। सरकारी कार्य आसानी से हो जाएंगे। दांपत्य संबंधों में सकारात्मकता का एहसास होगा। प्राइवेट संस्थानों में जॉब कर रहे लोगों के वेतन में वृद्धि हो सकती है। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज लेखन और चिंतन में समय व्यतीत करेंगे। रिटेल कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी थकाऊ रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी साख एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शेयर मार्केट में निवेश से आपको लाभ मिलेगा। आपने मन में काफी रचनात्मक विचार आएंगे।

**मकर** — आज किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। आपके अधिकतर काम थोड़े धीमी गति से होंगे। संपत्ति को लेकर मामले हल हो जाएंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद खास रहने वाला है।

**कुंभ** — आज दूसरों की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। जॉब में आपको प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में नए सौदे हो सकते हैं। समस्या की जड़ को आसानी से पहचान पाएंगे और उसे आसानी से दूर भी कर लेंगे।

**मीन** — आज परिजन आपकी आदतों से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अप्रत्याशित काम हो सकते हैं। दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें। नौकरीपेशा लोगों को कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। मन में परोपकार की भावना रहेगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खिलाड़ी — सुबह : 11.00
- धड़कन — दोपहर : 03.00

SONY MAX
- जब तक है जान — सुबह : 11.11
- टाइगर जिंदा है — रात : 10.30

SONY PIX
- मोर्टल कॉम्बेट — सुबह : 11.17
- जुमांजी — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- फोबिया — सुबह : 10.30
- कार्तिकेय 2 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- दिल विल प्यार व्यार — दोपहर : 13.24
- कमबख्त इश्क — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात 10.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं, बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं, आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है, आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है, लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।



| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,761.89 | 21,997.70 |
| नुकसान | 906 .07 | 338 .00 |
| प्रतिशत में | 1.23 | 1.51 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, गुरुवार, 14 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1850, राज श्री 1380, फॉर्चून कि. 1805, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली0 1665, जय जवान 1450, सचिन 1570, सूरज 1475, अवसर 1650, राग गोल्ड 1690, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1680, आशीर्वाद मस्टर्ड 1730, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**– डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7150–7700, मलका छौंटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10500, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700–11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**– डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस की ओर से जारी रिपोर्ट से हुआ खुलासा

# जीडीपी अनुपात में चीन से आगे निकला भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजार में एकीकरण के संबंध में भारत दो प्रमुख मापदंडों...जीडीपी के अनुपात में निर्यात और सेवा निर्यात... पर चीन से आगे निकल गया है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस की तरफ से यहां जारी 'न्यू डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट-2024' में कहा गया है कि 2021 के बाद से भारत का जीडीपी के अनुपात में निर्यात चीन से अधिक हो गया है। जबकि निर्यात और आयात दोनों के मामले में देश का सेवा व्यापार की तीव्रता भी बहुत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 और 2022 में जीडीपी के हिस्से के रूप में भारत का निर्यात और आयात तेजी से बढ़ा। देश में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात सकल घरेलू उत्पाद का 23 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से अधिक) और वस्तुओं और सेवाओं के आयात का हिस्सा जीडीपी के 26 प्रतिशत (2020 में 19 प्रतिशत से भी अधिक) पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में सेवा व्यापार तीव्रता निर्यात और आयात दोनों के मामले में चीन से कहीं अधिक है। हालांकि, जहां तक वस्तु व्यापार का संबंध है, भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में आयात अधिक होता है जबकि चीन में निर्यात की हिस्सेदारी अधिक है।

डीएचएल एक्सप्रेस के दक्षिण एशिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस सुब्रमण्यम ने कहा-हालांकि, वैश्विक स्तर पर जुड़ाव के मामले में भारत की रैंकिंग इसकी वर्तमान आर्थिक स्थिति को दर्शाती है। रिपोर्ट यह साफ करती है कि दुनिया आने वाले वर्षों में भारत की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में कई गुना वृद्धि देखने की उम्मीद कर सकती है।

### वैश्वीकरण 2022 में रिकार्ड स्तर पर पहुंचा

पिछले दशक में कोविड –19 महामारी, यूक्रेन और गाजा में युद्ध, अमेरिका–चीन व्यापार संघर्ष, और ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से अलग होना समेत वैश्विक झटकों की पूरी श्रृंखला के बावजूद वैश्वीकरण 2022 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया और 2023 में उसी स्तर के करीब रहा। डीएचएल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस ने नई डीएचएल ग्लोबल कनेक्टेडनेस रिपोर्ट 2024 को आज जारी किया जिसमें यह दावा किया गया है। यह रिपोर्ट वैश्वीकरण की स्थिति और उसकी गति के बारे व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह दुनिया भर में व्यापार, पूंजी, सूचना और लोगों के प्रवाह की निगरानी करते हुए 181 देशों और क्षेत्रों में वैश्वीकरण की स्थिति को मापता है। रिपोर्ट के अनुसार मौजूद साक्ष्य इस धारणा को दृढ़ता से खारिज करते हैं कि वैश्विक प्रवाह की वृद्धि उलट गई है। व्यापार वृद्धि ने वैश्विक संपर्क या जुड़ाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार किए जाने वाले वैश्विक उत्पादन का हिस्सा 2022 में रिकॉर्ड उच्च स्तर पर वापस आने में सफल रहा।

## सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक सोने के बदले दिए गए कर्ज की करे समीक्षा

● वित्त मंत्रालय ने बैंकों को पत्र लिखकर दिया निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से सोने के आभूषणों के एवज में दिए गए कर्ज की स्थिति की समीक्षा करने को कहा है। कई मामलों में नियमों का अनुपालन नहीं होने की बात सरकार के सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों को लिखे एक पत्र में उनसे स्वर्ण कर्ज से संबंधित अपनी प्रणाली और प्रक्रियाओं पर गौर करने को कहा है। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा-हमने बैंकों से स्वर्ण ऋण कारोबार की व्यापक समीक्षा करने को कहा है। इस संबंध में एक निर्देश पिछले महीने जारी किया गया था। उसमें उन्हें शुल्क और ब्याज के संग्रह और स्वर्ण ऋण खातों को बंद करने से संबंधित विसंगतियों को दुरुस्त करने की सलाह दी गई थी। इसमें जरूरी स्वर्ण गारंटी के बिना स्वर्ण कर्ज का वितरण, शुल्क संग्रह और नकद में भुगतान को लेकर विसंगतियां शामिल हैं। डीएफएस ने बैंकों से एक जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2024 तक पिछले दो साल की अवधि की गहन समीक्षा करने का आग्रह किया है।

### रिजर्व बैंक ने बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया 1.4 करोड़ रुपये का जुर्माना




**मुंबई।** आरबीआई ने बुधवार को कहा कि उसने कुछ नियामकीय मानदंडों का पालन नहीं करने को लेकर बैंक ऑफ इंडिया पर 1 .4 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने कुछ निर्देशों का अनुपालन नहीं करने के लिए निजी क्षेत्र के बंधन बैंक पर भी 29 .55 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक ऑफ इंडिया पर जुर्माना 'जमा पर ब्याज दर', 'बैंकों में ग्राहक सेवा', 'कर्ज पर ब्याज दर' और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन से संबंधित रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है। इस बीच, रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि इंडोस्टार कैपिटल फाइनेंस लिमिटेड पर भी कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर 13 .60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,950–50,150 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 733 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,300 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 110 मसूरी 98 बासमती 150 **दाल दलहन**–काला चना– 120 साबुत चना दाल 112 मूंग साबुत 98–128 राजमा– 156 दाल उड़द 120 साबुत मसूर दाल 119 मसूर दाल– 76–109 उड़द साबुत 120 काबुली चना 70–144 अरहर दाल 163 लोबिया/करमानी 90–135 सोयाबीन 120 मूंगफली 78–130 मटर (सूखी) 61 मक्का 18–30 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 60 से 62 रुपये मसूर : 90 से 94 रुपये मसूर साबुत : 86 से 88 रुपये अरहर : 88 से 94 रुपये उड़द : 85 से 92 रुपये धोआ उड़द : 100 से 104 रुपये मूंग धोआ : 94 से 95 रुपये मूंग छिलका : 92 से 93 रुपये मूंग साबुत : 94 रुपये मलका : 86 से 88 रुपये चना देसी : 58 रुपये चना कावली : 110 से 120 से 140 रुपये राजमा लाल : 145 रुपये राजमा चित्ता : 150 रुपये।

## सोने की कीमत में 400 रुपये और चांदी में 600 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 400 रुपये की गिरावट के साथ 65,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की गिरावट के साथ 75,300 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 75,900 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 400 रुपये कम है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,160 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 17 डॉलर कम है। गांधी ने कहा कि उम्मीद से अधिक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के कारण बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई।

## केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से खरीद पर जीएसटी में 50% छूट

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से वस्तुओं की खरीद पर लगने वाले वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी पर 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है। यह निर्णय एक अप्रैल 2024 से प्रभावी होगा। इस निर्णय से केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, केन्द्रीय पुलिस संगठनों और राज्य पुलिस बलों के सेवारत एवं सेवानिवृत कर्मियों तथा उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। गृह मंत्रालय देश की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस बलों के कर्मियों की कड़ी मेहनत को स्वीकार कर और उसका सम्मान कर पुलिसकर्मियों और उनके परिजन के कल्याण को बहुत महत्व देता है।

## लाभ की तलाश में खुदरा निवेशकों का आना चिंताजनक: नागेश्वरन

मुंबई, एजेंसी

● मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एफएंडओ को लेकर जताई चिंता



मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि वह तत्काल लाभ की तलाश में जोखिम भरे वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में खुदरा निवेशकों की भागीदारी से 'चिंतित' हैं।

नागेश्वरन ने पूंजी बाजार नियामक सेबी और एनआईएसएम की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि टिकाऊ पूंजी निर्माण और टिकाऊ आर्थिक वृद्धि के लिए सबसे बड़ा खतरा निवेशकों के नजरिए में 'अल्पकालिकता' का होना है और देश इस समय इस प्रवृत्ति की चपेट में है। उन्होंने बैंकों को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट समूहों को अनुमति देने पर हर बार होने वाले 'हंगामे' पर अफसोस जताते हुए कहा कि भारतीय उद्योग जगत को कंपनी संचालन गतिविधियों की स्थिति पर विचार करने और अपने आचरण का विश्लेषण करने की जरूरत है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### नोएडा एक्सटेंशन में छह ढाबों और दो दुकानों में लगी आग

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित गौर सिटी मॉल के पास बने 6 ढाबों और 2 दुकानों में बुधवार सुबह आग लग गई और घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सुबह सात बजे के करीब दमकल विभाग को सूचना मिली कि नोएडा एक्सटेंशन में हिंडन नदी के पास एक ढाबे में आग लग गई है। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पाया कि वहां बने 6 ढाबों और दो अन्य दुकानों में आग फैल गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि 'शार्ट सर्किट' होने की वजह से आग लगी। अधिकारी ने कहा कि मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 10 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### 12.40 लाख मूल्य का मादक पदार्थ बरामद

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने एक व्यक्ति और युगांडा की एक महिला को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 .40 लाख रुपये मूल्य का मादक पदार्थ मेफेड्रोन बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई से आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की एक टीम ने मंगलवार दोपहर दोनों आरोपियों को जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) से पलास्पे की ओर एक ऑटो–रिक्शा में जाते हुए देखा था।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनेगा देश

प्रधानमंत्री ने गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्रों की आधारशिला रखी

धोलेरा/गुवाहाटी, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत में 1.25 लाख करोड़ रुपये की लागत वाले तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की आधारशिला रखी, जिनमें असम के मोरीगांव में 27 हजार करोड़ रुपये के खर्च पर बनने वाला केंद्र भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश इस क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बन जाएगा।

गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकारों पर देश की क्षमता, प्राथमिकताओं और भविष्य की जरूरतों को नहीं समझने तथा भारत के सेमीकंडक्टर सपनों को वास्तविकता में बदलने में विफल रहने का आरोप लगाया। इन तीन सेमीकंडक्टर केंद्रों में दो गुजरात में और एक असम में है। मोदी ने देश को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का केंद्र बनाने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत वादा करता है, तो उसे पूरा भी करता है। उन्होंने कहा कि चिप विनिर्माण असीम संभावनाओं के साथ विकास का द्वार खोलता है। प्रधानमंत्री ने कहा-दो साल पहले, हमने एक सेमीकंडक्टर मिशन का ऐलान किया था और घोषणा की थी कि हम पहल करेंगे। कुछ ही महीनों में हमने 'एमओयू' पर हस्ताक्षर किए और आज हम तीन परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। भारत वादा करता है, तो उसे भी पूरा करता है।

### मोदी ने की पीएम-सूरज राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से 'पीएम–सूरज' राष्ट्रीय पोर्टल की शुरुआत के मौके पर दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चयन का जिक्र करते हुए कहा कि वंचित तबके के लोगों को शीर्ष पदों तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने कोविंद और मुर्मू की हार सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कोशिश की। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पूछा– कोई कैसे कह सकता है कि मेरा कोई परिवार नहीं है।

## बीजापुर में छात्रा ने दिया बच्चे को जन्म अधीक्षिका निलंबित

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक सरकारी बालिका छात्रावास की छात्रा द्वारा बच्चे को जन्म देने के बाद जिला प्रशासन ने छात्रावास की अधीक्षिका को निलंबित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि 20 वर्षीय यह छात्रा पिछले 2-3 साल से अपने परिवार की सहमति से एक युवक के साथ रिश्ते में थी। बीजापुर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बलिराम बघेल ने बताया कि गंगालूर इलाके में पोर्टा केबिन छात्रावास में 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने मंगलवार रात पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत की थी, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। बघेल ने बताया कि आज सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वह और अन्य अधिकारी छात्रावास और अस्पताल पहुंचे।

## हमारे खातों पर रोक लगाई गई खर्च करने के लिए पैसे नहीं : खरगे

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के पास पैसे की कमी होने का बुधवार को संकेत दिया और आरोप लगाया कि लोगों द्वारा दिया गया चंदा जिन बैंक खातों में जमा किया गया था, उनपर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है तथा आयकर विभाग ने पार्टी पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया है।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे देश में संविधान और लोकतंत्र को "बचाने" के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एक साथ मजबूती से खड़े हों और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करें। खरगे ने चुनाव में समान अवसर की आवश्यकता पर जोर दिया और आरोप लगाया कि भाजपा ने आयकर विभाग का सहारा लेकर कांग्रेस के खातों पर रोक लगवाई और जुर्माना लगवाया है। उन्होंने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भाजपा चुनावी बॉण्ड के माध्यम से मिले हजारों करोड़ रुपये का खुलासा करने के लिए तैयार नहीं हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, ''यह हमारी पार्टी का पैसा था जो आप लोगों ने चंदे के रूप में दिया था, उन्होंने इसे फ्रीज कर दिया है और हमारे पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं।

## दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण की परियोजनाओं के दो कॉरीडोर को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी दिल्ली के लोगों को दो मेट्रो लाइनों की सौगात दी है। पहली लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक तक तथा दूसरी इंद्रलोक से इन्द्रप्रस्थ तक होगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि बैठक में दिल्ली में मेट्रो के चौथे चरण के तहत दो मेट्रो लाइनों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि पहली लाइन इन्द्रलोक से इन्द्रप्रस्थ के बीच होगी और इसकी लंबाई 12. 377 किलोमीटर होगी तथा यह ग्रीन लाइन का विस्तार होगा। दूसरी लाइन लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक के बीच होगी जिसकी लंबाई 8. 385 किलोमीटर होगी।

## मेडिकल शिक्षा के पाठ्यक्रम में योग होगा अनिवार्य हिस्सा

नई दिल्ली, ब्यूरो

योग महोत्सव 2024 संपन्न

● आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा बोले

**अमृत विचारः** आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा ने कहा है कि प्राचीन संस्कृति से निकाला योग का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है और चिकित्सा के क्षेत्र में करोड़ों लोगों को लाभ मिल रहा है। इसीलिए मेडिकल कालेजों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में योग को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व आयोजित योग महोत्सव 2024 को संबोधित करते हुए श्री कोटेचा ने कहा कि 21 जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा जिस ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लेने के लिए योग महोत्सव का आयोजन किया गया है। वहीं स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान विश्वविद्यालय बेंगलुरु के कुलाधिपति डॉ. एचआर नागेंद्र, मोरारजी देसाई मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान की कार्यवाहक निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज योग संस्थान मुंबई की निदेशक हंस जयदेव, योग विशेषज्ञ डॉ. ईश्वर बसवा रेड्डी, डॉ.अंजना राजकुमार, डॉ.सुधा प्रसाद, मानसी गुलाटी, गीता शंकर, पुणे की निदेशक डॉ. सत्य लक्ष्मी, डॉ. खुशबू जैन ने भी विचार व्यक्त किए।

## रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले का मुख्य संदिग्ध एनआईए की हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मुख्य संदिग्ध को हिरासत में लिया है। एनआईए को यह सफलता संदिग्ध की तस्वीर साझा करने और सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद मिली। गत 01 मार्च को घटना वाले दिन संदिग्ध की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हुई थी, जिसमें वह कैफे के अंदर इडली की प्लेट ले जाता दिख रहा था। उसे कंधे पर रखे बैग के साथ देखा गया, जिसके अंदर आईईडी बम रखे होने का संदेह व्यक्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुख्य संदिग्ध की पहचान शब्बीर के रूप में हुई है, जिसे बल्लारी जिले के चॉल बाजार इलाके से हिरासत में लिया गया है।

## प्रसार भारती की समाचार सेवा 'शब्द' आरंभ

नई दिल्ली, ब्यूरो

● छोटे मीडिया घरानों को मिलेगी निशुल्क समाचार सेवा: ठाकुर

**अमृत विचारः** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रसार भारती द्वारा सृजित की गई समाचार सेवा "शब्द" का रिमोट दबाकर ऑनलाइन आरंभ किया है।

उनका दावा है कि शब्द समाचार सेवा के माध्यम से प्रसार भारती का देशव्यापी संचार नेटवर्क गांव-गांव तक सूचनाओं को पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से प्रसार भारती देश के अंतिम छोर में खड़े हुए व्यक्ति को समाचारों से लाभान्वित करता रहा है। अब "शब्द" नमक समाचार सेवा देश के हजारों समाचार पत्रों, मैगजीन,




चैनल एवं छोटे मीडिया समूहों को निशुल्क सेवाएं प्रदान करेगा।

इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि सूचना के क्षेत्र में शब्द नमक न्यूज़ प्लेटफार्म उन मीडिया घरानों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात है जो आर्थिक संकट के चलते सूचनाओं के सीमित दायरे में बंधे हुए थे लेकिन अब उन्हें हिंदी सहित तमाम क्षेत्रीय भाषाओं में हर तरह के समाचार मिलेंगे। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि शब्द समाचार सेवा का शुभारंभ होने से प्रसार भारती का सूचना तंत्र और मजबूत हो गया है। इस मौके पर पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महा निदेशक मनीष देसाई, केंद्रीय संचार ब्यूरो के महा निदेशक धीरेंद्र ओझा, दूरदर्शन की महानिदेशक प्रिया कुमार, पीआईबी की महानिदेशक शेफाली शरण, इंडियन न्यूजपेपर समिति के अध्यक्ष राकेश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## केंद्र केरल को 5,000 करोड़ रुपये के कर्ज की सहमति देने को तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि वह वित्तीय मुद्दों का सामना कर रहे केरल सरकार को कुछ शर्तों के अधीन 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने की अनुमति देने को तैयार है। हालांकि, केरल सरकार ने 'बेहद खास और असाधारण उपाय' के तौर पर 5,000 करोड़ रुपये की उधारी लेने की छूट देने को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि उसे कम-से-कम 10,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने यह छूट देने का प्रस्ताव रखा है।

## नायब सिंह सैनी सरकार ने विस में हासिल किया विश्वास मत

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा की सरगर्मी



हरियाणा की नायब सिंह सैनी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बुधवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन ने करीब दो घंटे तक हुई चर्चा के बाद ध्वनि मत से विश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया।

सैनी ने एक दिन पहले मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के विधायक विश्वास मत पर मतदान से पहले सदन से बाहर चले गये। पार्टी ने अपने सभी 10 विधायकों को व्हिप जारी कर विश्वास मत पर मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित रहने के लिए कहा था। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विश्वास मत प्रस्ताव को ध्वनि मत से मतदान के लिए रखा, जिसे सैनी सरकार ने हासिल कर लिया। सदन में राज्य के पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल विज मौजूद थे। ध्वनि मत के दौरान जजपा के 10 विधायकों के अलावा इंडियन नेशनल लोकदल के एक मात्र विधायक भी सदन में मौजूद नहीं थे। कांग्रेस सदस्यों ने अध्यक्ष से गुप्त मतदान का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इससे इनकार कर दिया कि नियमों में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। इससे पहले, सैनी ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के लिए विश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिस पर दो घंटे तक चर्चा हुई।

### सैनी के मुख्यमंत्री बनने को कोर्ट में चुनौती

हरियाणा में कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में बुधवार को चुनौती दी गयी। वकील जगमोहन भाटी की तरफ से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि श्री सैनी ने संसद से इस्तीफा दिये बिना मुख्यमंत्री पद की शपथ ली जो जनप्रतिनिधि कानून, 1951 और संविधान का उल्लंघन है।

### खट्टर ने विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को करनाल विधानसभा सीट से इस्तीफा देने की घोषणा की। खट्टर ने यह घोषणा विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान की। उन्होंने कहा कि वह आज करनाल विधानसभा सीट से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल विधानसभा क्षेत्र की देखरेख करें।

## ऐसा लग रहा है जैसे फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं: पंत

### 14 महीने बाद क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार, बीसीसीआई ने आईपीएल के लिए किया था फिट घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

दुर्घटना में चोटिल होने के 14 महीने बाद क्रिकेट के लिए तैयार ऋषभ पंत किसी पदार्पण करने वाले खिलाड़ी की तरह ही नर्वस महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पंत को आईपीएल के लिए फिट घोषित कर दिया था। वह दिल्ली कैपिटल्स की अगुवाई करेगा, जिसका पहला मैच 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से होगा।

पंत दिसंबर 2022 में अपने घर रुड़की जाते समय दुर्घटना में घायल हो गए थे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लंबा समय बिताया। पंत ने कहा कि मैं उत्साहित हूं लेकिन साथ ही नर्वस भी हूं। ऐसा लग रहा है जैसे मैं फिर से पदार्पण करने जा रहा हूं। मैं जिस दौर से गुजरा हूं उसे देखते हुए फिर से क्रिकेट खेलना चमत्कार से काम नहीं है। मैं अपने शुभचिंतकों तथा बीसीसीआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उनका प्यार और समर्थन मुझे मजबूती प्रदान करता रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर से जुड़ने के बारे में पंत ने कहा कि मैं दिल्ली कैपिटल्स और आईपीएल में वापसी को लेकर उत्साहित हूं। यह ऐसा टूर्नामेंट है जिसे खेलने का मैं पूरा लुत्फ उठाता हूं। हमारी टीम के मालिकों और सहयोगी स्टाफ ने शुरू से मेरा समर्थन किया, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के परिवार और प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर बेताब हूं। बीसीसीआई ने पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर फिट घोषित किया है और संभावना है कि वह यह दोनों भूमिका निभाएंगे। पंत ने भारत की तरफ से 33 टेस्ट, 30 वनडे और 66 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।


• मोहाली में पंजाब किंग्स के साथ होने वाले मैच में दिल्ली की करेंगे अगुवाई

### उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं: शमी

नई दिल्ली। मोहम्मद शमी के टखने के ऑपरेशन के बाद अब टांके काट दिए गए हैं और इस तेज गेंदबाज ने बुधवार को कहा कि वह उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी चोट से इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिछले महीने टखने का ऑपरेशन करवाया था और इस कारण वह आईपीएल में भी नहीं खेल पाएंगे। शमी ने अपनी तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, सभी को नमस्कार। मैं अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया का अपडेट देना चाहता हूं। ऑपरेशन को 15 दिन हो गए हैं और हाल में टांके काट दिए गए। मैं इस प्रगति से खुश हूं और उपचार प्रक्रिया के अगले चरण का इंतजार कर रहा हूं।



## बुमराह की जगह अश्विन बने शीर्ष गेंदबाज

दुबई, एजेंसी

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग



अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की बुधवार को जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी हुई है।

अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट मैच की पहली पारी में 4 और दूसरी में 5 विकेट लिए थे। उन्होंने 36वीं बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। भारतीय टीम ने इस मैच को जीतकर श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की थी। इस टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले रोहित ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान का सुधार किया। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज केन विलियमसन से 108 रेटिंग पीछे हैं। यशस्वी जायसवाल (आठवें) और शुभमन गिल (20वें) भी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। बुमराह दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वह इस स्थान को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के साथ साझा कर रहे हैं। हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे टेस्ट में 6 विकेट लिए थे। खब्बू स्पिनर कुलदीप यादव करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पाने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (12वें स्थान पर) भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे। रवींद्र जडेजा हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में पहले जबकि अश्विन दूसरे स्थान पर बने हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस (आठवें) और हेनरी (11वें) भी अपनी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रहे।

## खेल डायरी

### आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे बेयरस्टो धर्मशाला में दो मैच खेलेगा पंजाब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो भारत दौरे के बाद स्वदेश लौटने के बावजूद 22 मार्च से शुरू आईपीएल सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में खेले गए टेस्ट मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अधिकारियों के बीच खिलाड़ियों की आईपीएल के लिए उपलब्धता को लेकर बातचीत हुई थी। कप्तान बेन स्टोक्स, जो रूट और मार्क वुड पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वह आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। आईपीएल के सूत्रों ने कहा कि पंजाब किंग्स के बल्लेबाज बेयरस्टो 18 या 19 मार्च को भारत पहुंचेंगे तथा टीम के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 मार्च को होने वाले पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

**जेद्दा (सऊदी अरब), एजेंसी।** सऊदी अरब की टीम अल हिलाल ने 28वीं जीत दर्ज कर फुटबॉल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अल हिलाल ने अल इतिहाद को 2–0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल करने के साथ एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के बीच पहले चरण का मैच भी अल हिलाल ने जीता था और उसने अपने घरेलू प्रतिद्वंदी अल इतिहाद को 4–0 के अंतर से पराजित किया। सऊदी अरब की घरेलू लीग में 18 बार की चैंपियन अल हिलाल ने वेल्स की टीम द न्यू सेंट्स के 2016–17 के सत्र में लगातार 27 जीत दर्ज करने के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा। अल हिलाल ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल 21 सितंबर को मैच नहीं जीता था।

### बार्सिलोना और आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन के शीर्ष क्लब बार्सिलोना ने चार साल जबकि इंग्लैंड के क्लब आर्सेनल ने 14 साल बाद चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांच बार के यूरोपीय चैंपियन बार्सिलोना ने नैपोली को 3–1 से हराकर अंतिम 8 में जगह सुरक्षित की। इन दोनों टीम के बीच पहले चरण का मैच 1–1 से बराबर रहा था और इस तरह से बार्सिलोना ने 4–2 के कुल योग से जीत हासिल की। बार्सिलोना के लिए फर्मिन लोपेज़, जोआओ कैंसलो और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने गोल किए। नैपोली की तरफ से एकमात्र गोल अमीर रहमानी ने किया। बार्सिलोना दो वर्षों में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ा था। वह 2019–20 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।

### रचिन रवींद्र 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' से पुरस्कृत होने वाले बने सबसे युवा खिलाड़ी



**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** भारत में पिछले साल हुए विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रचिन रवींद्र बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट के वार्षिक पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुने जाने के बाद सर रिचर्ड हैडली पदक पाने वाले कम उम्र के खिलाड़ी बने। महिलाओं में एमेलिया केर ने वार्षिक पुरस्कारों में प्रमुख पुरस्कार जीते हैं। केन विलियमसन को टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एएनजेड साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्हें पुरुष वर्ग में प्रथम श्रेणी में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए 'रेडपाथ कप' से सम्मानित किया गया। रवींद्र महज 24 साल की उम्र में 'सर रिचर्ड हैडली मेडल' विजेता हैं। वह पिछले सत्र में टेस्ट और सीमित ओवर की क्रिकेट में न्यूजीलैंड टीम के मुख्य स्तंभ के तौर पर उभरे हैं। पिछले साल मार्च में राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद रवींद्र ने भारत में खेल गए विश्व कप में 64 की औसत से 578 रन बनाए। उन्होंने तीन शतक और दो अर्धशतक जड़े। इस प्रदर्शन के बाद रवींद्र 2023 के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुने गए थे। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ साढ़े तीन लाख डॉलर का अनुबंध भी हासिल किया। उन्होंने तीनों प्रारूप में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। इस बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बे ओवल में खेले गए टेस्ट में 240 रन बनाए थे। उन्होंने इसके साथ टी–20 अंतर्राष्ट्रीय में भी दमदार प्रदर्शन किया। केर ने महिला श्रेणी के प्रमुख पुरस्कारों में सूपड़ा साफ किया। वह 'एएनजेड' वनडे और टी–20 अंतर्राष्ट्रीय में साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई। उन्हें 'डेबी हॉकले मेडल' से सम्मानित किया गया।

## खिताब के लिए एक दिन और करना होगा मुंबई को इंतजार

### 42वां रणजी ट्रॉफी: विदर्भ की टीम ने चौथे दिन 5 विकेट पर 248 रन बनाए

मुंबई, एजेंसी

करूण नायर (74) और कप्तान अक्षय वाडकर (56 नाबाद) ने जीत के लिए 538 रन के दुरूह लक्ष्य का पीछा करते हुए फाइनल के चौथे दिन पांच विकेट पर 248 रन बनाकर विदर्भ को मैच में बनाए रखा और 42वां रणजी खिताब जीतने के लिए मुंबई को एक दिन और इंतजार करना होगा।

पहले ही दिन से दबाव में आई विदर्भ को जीत के लिए असंभव सा लक्ष्य मुंबई की ओर से मिला। लेकिन उसके बल्लेबाजों ने चौथे दिन उम्दा खेल दिखाते हुए मेजबान गेंदबाजों को परेशान किया। इस सत्र की शुरूआत में ही विदर्भ से जुड़े नायर ने 220 गेंदों का सामना करके 287 मिनट तक बल्लेबाजी की और वह मुशीर खान की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। मुशीर ने दूसरी पारी में 136 रन बनाने के बाद शानदार गेंदबाजी भी की। कप्तान वाडकर चौथे दिन 56 रन बनाकर और हर्ष दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे। वाडकर ने 91 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। उन्होंने नायर के साथ पांचवें विकेट के लिए 173 गेंद में 90 रन जोड़े। विदर्भ को अभी भी 290 रन चाहिए और उसके पांच विकेट बाकी है। मुंबई की टीम ने पहले दो सत्र में दो-दो और फिर नायर का विकेट आखिरी सत्र में लिया।

वानखेड़े स्टेडियम की सपाट पिच पर मुंबई की टीम ने सब कुछ आजमा लिया। मुंबई के तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और दोनों स्पिनरों ने बल्लेबाजों को गलती करने पर मजबूर करने की पूरी कोशिश की। विदर्भ की टीम के बल्लेबाजों की दाद देनी होगी कि इतने कठिन लक्ष्य के जवाब में भी उन्होंने आसानी से घुटने नहीं टेके। मुशीर ने मुंबई के लिए 17 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए और सबसे असरदार रहे। उन्होंने बेहतरीन गेंद पर नायर को आउट किया। तनुष कोटियान ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने ध्रुव शोरे (28) और यश राठौड़ (सात) को पवेलियन भेजा।


• 538 रन का दुरूह लक्ष्य मुंबई ने रखा विदर्भ के सामने



## विदेशी बोर्ड से गठजोड़ पर रोक की तैयारी में लगा भारतीय बोर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

• 18 मार्च को होने वाली शीर्ष बैठक में बोर्ड इस मामले पर ले सकता है फैसला

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभ्यास शिविर और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए राज्य इकाइयों के सीधे विदेशी क्रिकेट बोर्ड से गठजोड़ करने पर रोक लगाने की तैयारी में है। बीसीसीआई चाहता है कि राज्य इकाइयां उसके माध्यम से आगे बढ़ें। इस पर 18 मार्च को बीसीसीआई की बैठक में फैसला होगा।

बीसीसीआई को इस फैसले के लिए इसलिए मजबूर होना पड़ रहा है क्योंकि दिल्ली और पुडुचेरी सहित कई राज्य इकाइयों ने विदेशी क्रिकेट बोर्ड विशेषकर एसोसिएट देशों से अपनी टीम की मेजबानी के लिए बातचीत की है। इसकी पुष्टि की जा सकती है कि दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ को नेपाल क्रिकेट बोर्ड से प्रस्ताव मिला है। सूत्र ने बताया कि राज्य इकाइयां निश्चित तौर पर क्रिकेट संबंधी गतिविधियों के लिए विदेशी बोर्ड से गठजोड़ कर सकती हैं, लेकिन ऐसी साझेदारी बीसीसीआई के जरिए होनी चाहिए क्योंकि वह मूल संस्था है। सभी बीसीसीआई के जरिए आगे बढ़ाए जाने चाहिए। शीर्ष परिषद की आगामी बैठक में क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए राज्य इकाइयों का विदेशी बोर्ड के साथ गठजोड़ पर चर्चा की होगी। इसके बाद बीसीसीआई इस पर फैसला करने का अधिकार अपने हाथ में ले लेगा। नेपाल की टीम इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारत के दौरे पर आ सकती है।

नेपाल क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पिछले महीने बीसीसीआई सचिव जय शाह के साथ बैठक की थी। बीसीसीआई इससे पहले भी एसोसिएट देशों की मदद करता रहा है। एक समय अफगानिस्तान ने भारत को अपना घरेलू स्थल बनाया था। उसने तब देहरादून और ग्रेटर नोएडा में अभ्यास करने के अलावा मैच भी खेले थे। एसोसिएट देश मदद के लिए केवल भारत ही नहीं बल्कि अन्य पूर्णकालिक सदस्य देशों से भी संपर्क कर रहे हैं।

## अल्कराज क्वार्टर फाइनल में, सिनर की 18वीं जीत

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी

### बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट



कार्लोस अल्कराज ने फैबियन मारोज्सन से पिछली हार का बदला लेते हुए बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चैंपियन यानिक सिनर ने लगातार 18वां मैच जीता।

अल्कराज पिछले साल इटालियन ओपन में हंगरी के खिलाड़ी से हार गए थे, लेकिन यहां उन्होंने सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। नोवाक जोकोविच की लुका नार्डी के हाथों हार के बाद स्पेन के अल्कराज को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अल्कराज का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने एलेक्स डी मिनौर से पहला सेट हारने के बाद जीत हासिल की। सिनर ने बेन शेल्टन को हराकर लगातार 18वीं जीत हासिल की। इटली का यह खिलाड़ी 2024 की शुरुआत से लेकर अभी तक 15 मैच जीत चुका है। यह हार्डकोर्ट पर उनकी 150वीं जीत है। सिनर क्वार्टर फाइनल में जिरी लेहेका से भिड़ेंगे, जिन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास पर जीत हासिल की। महिला वर्ग में यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक ने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को और अनास्तासिया पोटापोवा ने जैस्मीन पाओलिनी को हराया।

## कुलदीप को एहसास था कि वह मेरा टेस्ट क्रिकेट में 700वां विकेट बनेगा: एंडरसन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के बल्लेबाज कुलदीप यादव को एहसास था कि वह उनका टेस्ट में 700वां विकेट बनेंगे। एंडरसन ने धर्मशाला टेस्ट में 9 मार्च को कुलदीप यादव को आउट करके 700वां विकेट लिया था। एंडरसन यह उपलब्धि पाने वाले पहले और कुल तीसरे गेंदबाज बने। उन्होंने 187वें टेस्ट मैच में यह उपलब्धि पाई।

एंडरसन ने कहा कि कुलदीप ने मेरी एक गेंद थर्ड मैन पर खेल कर एक रन लिया। जब वह नॉन स्ट्राइकर छोर पर पहुंचा तो तब मैं रनअप पर जा रहा था। तब उसने कहा, 'मैं आपका 700वां विकेट बनने जा रहा हूं। उसके कहने का मतलब यह नहीं था कि वह आउट होने की कोशिश कर रहा है। वह सिर्फ यह बता रहा था कि उसे ऐसा एहसास हो रहा है। उसकी बात पर हम दोनों हंस पड़े थे। एंडरसन ने कहा कि अगर इंग्लैंड यह श्रृंखला जीती होती तो उनकी खुशी दोगुना होती। उन्होंने कहा कि मैंने जश्न नहीं मनाया। जश्न मनाने के लिए कुछ था भी नहीं। एक दर्शनीय मैदान पर उपलब्धि हासिल करना अच्छा पल था लेकिन अगर हमने जीत हासिल की होती तो मैं अधिक उत्साहित होता। मैं रिकॉर्ड के लिए क्रिकेट नहीं खेलता, मैं अपनी टीम को मैच जिताने के लिए क्रिकेट खेलता हूं।







# बॉलीवुड हलचल

## सलमान को पसंद आयुष की फिल्म रुसलान



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सलमान खान को अपने बहनोई आयुष शर्मा की फिल्म 'रूसलान' का टीजर पसंद आया है। आयुष 2018 में लवयात्री और 2021 में सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल ट्रुथ में थे। आयुष अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आएंगे। सलमान खान ने इसका टीजर इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। साथ ही आयुष शर्मा समेत बाकी टीम को बधाई दी है। सलमान खान के पोस्ट के बाद आयुष शर्मा ने इस पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट में कहा, आपका बहुत–बहुत शुक्रिया भाई। निर्देशक करण एल बुटानी ने भी सलमान को धन्यवाद दिया। करण ने कमेंट लिखा, आपके सपोर्ट और प्यार के लिए धन्यवाद सर। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला



**मुंबई, एजेंसी।** अंकुश राजा का होली स्पेशल भक्ति गीत होली खेले रामलला रिलीज हो गया है। गीत के माध्यम से अंकुश राजा ने अवध की होली का बखान किया है और बताया है कि कैसे रामलला भी अवध में होली खेला करते थे। अंकुश राजा का यह होली गीत उनके अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल अंकुश राजा भक्ति पर रिलीज हुआ है। होली खेले रामलला में अंकुश राजा ने भगवान राम की रघुराई और अवध की होली को अपने गीत में प्रयोग कर पेश किया है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि होली में अलग–अलग तरह के गीत–संगीत का दौर चलता रहता है, लेकिन हमने इस बार रामलला के आगमन की खुशी में यह गीत बनाया है और हम उनके चरणों में समर्पित भी करते हैं। होली खेले रामलला के गीतकार छोटू रावत और संगीतकार रजनी रंगीला हैं। वीडियो आशीष सत्यार्थी का है। डीओपी संतोष यादव हैं।

## विवान ने परिजनों का जताया आभार

### जिन्होंने उन्हें भारतीय साहित्य की गहराई को समझाया



नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक शाह ने 'मोटली प्रोडक्शंस' नामक थियेटर ग्रुप में अथाह श्रम और समय निवेश किया है और उन्हीं के कारण रंगमंच में अनुशासन की अहमियत को विवान शाह अच्छी तरह समझते हैं। उन्हें साहित्य से बेहद लगाव है और वे कहते हैं, "मेरे माता–पिता ने इस्मत चुग़ताई और मंटो की कहानियों का मंचन किया है और उनकी वजह से मैं भारतीय साहित्य की समृद्धता से परिचित हूं। प्रेमचंद मेरे पसंदीदा लेखक है और 'गुल्ली डंडा' उनकी सबसे मर्मस्पर्शी कहानियों में से एक है। 'कोई बात चले' जैसी श्रृंखला का हिस्सा होना और सीमा पाहवा के निर्देशन में काम करना भी मेरे लिए बेहद खुशी, सम्मान और आदर की बात थी। कहानी के कई किरदारों को बिना एक बड़े सेट के और बेहद नपी तुली आवाज़ के ज़रिए निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विवान को 'गुल्ली डंडा' के सूक्ष्मार्थ को उजागर करने में खासा आनंद मिला। उनका कहना है, प्रेमचंद उन बातों का बहुत सूक्ष्मता से वर्णन करते हैं जिन्हें हम अक्सर अनदेखा करते हैं। सीमा जी ने इस कहानी के कई आयामों को उजागर करने में मेरी मदद की और भाषा की विविधताओं के साथ न्याय करने में भी वो मेरी सहायक बनीं। विवान को कलाकार के रूप में यह अनुभव बहुत समृद्ध कर गया और वो कहते हैं, एक कहानी के मूल भाव को उजागर कर पाना आपके अभिनय कौशल में सुधार करता है और इस कहानी की सार्थकता को संवादित करना मेरे लिए बहुत ख़ास था। कहानी केवल दोस्ती के बारे में नहीं है बल्कि यह दिखाती है कि सामाजिक और आर्थिक अंतर किस प्रकार रिश्तों को प्रभावित करते हैं। उन्हें आशा है कि प्रेमचंद जो कहना चाहते थे, दर्शक उसे समझेंगे। वह कहते हैं, यह कहानी दिखाती है कि मानवता और सहानुभूति हमारे सर्वोपरि गुण होने चाहिए. पैसा या सामाजिक स्तर ही सब कुछ नहीं है। यह कहानी यह भी दिखाती है कि भारतीय साहित्य कितना समृद्ध और विविध है, और अगर अधिक लोग 'कोई बात चले' के माध्यम से इसे पढ़ें और खोजें तो बहुत अच्छा होगा।

### बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी में जलवा बिखेरेंगी मानुषी और अलाया

**मुंबई, एजेंसी।** अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। इसका गाना वल्लाह हबीबी रिलीज हो गया है। यह गाना अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया फर्नीचर वाला पर फिल्माया गया है। गाना विशाल ददलानी, विशाल मिश्रा और दीपाक्षी ने गाया है। म्यूजिक कंपोजर विशाल मिश्रा हैं। लिरिक्स इरशाद कामिल ने लिखे हैं, कोरियोग्राफर बॉस्को सीजर हैं। फिल्म वासु और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज और अलाया एफ हैं।



### मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में अनूप जलोटा और उर्फी जावेद

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'मैडनेस मचाएंगे– इंडिया को हंसाएंगे' में भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ इंटरनेट सनसनी और फैशन प्रभावकार उर्फी जावेद शिरकत करेंगे। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के 'मैडनेस मचाएंगे–इंडिया को हंसाएंगे' में अनूप जलोटा के साथ उर्फी जावेद का स्वागत किया जाएगा, जहां कॉमेडी–मीट–फैशन–मीट–म्यूजिक होगा। अपने 'एनिमल स्पूफ' के साथ मंच का संचालन करते हुए, कॉमेडियन केतन सिंह, कुशल बद्रीके और गौरव दुबे फिल्म के किरदारों और संवादों को सबसे मजेदार ढंग से पेश करेंगे। साथ ही सभी कॉमेडियन अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ सभी को खूब हसाएंगे। केतन सिंह ने कहा, एनिमल स्पूफ के पहले भाग को पहले एपिसोड में खूब सराहा गया था और हमें विश्वास है कि भाग 2 एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लेगा और आपको जमकर हंसाएगा। जहां हमें किरदारों को चित्रित करने में बहुत मजा आया, हास्य का समावेश करते हुए फिल्म के सार को बनाए रखना काफी मांग वाला था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

